3 राजधानी
मंडलायुक्त ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

6 प्रादेशिकी
आग पर 38 घंटे बाद पाया गया काबू

11 राष्ट्रीय
भारत ने 2022-23 में सर्वाधिक रक्षा निर्यात किया

12 स्पोर्ट्स
लखनऊ ने दिल्ली को 50 रनों से हराया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 161
लखनऊ, रविवार, 2 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी मिली
विदेश-10

# हर भारतीय मेरा सुरक्षा कवचः मोदी

● प्रधानमंत्री का विपक्षी दलों पर हमला- कुछ लोगों ने मुझे मारने के लिए भांति-भांति के लोगों को दे रखी है सुपारी

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल



भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी कमलापति स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन, नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन में पीएम ने 300 से अधिक स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के बीच छह दिन रविवार से शुक्रवार तक (शनिवार छोड़कर) चलेगी। ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 5:40 पर चलेगी और दोपहर में 1:10 पर हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। डेढ़ घंटे बाद यह हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 2:40 पर वापस रानी कमलापति स्टेशन के लिए रवाना होगी और रात 10:10 पर पहुंचेगी। यात्री तीन अप्रैल से इस ट्रेन में सफर कर सकेंगे।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें मारने के लिए भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है, लेकिन भारत के गरीब, मध्यम वर्ग, आदिवासी, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समेत हर भारतीय आज मोदी का सुरक्षा कवच बना हुआ है।

विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में इन लोगों ने मोदी की छवि धूमिल करने का संकल्प लिया और अब इन लोगों ने संकल्प ले लिया है कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। मोदी ने यहां रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (नई दिल्ली) के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को यहां हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने मध्य प्रदेश सहित देश में उनके शासनकाल में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि देश एवं मध्य प्रदेश में हो रहे विकास प्रयासों के बीच आप सभी देशवासियों का ध्यान वह एक और बात की ओर खींचना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि हमारे देश में कुछ लोग हैं जो 2014 के बाद से ही यह ठान कर बैठे हैं और उन्होंने सार्वजनिक रूप से बोला भी है। उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है। उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है कि हम मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है और खुद भी मोर्चा संभाले हुए हैं।

इन लोगों का साथ देने के लिए कुछ लोग देश के भीतर हैं और कुछ देश के बाहर भी बैठकर अपना काम कर रहे हैं। इन साजिशों के बीच हर देशवासी को राष्ट्र निर्माण एवं विकास पर ध्यान देना है। हमें विकसित भारत में मध्यप्रदेश की भूमि के गौरव को और बढ़ाना है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि आज एक अप्रैल के इस कार्यक्रम पर हमारे कांग्रेस के मित्र यह बयान जरूर देंगे कि ये मोदी तो अप्रैल फूल बना रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ही परिवार को देश का प्रथम परिवार मानती रही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत अब नई सोच और नए दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। पहले की सरकारें तुष्टीकरण में ही इतना व्यस्त रहीं कि देशवासियों के संतुष्टीकरण पर उनका ध्यान नहीं गया। वे वोटों के तुष्टीकरण में जुटे हुए थे और हम देशवासियों के संतुष्टीकरण में समर्पित हैं। मोदी ने गुरुवार को इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी को हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने पिछली सरकारों पर प्रहार करते हुए कहा कि आजादी के बाद उन्हें बना-बनाया रेलवे नेटवर्क मिला था, अगर तब की सरकारें चाहतीं तो बहुत तेजी से रेलवे को आधुनिक बना सकती थीं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए, रेलवे के विकास को ही बलि चढ़ा दिया गया।

उनका हाल तो यह था कि आजादी के दशकों बाद भी हमारे नॉर्थ-ईस्ट के राज्य रेलवे से नहीं जुड़े थे। बीते नौ वर्षों में हमारा यह निरंतर प्रयास रहा है कि भारतीय रेल दुनिया का श्रेष्ठ रेल नेटवर्क कैसे बने। मोदी ने कहा कि आज रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है, 6,000 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा दी जा रही है। उनका कहना था कि देश के 900 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहले सांसद चिट्ठी लिखते थे कि ट्रेन इस स्टेशन पर रुकने की व्यवस्था हो, यहां रोकी जाए, वहां रोकी जाए। आज मुझे गर्व है कि सांसद चिट्ठी लिखते हैं और मांग करते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत ट्रेन जल्दी से जल्दी चालू हो।

# एक भी बच्चा स्कूल जाने से न हो वंचित और न संचारी रोग की चपेट में आएः मुख्यमंत्री

● योगी ने स्कूल चलो अभियान-2023 व संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्ययमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए और कोई भी बच्चा किसी भी संचारी रोग की चपेट में न आए। ये जिम्मेदारी हम सबकी है। बच्चों को स्कूल लाना है, उसके अभिभावक को तैयार करना है जिससे हम प्रदेश के अंदर साक्षरता को शत प्रतिशत कर सकें। शत प्रतिशत साक्षरता प्रदेश के लिए एक बड़ी पूंजी होगी। आने वाले समय में इस अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को स्कूल चलो अभियान-2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। साथ ही, निपुण असेसमेंट में उत्तीर्ण छात्रों को रिपोर्ट कार्ड भी प्रदान किया। स्कूल रेडीनेस और शिक्षक संदर्शिका का भी विमोचन किया। इसके अलावा मिशन शक्ति के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि प्राचीन काल से ही उत्तर प्रदेश शिक्षा का और स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु रहा है लेकिन समय के अनुरूप खुद को तैयार न करने के कारण एक समय उत्तर प्रदेश की पहचान अराजकता, गुंडागर्दी, दंगे, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के लिए होने लगी थी। पिछले 6 वर्षों के अंदर प्रदेश सरकार ने जो कदम उठाए आज उसके परिणाम हर क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं। स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ हमने पहली जुलाई 2017 में कुकरैल में किया था। यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। मुझे प्रसन्नता है कि बच्चों के नामांकन की जो संख्या जुलाई 2017 में एक करोड़ 34 लाख थी, वो आज बढ़कर 1.92 करोड़ पहुंच गई है। पहले ड्रॉप आउट रेट का कारण क्या था। विद्यालय के भवन जर्जर थे, फ र्श अच्छा नहीं था, विद्यालय भवन के ऊपर बड़े-बड़े पेड़ जमे हुए थे, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट नहीं थे, पेयजल की सुविधा नहीं थी। आधे से अधिक बालिकाएं नंगे पैर स्कूल आती थी, बालकों में भी यह संख्या 40 फीसदी के आसपास थी। यूनिफ ॉर्म अच्छी क्वालिटी की नहीं थी। जो यूनिफ ॉर्म मिलती थी वो भी सत्र समाप्त होने के बाद। उस समय मैंने महसूस किया कि जिन बच्चों के प्रति हम लोग इतने लापरवाह हैं, वो केवल एक मासूम बच्चा नहीं है, हम अपने भविष्य के प्रति लापरवाह हैं। इसीलिए हमारी सरकार ने तय किया कि हर बच्चे को दो यूनिफॉर्म मिलेंगे, बैग, बुक्स, जूते-मोजे देंगे।

# भारत ने अब तक का सर्वाधिक रक्षा निर्यात किया

● रक्षामंत्री के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो अब तक सर्वाधिक है। उन्होंने इस वृद्धि को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में देश का रक्षा निर्यात 12,814 करोड़ रुपए था।

सिंह ने ट्विटर पर कहा, भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में हमारा रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक, भारत ने 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपए, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपए और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपए के सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया था। 2017-18 में देश का कुल रक्षा निर्यात 4,682 करोड़ रुपए और 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार ने 2024-25 तक 1,75,000 करोड़ रुपए के रक्षा हार्डवेयर के उत्पादन के साथ ही रक्षा निर्यात को 35,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## पीएम ने सुरक्षा बलों की तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में सेना, नौसेना और वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के एक प्रमुख सम्मेलन में भारत के समक्ष सुरक्षा चुनौतियों और उनसे निपटने के लिए सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सेना के तीनों अंगों से नए और उभरते खतरों से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा निर्यात का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचना यह दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधार अच्छे परिणाम दे रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि केंद्र सरकार भारत को रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगी। मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्वीट पर यह प्रतिक्रिया दी।

# जॉर्जिया असेम्बली ने हिंदूफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

● इस तरह का कानूनी उपाय करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बना, प्रस्ताव में कहा गया यह धर्म स्वीकार्यता, सम्मान व शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की जॉर्जिया असेम्बली ने हिंदूफोबिया (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है। हिंदूफोबिया और हिंदू विरोधी कट्टरता की निंदा करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। प्रस्ताव में कहा गया कि यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान एवं शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं एवं आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। इस प्रस्ताव को अटलांटा की फोरसाइथ काउंटी से जनप्रतिनिधि लॉरेन मैक्डोनल्ड और टॉड जोन्स ने पेश किया था।

अटलांटा में बड़ी संख्या में हिंदू और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिकी-हिंदू समुदाय का चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, वित्त, शिक्षा, विनिर्माण, ऊर्जा और खुदरा व्यापार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रमुख योगदान रहा है। इसमें कहा गया है कि योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला के क्षेत्र में समुदाय के योगदान ने सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध किया है और इसे अमेरिकी समाज में व्यापक रूप से अपनाया गया है तथा इसने लाखों लोगों के जीवन को सुधारा है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बीते कुछ साल में देश के कई हिस्सों में हिंदू-अमेरिकियों के खिलाफ नफरती अपराध के कई मामले दर्ज हुए हैं।

# गड़बड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाईः नीतीश

**पीएनएस/एजेंसी।** पटना/हावड़ा



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा कि सासाराम और बिहारशरीफ शहरों में रामनवमी उत्सव के दौरान सांप्रदायिक तनाव कुछ लोगों द्वारा शरारत में शामिल होने के कारण हुआ। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज कर दिया कि यह राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के खराब होने का संकेत देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड़बड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बिहार दौरे पर सासाराम जाने की योजना रद्द कर दी है। सासाराम और बिहार शरीफ मे हिंसा के सिलसिले में अब तक 45 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दोनों जगहों पर सामान्य स्थिति बहाल कर दी गई है लेकिन भारी संख्या में बलों की तैनाती भी बरकरार रखी गई है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के काजीपाडा इलाके में राम नवमी पर शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद शनिवार को स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में रही। बहरहाल, इलाके में अभी भी निषेधाज्ञा लागू है और इंटरनेट सेवा निलंबित है। एक अधिकारी ने बताया कि भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच सुबह से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई और दुकानें तथा बाजार भी खुले।

अधिकारी ने बताया कि राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने झड़पों की शुरू कर दी है। बिहार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शाह शनिवार शाम को पटना पहुंचेंगे और तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को नवादा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। हालांकि, उन्हें सासाराम में सम्राट अशोक के जयंती समारोह में शामिल होने की अपनी योजना को रद्द करना पड़ा है। चौधरी ने आरोप लगाया, यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में नहीं है।

यहां तक कि नीतीश के गृह जिले नालंदा में आने वाले बिहार शरीफ में भी कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है। राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की स्थिति है। उन्होंने कहा, सासाराम में धारा-144 लागू करना एक स्पष्ट संकेत है कि वहां कोई बड़ी सभा नहीं हो सकती है। इसलिए, माननीय गृह मंत्री ने सम्राट अशोक के जयंती समारोह के लिए शहर की अपनी यात्रा रद्द कर दी है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,991 | |
| निफ्टी | 17,359 | |
| सोना | 59,680 | /10g |
| चांदी | 71,300 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुरेश रैना के रिश्तेदारों की हत्या में वांछित अपराधी मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र मे पुलिस ने क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदारो के तिहरे हत्याकांड मे वांछित कुख्यात अपराधी राशिद को मुठभेड़ मे मार गिराया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने यहां पत्रकारो को बताया कि कुख्यात अपराधी राशिद उर्फ सिपहिया शनिवार को मुठभेड़ मे मारा गया जिसके ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम था। उन्होने बताया कि पुलिस ने बाइक पर सवार दो बदमाशो को रोका तो उन्होंने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। उनके अनुसार पुलिस की जवाबी फायरिंग मे कुख्यात अपराधी राशिद मारा गया, जबकि उसका साथी फरार होने मे सफल रहा। एसएसपी ने बताया कि इस मुठभेड़ के दौरान शाहपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक बबलू सिंह को भी गोली लगी और उन्हे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

# पांच आईएएस के तबादले दुर्गा शक्ति नागपाल बनीं जिलाधिकारी बांदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शासन** ने चर्चित अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल सहित पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। बांदा खनन को लेकर कुख्यात है। ऐसे में दुर्गा शक्ति नागपाल का बांदा में डीएम बनना सरकार का एक सख्त फैसला माना जा रहा है। वह अभी तक विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर तैनात थीं। दुर्गा शक्ति नागपाल के अलावा जिन चार अन्य आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है उनमें विशेष्ज्ञ सचिव खाद्य एवं रसद विभाग दिव्य प्रकाश गिरी स्टाफ अफसर मुख्य सचिव बनाए गए हैं। विशेष्ज्ञ सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा में तैनात संयुक्ता समद्दर आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र बनाई गई हैं। विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा कृष्ण कुमार का तबादला पूर्व में सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद के पद पर किया गया तबादला निरस्त करते हुए यथावत रखा गया है। विशेष सचिव सांस्कृतिक विभाग आनंद कुमार को सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद, प्रयागराज के पद पर भेजा गया है।

# अप्रैल से जून तक पड़ेगी भीषण गर्मी

## देश के अधिकांश हिस्सों को करना पड़ सकता है हीट वेव का सामनाः मौसम विभाग

● वर्ष 1901 के बाद से अब तक सबसे ज्यादा गर्मी रही 2023 की फरवरी मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा, ओलों से कई जगह तबाह हो गईं फसलें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मार्च** में बेमौसम बारिश से फसलों की तबाही के बाद अगले तीन महीने भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून से पहले अप्रैल से जून तक की अवधि में उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों एवं प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी भारत में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्र भी आते हैं। मौसम विभाग के अनुसार 2023 में गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में प्रचंड गर्मी (हीटवेव) पड़ने की आशंका है। हीटवेव की घोषणा तब की जाती है जब किसी क्षेत्र का अधिकतम तापमान मैदानों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय इलाकों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पर्वतीय क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। आईएमडी के अनुसार, भारत में 1901 के बाद से 2023 में फरवरी में सबसे ज्यादा गर्मी रही। हालांकि, सात पश्चिमी विक्षोभ के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण मार्च में तापमान में गिरावट रही। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिमी भारत तथा प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि भारत में अप्रैल में सामान्य बारिश की संभावना है। वर्ष 1971 से 2020 तक एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में देश में औसतन 39.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

# सिद्धू पटियाला जेल से रिहा, केंद्र व पंजाब सरकार पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** पटियाला



**रोड** रेज में हत्या के मामले में कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को पटियाला केंद्रीय कारागार से रिहा हो गए। जेल से बाहर आते ही सिद्धू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा हुआ है और संस्थान गुलाम हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। सिद्धू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अखबारी मुख्यमंत्री कहा और कानून-व्यवस्था तथा ऋण के मुद्दे पर उनकी सरकार की आलोचना की। वर्ष 1988 के रोड रेज मौत के मामले में करीब 10 महीने जेल में बिताने वाले सिद्धू शनिवार को रिहा हो गए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू को 65 वर्षीय गुरनाम सिंह की मौत के मामले में मई 2022 में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। सिद्धू के वकील ने कहा था कि जेल में उनके अच्छे आचरण के कारण उन्हें समय से पहले रिहा किया जा रहा है। सिद्धू ने सुबह से जेल के बाहर प्रतीक्षा कर रहे पत्रकारों से कहा कि देश में जब भी तानाशाही आई तब एक क्रांति आई और आज मैं कहता हूं कि क्रांति का नाम राहुल गांधी है। उन्होंने कहा कि बहस और असहमति इस लोकतंत्र का सार है, लेकिन विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस दमन के खिलाफ लड़ रही है।


## साहब और ऊंट

एक चिकित्सा संस्थान के पूर्व कुलपति के सामने आया ऊंट पहाड़ के नीचे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। साहब जब तक गद्दीनशीं थे तब तक उन्होंने कायदे कानून को ताक पर रखकर काम किया। साहब की इच्छाएं प्रबल थी। उनको वो हर चीज चाहिए थी जो उनके मतलब की हो। पीजीआई का ट्रामा सेंटर हो या कैंसर संस्थान हो, सरकारी नजदीकियों के चलते साहब ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया और अपनी मर्जी से चलाया भी। जैसे ही साहब गद्दी से उतरे उनकी एक एक पोल लीक होने लगी। जिसका नतीजा रहा कि साहब के ऊपर जांच बैठ गई और वो अपराधी घोषित हो गए। यहां से जहां साहब गए वहां भी बंदरबांट किया। वहां भी जांच बैठी लेकिन इस बीच जांच सरकारी तोते सीबीआई के पास चली गई। लिहाजा साहब की कुंडली से सम्बंधित सारे दस्तावेज सरकारी तोते ने अपने पास रख लिए हैं। ऐसे में साहब जल्द ही वहां भी अपराधी घोषित होने वाले हैं। अब तक तो साहब अपने आपको किसी ऊंट से कम नही समझ रहे थे पर जैसे ही पहाड़ के नीचे आये हैं उन्हें अपनी ऊंचाई का अंदाजा लग गया है।




## घास की महिमा

गाय भूखी किसान भी भूखा लेकिन घास चाहिए साहब की मैडम को। खाने के लिए नहीं बल्कि गार्डन को सजाने के लिए। हाल ही में प्रदेश भर में मनाये गये रंगारंग पर्व पर दूध मलाई वाले विभाग के साहब की मैडम का फरमान जारी हुआ। रंग वाले पर्व के अवसर पर गार्डन में घास लग जानी चाहिए किसी भी स्थिति में वरना अच्छा नहीं होगा। फिर क्या था। विभाग में हड़कंप मच गया। वो तो मचना ही था क्योंकि विभाग के कर्मचारी तो महीनों से भूखे थे। वेतन न मिलने के चलते उनकी दीपावली व होली सब फीकी चल रही थी। विभाग इतना घाटे में था कि उसके पास किसानों के लिए दूध के भुगतान का पैसा भी नही था। किसान युद्ध के लिए मोर्चा खोले हुए थे। ऐसी परिस्थिति में साहब की मैडम का गार्डेन में घास लगाने का फरमान जले पर नमक छिड़कने के समान था। मैडम के फरमान के आगे सभी अधिकारी व कर्मचारी बेबस थे क्योंकि आगे कुआं तो पीछे खाई थी। मरता क्या न करता। मजबूर हो कर भूखे प्यासे कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपने खर्च से प्रबंध करने वाले साहब की मैडम का फरमान स्वीकार करते हुए गार्डेन में घास लगवाई और अपनी जान बचाई।




## ख्वाब में मेयर की कुर्सी

कोर्ट के आदेश पर नयी आरक्षण सूची आते ही वार्डों में पार्षद और मेयर प्रत्याशियों की जनसंपर्क करने की होड़ सी लग गयी है। क्षेत्र में कई प्रत्याशियों की पत्नियां निकल कर बाहर जनसंपर्क कर रही हैं। इनमें ही बीजेपी के एक ऐसे नेता महापौर बनने के सपने संजोए हैं जो बीते कई वर्षों से क्षेत्र में सफाई और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में जुटे हैं। लेकिन जैसे ही महापौर लखनऊ की सीट महिला आरक्षित होने की जानकारी मिली उन पर दुखों का पहाड़ टूट सा पड़ा। एक ही पल में सारे सपने टूट गए। बेचारे करते भी क्या... अब कुछ शुभचिंतकों की सलाह पर अपनी पत्नी को मैदान में खड़े करने की तैयारी में जुटे हैं। एक कैबिनेट मंत्री के कृपापात्र होने के चलते टिकट भी मिलने की प्रबल संभावना लग रही है। कई लोगों की सलाह पर अपनी पत्नी के सहारे महापौर बनने का ख्वाब अभी भी पाले हुए हैं। नगर निगम में अपनी समिति के सहारे पकड़ बनाकर कई समाजसेवियों की फौज और कार्यकर्ताओं को लेकर मेयरद्म बनने के दिवासप्न को पूरा करने में जुट गए हैं।



## तकदीर की मार

कहते हैं कि सारा खेल तकदीर का होता है। तभी तो खाकी महकमे के एक बड़े साहब की तकदीर ने जब तक उनका साथ दिया वह सत्ताशीर्ष पर बैठे हुक्मरानों की आंख का तारा बने रहे। अचानक उनकी तकदीर उनसे रूठी और वह उन्हीं लोगों की आंख की किरकिरी बन गए। कहां उम्मीद लगाए बैठे थे कि खाकी महकमे के मुखिया का ताज उनके सिर सजेगा और कहां एक ही झटके में साइड लाइन कर दिए गए। खाकी महकमे से इतर कानून का पालन कराने वाला एक दूसरा महकमा जब शासन के लिए फजीहत का सबब बना हुआ था तो ऐसे समय में बड़े साहब को उसका जिम्मा सौंपा गया। देखते ही देखते उन्होंने इस महकमे पर ऐसी नकेल कसी कि चारों ओर उनकी प्रशासनिक क्षमता की तारीफ होने लगी। उनका नाम भगवा सरकार के विश्वासपात्र अधिकारियों की लिस्ट में शामिल हो गया लेकिन यह तकदीर का ही खेल है कि उसी महकमे ने उनकी लुटिया भी डुबो दी। चार साल से लगातार जिस महकमे में शानो-शौकत के साथ अपना झंडा बुंलद किए हुए थे उसमें एक बाहुबली माफिया की काली छाया पड़ गई। उसके इशारे पर हुई एक घटना ने उनके महकमे की प्रतिष्ठा तार-तार कर डाली। बड़े साहब अपने कैडर में काफी सीनियर हैं और खाकी महकमे की खाली हो रही मुखिया की कुर्सी पर उनकी निगाह थी। ऐसा माना भी जा रहा था कि वह इसे हथियाने में सफल रहेंगे मगर हुआ उल्टा। इस घटना ने उनके सपने को चकनाचूर कर दिया और शासन ने बड़े साहब को एक महत्वहीन प्रकोष्ठ में भेज दिया है।

# दो वर्ष में हर मरीज को करना है टीबी की बीमारी से मुक्तः योगी

- सीएम ने कहा, गांव में हर शिक्षक एक टीबी मरीज का जिम्मा ले सरकार करेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएम** योगी ने कहा कि 2 वर्ष में हमें हर मरीज को टीबी से मुक्त करना है। इसके लिए बड़े कार्यक्रम चल रहे हैं। हो सके तो हर शिक्षक ग्राम समाज में एक टीबी मरीज की जिम्मेदारी ले, सरकार उन्हें सहायता देगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को स्कूल चलो अभियान-2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए कुछ दवा के पैकेट आते हैं। वो दवा मरीजों को उपलब्ध कराने में मदद करें। रोगियों को मास्क लगाने के लिए, दवा लेने के लिए जागरूक करें। एक शिक्षक एक भी टीबी मरीज को बीमारी से मुक्त कराएगा तो बहुत बड़ा काम होगा। हमारे पास 6 लाख शिक्षक हैं, अगर वो इसे अभियान का हिस्सा बना लें तो देश के अंदर यह मॉडल बन जाएगा। इस बड़े अभियान को हमें अपने हाथ में लेना चाहिए। व्यापक जागरूकता ही इन बीमारियों से मुक्ति का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और पूर्व छात्रों ने मिलकर एक.एक विद्यालय को गोद लिया। कुल 1.56 लाख विद्यालयों में 1.36 लाख विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में हम बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्मार्ट क्लास और अन्य सुविधाओं से आच्छादित कर चुके हैं। शेष 20 हजार विद्यालय बचे हैं जिन्हें इस सत्र में इन कार्यक्रमों से जोड़ने का काम हो रहा है। अब एनसीआरटी का पाठ्यक्रम बेसिक शिक्षा परिषद अपना रहा है। मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। निपुण भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय, प्रत्येक ब्लॉक, प्रत्येक जनपद को निपुण घोषित करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रारंभ हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में हम क्वालिटी देने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में हमने 1.60 लाख शिक्षकों की नियुक्ति की है।

सीएम ने शिक्षकों को उनके दायित्व का भी बोध कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान की शुरुआत के साथ ही हमारा दायित्व बनता है कि हर शिक्षक, हर प्रधानाध्यापक जिस वार्ड या ग्राम पंचायत में स्कूल है वहां के सभी मानिंदों के साथ बैठक करे, उनका सहयोग भी ले। अभिभावकों के साथ बैठक करें। अच्छा होगा कि घर-घर जाकर एक-एक घर की स्क्रीनिंग करें। ग्राम पंचायत की स्टडी करें। किस-किस सामाजिक, आर्थिक स्थिति में निवास करने वाले लोग हैं। उनका एक डाटाबेस तैयार करें। विद्यालय के पास अपनी ग्राम पंचायत का रिपोर्ट कार्ड होना चाहिए। हो सके तो बेसिक शिक्षा परिषद इसका एक पोर्टल तैयार करे और प्रत्येक विद्यालय से ये डाटाबेस ले। यह एक शिक्षक के लिए भी यह स्थानीय स्तर पर एक केस स्टडी होगी। इससे आप तय करेंगे कितने बच्चे स्कूल जा रहे हैं और कितने वंचित हैं। जो स्कूल जाने से वंचित हैं वो किन कारणों से वंचित है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसी समय आधार ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। सभी जिलाधिकारी सुनिश्चित करें कि एक नोडल अधिकारी तैयार करें जो बीएसए के साथ मिलकर हर विकास खंड और हर ग्राम पंचायत में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं।

## संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है सरकार

- सीएम योगी ने की असमय बरसात व ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के 9 जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हो, उसका आंकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मौसम पूर्वानुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीवी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूर्वानुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी भी प्रदेशवासी की दुखद मृत्यु होती है, मानव-वन्य जीव संघर्ष से कोई घायल होता है तो बिना विलंब किए तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क किया जाए। राहत आयुक्त स्तर से आपदा राहत कोष में पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

# व्यापारियों को परेशान कर रही भाजपा सरकारः अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने कहा, जाति-धर्म देखकर मारे जाते हैं छापे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार व्यापारियों को परेशान कर रही है। व्यापारियों पर जाति-धर्म देखकर छापे मारे जाते हैं। सरकार के जिस विभाग को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए वहीं परेशान कर रहा है। व्यापारी पहले से ही जीएसटी और नोटबंदी से परेशानी में है। ऊपर से ये सरकार छापे मार कर व्यापारियों को प्रताड़ित कर रही है।

शनिवार को कानपुर दौरे के दौरान अखिलेश यादव ने कानपुर अग्निकाण्ड की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए। उनके साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी रहे। अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि जातीय जनगणना होने से ही सभी जातियों को सामाजिक न्याय मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना हो और सभी जातियों में उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण मिले। भाजपा ओबीसी की दुश्मन है। जो रामराज्य की बात कर रहे हैं वह जातीय जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते हैं यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। हर चीज के दाम बढ़ गए हैं। जनता परेशान है। बिजली के गलत बिल आ रहे हैं। भाजपा सरकार ने शहरों में न सफाई का कोई इंतजाम किया और न ही कूड़े के निस्तारण की समुचित व्यवस्था की है। केन्द्र और प्रदेश सरकार से जो सफाई के लिए बजट आया उसका भाजपा के लोगों ने क्या किया, शहरों में हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और बिजली का बिल महंगा देना पड़ रहा है। तालाबों पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा रहे हैं। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी पर झूठे आंकड़े देती है। झूठ बोलती है। भाजपा महंगाई बेरोजगारी पर बात नहीं करना चाहती है। पिछले इन्वेस्टर समिट में सरकार ने जो दावा किया था वह जमीन पर नहीं उतरा। किसी को रोजगार नहीं मिला। अपना झूठ छिपाने के लिए भाजपा सरकार 200 करोड़ में एक अमेरिकी एजेंसी की मदद ले रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता दुखी है। लोकसभा में बड़ा परिवर्तन दिखाई देगा। भाजपा उत्तर प्रदेश में हारकर जाएगी। प्रदेश में भाजपा सरकार अन्याय कर रही है। बुलडोजर से कानपुर देहात में मां-बेटी की जान चली गई। कानपुर में ही पुलिस ने बलवंत सिंह की हत्या कर दी। इस परिवार को न्याय नहीं मिला है। स्थाई डीजीपी न होने की वजह से यूपी में पुलिस खुलेआम कर रही भ्रष्टाचार कानपुर देहात में एक कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता स्वर्गीय सुखदेव पाल (मुन्ना पाल) की प्रतिमा के अनावरण के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थाई डीजीपी नहीं है, इसीलिए पुलिस खुलेआम अन्याय और भ्रष्टाचार कर रही है।

# धरना-प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों व पुलिस के बीच नोकझोंक

- संविधान को कुचलने का कुचक्र रच रही है मोदी-योगी सरकारः आलोक प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कांग्रेस मुख्यालय पर लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ अभियान के तहत संयुक्त रूप से अनुसूचित जाति विभाग, पिछ्ड़ा वर्ग विभाग तथा अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस द्वारा हजरतगंज स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन आलोक प्रसाद, पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव, तथा अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज आलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय से प्रदर्शन करते हुए हजरतगंज बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल की ओर कूच किया तो उन्हें बीच रास्ते में ही बैरीकेड लगाकर योगी सरकार के पुलिस बल द्वारा बलपूर्वक रोका गया। जिस दौरान कार्यकर्ताओं तथा पुलिस बल के साथ नोक झोंक भी हुई, तद्पश्चात सभी कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गये और नेताओं द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया गया। अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद ने कहा कि आज केन्द्र की मोदी एवं राज्य की योगी सरकार द्वारा लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश एवं संविधान को कुचलने का कुचक्र रचा जा रहा है, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। आज हमारे नेता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को निडरता व तथ्य के साथ सच बोलने की तथा जनता की आवाज बुलंद करने के कारण ही भाजपा सरकार ने तानाशाही रवैये को अपनाकर उनकी संसद सदस्यता रद्द कराने का कार्य किया है। हम कांग्रेसजन इससे डर कर बैठने वाले नहीं हैं, हम इस भ्रष्ट सरकार के जनविरोधी मामलों को हमेशा उठाते आयें है और भविष्य में भी प्रमुखता के साथ उठाते रहेंगे। हमें बाबा साहब के संविधान पर पूर्ण विश्वास है अतः हम जनता के हितों को देखते हुए सवाल तो उठाते ही रहेंगे।पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार उद्योगपति अडानी को बचाने के लिए लोकतंत्र की धज्जियां उडा रही है। संसद से लेकर सड़क तक हर जगह दमन के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहती है। राहुल गांधी द्वारा संसद में पूछे गए प्रश्न कि मोदी जी और अडानी के बीच में क्या सम्बन्ध है इस पर भाजपा पूरी तरह से बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की छवि को धूमिल करने के लिए देश के बड़े पूंजीपतियों के इशारे पर नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी को पिछड़ा बताने का प्रयत्न किया जा रहा है जिसको इस देश की जनता भलि भांति पूर्वक समझ रही है जो पिछड़ों का सरासर अपमान है।

अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यकों का हर तरह से परेशान कर उनका राजनैतिक, सामजिक तथा आर्थिक शोषण कर रही है तथा भाजपा द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Mohammad Qamran था जो अब बदलकर Mohd. Kamran हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Mohd Kamran S/o- Mohammad Arif 278A/159A, Harwara Prayagraj.

### सूचना

मैने अपना नाम बदलकर आदर्श कुमार यादव रख लिया है जबकि पहले मेरा नाम आदर्श कुमार था। अब भविष्य में मुझे आदर्श कुमार यादव के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। आदर्श कुमार यादव पुत्र श्री राम चंदर यादव मकान नंबर 29 ग्राम समदा पोस्ट गोहिला जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश।

### सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र शिवकुमार को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। लीलाराम पुत्र चुन्नीलाल निवासी-ग्राम मनवा, मजरा-गढ़ी करौंदी, थाना-कमलापुर, तहसील-सिधौली, जनपद-सीतापुर

# अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 14 पीपीएस अफसरों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** का कार्यभार मिलते ही राजकुमार विश्वकर्मा ने पुलिस महकमे में फेरबदल प्रारंभ कर दिया है। बीते शुक्रवार को पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 30 अधिकारियों का स्थानांतरण करने के बाद शनिवार को उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 14 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए।

डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी किए गए आदेश के मुताबिक जिन अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए गए हैं उनमें प्रज्ञा मिश्रा को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया है। राहुल रूसिया को आजमगढ़ से अभिसूचना मुख्यालय, ज्ञानवती तिवारी को अभिसूचना वाराणसी से स्टाफ अफसर निदेशक सतर्कता, सत्यम को सतर्कता मुख्यालय से महोबा, मनोज कुमार को 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ से अभिसूचना वाराणसी, राकेश कुमार मिश्र को एसटीएफ लखनऊ से अपराध, बुलंदशहर भेजा गया है।

इसी तरह कमलेश बहादुर को बुलंदशहर से 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़, राहुल मिश्र को डीजीपी मुख्यालय से यातायात व प्रोटोकाल अयोध्या, अरुण कुमार दीक्षित को डीजीपी मुख्यालय से आजमगढ़, एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में स्टाफ अफसर के पद पर तैनात वीरेंद्र कुमार को गाजियाबाद कमिश्नरेट, राजेंद्र कुमार गौतम को महोबा से स्टाफ अफसर एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन भेजा गया है। वहीं श्याम देव का गोरखपुर से पीटीसी सीतापुर किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है।

# अपनी सभी विशेषताओं को समग्रता से हाइलाइट करें: आनंदीबेन

## राज्यपाल ने एसजीपीजीआई की नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में बतौर कुलाध्यक्ष संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ द्वारा नैक के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि एसजीपीजीआई प्रदेश का देश-विदेश स्तर पर विख्यात विशेष चिकित्सा संस्थान है। संस्थान अपनी संस्थागत सभी विशेषताओं को रिपोर्ट में समग्रता से हाइलाइट करे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत एवं अकादमिक स्तर पर अन्यतम उपलब्धियां संस्थान अर्जित कर चुका है। उन उपलब्धियों को सूचीबद्ध करके नैक के क्राइटेरियावाइज बिंदुवार प्रस्तुतिकरण से जोड़ा जाए। राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण का बिंदुवार अवलोकन करते हुए हर गतिविधि पर अलग-अलग और विविधता वाले फोटोग्राफलगाने और कैप्शन में विवरण अंकित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार की आवयकता है, संस्थान अपनी विशिष्ट चिकित्सा व्यवस्था के लिए विख्यात है। इसलिए डेटा को व्यवस्थित करें और प्रस्तुतिकरण में सुधार के लिए सूची बनाकर कार्य करें। राज्यपाल ने बैठक के दौरान कहा कि एसजीपीजीआई के चिकित्सकों द्वारा अपने चिकित्सा कार्यों से इतर अन्य कार्यों के सम्पादन में समयाभाव एक बड़ी बाधा है। तथापि संस्थान के बेहतर हित में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने इसी क्रम में नैक ग्रेडिंग की तैयारी के लिए गठित टीम में नए विद्यार्थियों को भी जोड़ने और उन्हें भी जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने प्रस्तुति में संस्थान की उपलब्धियों की चर्चा के दौरान भाषा-गठन के अभाव को भी लक्ष्य किया। समृद्ध भाषा गठन में प्रस्तुति तैयार करने का सुझाव देते हुए उन्होंने इसके लिए अन्य विश्वविद्यालयों के भाषा शिक्षकों से सहयोग पर विचार करने को कहा। क्राइटेरिया छह और सात के प्रस्तुतिकरण में पूर्ण बदलाव करने के निर्देश के साथ राज्यपाल ने क्राइटेरिया दो का पुनर्लेखन करने को कहा। उल्लेखनीय है कि संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्विज्ञान संस्थान पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ग्रेडिंग नैक के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी कर रहा है जबकि संस्थान को पूर्व से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में उल्लेखनीय स्थान हासिल हैं। बैठक में एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन के नेतृत्व में संस्थान की नैक के लिए गठित टीम के सदस्यों ने बिंदुवार प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई कर जमीनों को मुक्त कराएं

## सरोजनीनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर कमिश्नर ने सुनीं समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मण्डलायुक्त** की अध्यक्षता में सरोजनीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त रोशन जैकब द्वारा जनसमस्याओं को तेजी एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त द्वारा निर्देशित किया कि अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही की जाए और जमीनों को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस सरोजनीनगर में 107 शिकायती प्रकरण में से 1 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया।

शनिवार को मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में तहसील सरोजनीनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। मौके पर फ रियादियों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं का तेजी से निस्तारण, जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके तहसील और थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण तेज एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्णढंग से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाये तथा वास्तविक न्याय जनता को मिले। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। मंडलायुक्त ने कहा समाज का हर अन्तिम व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचे ऐसे मंशा के साथ कार्य करें अधिकारी। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद शिकायत निस्तारण रजिस्टर चेक किया, निस्तारित प्रकरणों की गहनता से जांच की और समाधान दिवस में आने वाले सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका की जांच की। उन्होने कहा कि अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही की जाए और जमीनों को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ मे जमीनों के पैमाइश ससमय से कराये।


## डीएम ने बीकेटी तहसील में की संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में बीकेटी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सरकारी भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए जन उपयोगी बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी अधिकारी विधिक प्रक्रियाओ का पालन करते हुए ससमय प्रकरणों का निस्तारण कराएंगे। पांचों तहसीलों में कुल 536 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें 84 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया। शनिवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये। डीएम ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

## फारेंसिक साइंसेज इंस्टीट्यूट को विश्वस्तरीय बनाना हमारी शीर्ष प्राथमिकता: डीजीपी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवनियुक्त** डीजीपी डॉ. आरके विश्वकर्मा ने शनिवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की प्रगति के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय के सभागार में गोष्ठी की गई।

यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी द्वारा अब तक हुए कार्यों तथा इंस्टीट्यूट की आगे की रूपरेखा के सम्बन्ध मे प्रस्तुतीकरण दिया गया। यह विश्व की अपनी तरह की ऐसी पहली फ रेंसिक साइंसेज संस्थान है जहां पूरी शिक्षा को तीन मुख्य भागों क्रमशः क्राइमसीन मैनेजमेन्ट, लैबोरेटरी एनालिसिस एवं कोट प्रोसीडिंग में विभाजित किया गया है। इस प्रकार यह पुलिस कार्य एवं न्यायिक प्रक्रिया के मध्य सेतु का कार्य करेगा। डीजीपी द्वारा इंस्टीट्यूट के प्रगति एवं कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा गया कि इस इंस्टीट्यूट को विश्वस्तरीय एडवांस्ड स्किल इंस्टीट्यूट बनान हमारी प्राथमिकता है। इंस्टीट्यूट के सभी कोर्स रोजगार परक ; म्उचसवलंइसमद्ध रखेजायेंगे ।इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशकए कानून.व्यवस्था श्री प्रशान्त कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

### मुख्यतः चलाए जाएंगे 6 कोर्स

इंस्टीट्यूट में मुख्यत: बीएससी-एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी साइबर सिक्योरिटी, पीजी डिप्लोमा इन फॉरेंसिक डाक्यूमेंट एग्जामिनेशन, पीजी डिप्लोमा इन क्राइमसीन मैनेजमेंट और पीजी डिप्लोमा इन डीएनए फ रेंसिक के कोर्स चलाए जाएंगे।

## साइबर जालसाजों ने चार लोगों के खाते से उड़ाए लाखों रुपए

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों पर शिकंजा कसने की लाख कोशिशों के बावजूद जालसाजी कम होने का नाम नहीं ले रही है। आये दिन यह जालसाज किसी न किसी के खाते से लाखों उड़ा रहे हैं। ताजा मामला लखनऊ के पीजीआई, चौक व चिनहट इलाके का है जहां पर साइबर जालसाजों ने चार लोगों के खातों से 3.65 लाख निकाल लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीजीआई के ओल्ड पीजी हॉस्टल में रहकर डीएम की पढ़ाई कर रहे डॉ स्मृतमियी पंडा से कोरियर कंपनी कर्मी बन जालसाज ने 1.11 लाख रुपये ठग लिए। कुछ सामान कोरियर करने के लिए उन्होंने नेट से नंबर सर्च कर निकाला था। वहीं डीसीआरबी में तैनात सिपाही हरिओम वर्मा के भांजे गगन से सिपाही का नाम लेकर जालसाजों ने 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके अलावा चौक के यहियागंज में करियर काउंसलर तान्या दीक्षित के पास 27 मार्च को अनजान नंबर से कॉल आई। फ ोन करने वाले ने खुद को बीएसएफ कर्मी राहुल कुमार बताया और बातों में फंसाकर उनके खाते से 77998 रुपये ठग लिए। चिनहट के धांवा गांव निवासी सुमन पांडेय के दो बैंक खातों से जालसाजों ने 1.26 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद केस साइबर सेल को ट्रांसफर कर दिया है।

## लोडिंग की पार्किंग में खड़ा ट्रक चोरी

**लखनऊ।** राजधानी में शातिर चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन यह शातिर किसी न किसी मकान दुकान या वाहन पर अपना हाथ साफ कर रहे हैं और पुलिस मुकदमा दर्ज कर हाथ पर हाथ रखे बैठी रहती है। ताजा मामला सरोजनीनगर इलाके का है जहां पर शातिर चोरों ने एक ट्रक चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। उधर बीकेटी इलाके में अपने बेटे का मुंडन कराने के लिए आयी एक महिला का अज्ञात चोर ने मंगल सूत्र चोरी कर लिया है। जानकारी के अनुसार विष्णूलोक कालोनी थाना सरोजनीनगर निवासी अनुज सिंह ने सरोजनीनगर पुलिस को सूचना दिया कि उसका ट्रक लोडिग के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नम्बर चार पर खड़ा कर दिया था और अपने घर चला गया था। लौटकर आया तो देखा कि उसका ट्रक चोरी हो गया है। अनुज की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे और फिर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर बहादुर पुर युनिटी सिटी थाना गुडम्बा निवासी उदय सिंह रावत ने बीकेटी पुलिस को सूचना दिया कि वह सपरिवार चंद्रिका देवी मंदिर बेटे का मुंडन कराने के लिए आये थे जहां पर चोर ने उनकी भाभी का मंगल सूत्र चोरी कर लिया।

## दबंग ने साथियों के साथ मिलकर युवक को किया अधमरा

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर स्थित सरदारीखेड़ा अपना प्लाट देखने के लिए गये व्यक्ति पर पड़ोस में रहने वाले दबंग ने अपने बीस पच्चीस साथियों के साथ मिलकर हमला बोल दिया जिससे वह और उनका साथी गंभीर रुप से घायल हो गये। भागते समय दबंग ने पिस्टल से हवाई फायरिंग करते हुए वीडियो बना रहे युवक से उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और वादी की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोलागंज थाना वजीरगंज निवासी प्रमोद ने कृष्णानगर पुलिस को बताया कि वह मुकेश सोनकर के साथ उनके आवास सरदारीखेड़ा थाना कृष्णानगर गया था। तभी मौके पर मौजूद राकेश व बउवा अपने बीस अज्ञात साथियों के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। मुकेश का कहना है वह घटना का वीडियो बना रहा था तभी राकेश ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया। मौके पर मौजूद दबंग के साथियों ने ईट पत्थर व लाठी डंडे भी चलाए जिसके बाद पिस्टल से फायर करते हुए भाग निकले। पुलिस ने वादी की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पारा के पतौरा गांव में फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** पारा इलाके में स्थित सलेमपुर पतौरा गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले मामले में फरार चल रहे आरोपी को डीसीपी मध्य की सर्विलांस टीम द्वारा दबोच लिया गया। इस वारदात में शामिल तीन लोगों को पारा पुलिस द्वारा पूर्व में जेल भेजा जा चुका गया है। गौरतलब है कि गत दिनों पारा इलाके में स्थित सलेमपुर पतौरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रमेश गौतम ने अपने साथियों के साथ मिलकर अधाधुंध फायरिंग की थी जिसमें दो लोग गोली लगने से घायल हो गये थे। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। इसी मामले के फरार चल रहे आरोपी थाना पारा निवासी अमन कुमार गौतम उर्फ मन्नू गौतम को डीसीपी मध्य की सर्विलांस टीम के सहयोग से पारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है बाकी बचे अन्य आरोपियों की तलाश लगातारी जारी है।

## अवध चौराहे पर मंडलायुक्त ने लिया निर्माण कार्य का जायजा

### ● अधिकारियों को बिजली बाक्स हटाने के निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अवध** चौराहे पर मंडलायुक्त द्वारा निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा बिजली बाक्स रोड के किनारे लगे मिलने पर उसको हटाने के निर्देश दिया गया। शनिवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब आज अचानक अवध चौराहे पहुंची। लोक निर्माण विभाग, लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम, लेसा अन्य विभागों द्वारा चौराहे पर किये गये सुदृढ़ीकरण कार्य और चौराहे के मार्गों का चौड़ीकरण के किये गये कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बिजली बॉक्स रोड के किनारे लगे मिलने पर उसको भी तत्काल रोड के किनारे से हटाने के निर्देश लेसा विभाग के अधिकारियों को दिया गया।

### मंडलायुक्त को अपने बीच पाकर खिले संवासिनियों के चेहरे



लखनऊ। उम्मीद संस्था की मानसिंक मंदित महिलाओं के आश्रय गृह का मंडलायुक्त द्वारा भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा महिलाओं से बातचीत कर उनके मन को टटोला। मंडलायुक्त को अपने बीच पाकर संवासिनियों को अपार खुशी हुई। मंडलायुक्त द्वारा उपहार स्वरुप सभी संवासिनियों को कपड़े और फ्ल आदि वितरित किया गया। मंडलायुक्त द्वारा सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। शनिवार को महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से उम्मीद संस्था की मानसिक मंदित महिलाओं के लिए संचालित आश्रय गृह, मात्र छाया में शनिवार को अप्रैल को मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब ने भ्रमण कर आश्रय गृह में आवासित महिलाओं के साथ संवाद साझा किया। मंडलायुक्त ने उपहार स्वरुप सभी संवासिनियों को कपड़े और फल आदि वितरित किया। उम्मीद संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी प्रकार की आवश्यकताओं में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। मंडलायुक्त ने इस संवेदनशील कार्य में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## शहर को सर्वोत्तम स्थान दिलाने के लिए जनसहभागिता जरूरी: नगर आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**महानगर** में प्रदेश स्वच्छता समिति के प्रभारी, नगर आयुक्त द्वारा विवेकानंद वार्ड में विशेष बैठक की गयी। बैठक के दौरान नगर आयुक्त से संस्कृतभारतीन्यास के अध्यक्ष द्वारा नगर को राष्ट्र मे प्रथम स्थान पर स्थापित कर गौरवान्वित होने का आह्वान किया। वहीं नगर आयुक्त द्वारा शहर को सर्वोत्तम स्थान पर लाने के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता जताई गयी।

शनिवार को प्रदेश स्वच्छता समिति प्रभारी सुनील मिश्रा की अध्यक्षता मे नगर निगम स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति और विवेकानंदपुरी वार्ड की विशेष बैठक हुई। गोष्ठी में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, महानिदेशक पुलिस (सेवानिवृत) के एल गुप्ता, संस्कृतभारतीन्यास अवधप्रांत के अध्यक्ष जेपी सिंह, विवेकानंद वार्ड स्वच्छता समिति के अध्यक्ष अजय पांडे, निवर्तमान पार्षद सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर अपने विचार प्रकट किए। श्री गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में वर्षा पूर्व सभी नालों, सीवर की सफ ाई व मरम्मत पर अपेक्षित कारवाई की अपेक्षा व्यक्त की। नगर आयुक्त ने नगर को राष्ट्र मे श्रेष्ठतम स्थान प्रदान किए जाने व स्वच्छता सहित विभिन्न मानकों पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जन सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। गृह कचरा से खाद व प्राकृतिक गमला खेती के महत्व से समस्त उपस्थितजनों को शिक्षित कर शाक-सब्जी उत्पादन का आवाह्न किया। प्रदेश स्वच्छता समिति के प्रभारी सुनील मिश्रा ने सीवर, बिजली, जल व स्वच्छ लखनऊ के सम्बंध मे स्वच्छता समिति के महत्व एवं कार्य पद्धति पर नव गठित समिति के दायित्वों से सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को संज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह समिति पूर्णता गैर राजनैतिक है। संस्कृतभारतीन्यास अवधप्रान्त के अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज नगर निगम आपके द्वार आया है, तो हम सब का भी दायित्व है कि अपने सामाजिक कर्तव्यों का अनुपालन कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं कचरा निस्तारण मे सहयोग कर अपने नगर को राष्ट्र मे प्रथम स्थान पर स्थापित कर गौरवान्वित होने का आह्वान किया।

## गोरक्षा एम्बुलेंस सेवा दल के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मुकदमे की अर्जी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**गोरक्षा** एंबुलेंस सेवा दल व इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार राय तथा उपाध्यक्ष आकिफ सिद्दीकी समेत इससे जुड़े 12 लोगों के विरुद्ध अदालत में मुकदमे की अर्जी दाखिल की गई है। यह अर्जी मेसर्स जय श्री बाला जी एंबुलेंस सर्विस के प्रोपराइटर बृजेश कुमार सिंह ने दाखिल की है। इस अर्जी में विपक्षीगणों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है। सीजेएम हृषिकेश पांडेय ने फि लहाल इस अर्जी पर थाना महानगर से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई पांच अप्रैल को होगी।

अदालत के समक्ष इस अर्जी पर वकील वीर बहादुर श्रीवास्तव व आलोक कुमार मिश्रा ने बहस की। अर्जी में गोरक्षा सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पांडेय, उपाध्यक्ष आलोक पालए महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष वर्षा उपाध्याय, जिला प्रभारी गुलशन कुमार, प्रयागराज के मंडल अध्यक्ष उमेश चन्द्र कुशवाहा, बरेली के मंडल अध्यक्ष भारती शर्मा, हरिशंकर पटेल, शत्रुध्न सिंह के साथ ही उपनिबंधक सदर, द्वितीय लखनऊ कार्यालय के अज्ञात अधिकारी व कर्मचारियों को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। कहना था कि विपक्षीगणों ने सरकारी कार्य के लिए अर्जीकर्ता से एंबुलेंस किराए पर लिया। कुछ माह तक किराया दिया लेकिन फिर बंद कर दिया। आरोप है कि बाद में किराया चुकाने के लिए दिया गया 14 लाख का चेक भी बाउंस हो गया।

### हत्यारोपियों को उम्र कैद

**लखनऊ ( विसं )।** हत्या के एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी नीरज सिंह व जब्बार को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे पुष्कर उपाध्याय ने इन दोनों पर 15-15 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 17 जून 2012 को मुल्जिमों ने पैसे के विवाद में राजेश मिश्र की कैसरबाग बस अड्डे के पीछे नाले के पास गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस मामले की एफआईआर मृतक के भाई मनीष मिश्र ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी।

### बसपा सांसद अतुल राय की दूसरी जमानत याचिका भी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**दुराचार** की कथित पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह करने के मामले में निरुद्ध बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय की दूसरी जमानत याचिका भी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से खारिज हो गई है। सात जून 2022 को पहली जमानत याचिका खारिज हुई थी। दुराचार के मुकदमे में बरी होने के बाद अतुल राय द्वारा यह दूसरी जमानत याचिका दाखिल की गई थी। पीठ ने दुराचार के मामले में बरी होने को इस मामले में जमानत के लिए पर्याप्त आधार नहीं माना। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अतुल राय की जमानत याचिका पर दिया है।

### हत्या के प्रयास में सात वर्ष की सजा

**लखनऊ ( विसं )।** हत्या का प्रयास करने के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी बुद्धेन्द्र नाथ शुक्ल व सोमेंद्र नाथ शुक्ल को सत्र अदालत ने सात वर्ष की सजा सुनाई है। एडीजे मोहिन्दर कुमार ने इन पर 21-21 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। सरकारी वकील शैलेंद्र यादव के मुताबिक आरोपियों पर हास्पिटल में घुसकर डॉक्टर घनश्याम सिंह के पुत्र विनीत को गोली मारने का इल्जाम है। 21 अगस्तए 2009 को इस मामले की एफ्आईआर श्याम हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के डॉक्टर घनश्याम सिंह ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराई थी।

### दुराचार के आरोप में आठ वर्ष की सजा

**लखनऊ ( विसं )।** शादी के इरादे से नाबालिग युवती को भगाने व दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम पुत्ती लाल उर्फपुच्ची को पॉक्सो की विशेष अदालत ने आठ वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज मीरा गोठलवाल ने इस पर 30 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अशोक श्रीवास्तव के मुताबिक इस मामले की एफआईआर पीड़िता की मां ने थाना मलिहाबाद में दर्ज कराई थी। 12 फरवरी 2017 को मुल्जिम उनकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और दुराचार किया।


**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

अंचल कार्यालय: एलडीए ऑफिस के सामने, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ 226010, ई-मेल- luc@mahabank-co-in
प्रधान कार्यालय- लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (12) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियो एवं जमानतदारो को बकाया देय राशि सहित 60 दिनो की समयावधि मे भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था। ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने मे असफल रहा, ऋण ग्रहिताओ और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियो को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है -

| क्र सं | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| | **फर्रुखाबाद ब्रांच** | | | |
| 1. | **मेसर्स श्री नव दुर्गा साड़ी सेंटर प्रस्ताव पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री बाल कृष्ण शर्मा** मकान नंबर 3/63, सेनापति स्ट्रीट, कायमगंज फर्रुखाबाद खराव-209625 यूपी (उधारकर्ता) **श्री सुशील श्री.कुमार सुपुत्र सुरेश चंद्र** मकान नंबर 3/50, मोहल्ला रकाबगंज खुर्द तहसील सदर फर्रुखाबाद-209625 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 1026268.55 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 27.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | उन सभी टुकड़ों का साम्यिक बंधक और निर्माण के साथ संपत्ति का पार्सल और फिक्स्चर वहाँ होने और मोहल्ले में पड़ा हुआ है असलत नगर (करबंदी अंदर शहर) परगना पहाड़ा तहसील सदर जिला फर्रुखाबाद **क्षेत्र-140.32 वर्ग मीटर** सर्वेक्षण संख्या 3/24-सी हत्या मिंटू खान के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र जिसके द्वारा घिरा हुआ है। **पूर्व-** अब्दुल अहमद का प्लॉट **उत्तर-** सरकारी रोड 20 फीट **पश्चिम-**5 फुट चौड़ी गली **दक्षिण-** हाउस ऑफ अकरम | 28.11.2022 / 28.03.2023 |
| 2. | **श्री पिंकू शाक्य पत्नी श्री राम स्वरूप** ग्राम सलेमपुर पोस्ट बरताल, नवाबगंज फर्रुखाबाद- 209601 यूपी (उधारकर्ता) **श्रीमती रजनी पत्नी श्री पिंकू शाक्य** गांव सलेमपुर पोस्ट बरताल, नवाबगंज फर्रुखाबाद- 209601 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 938926.01 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 27.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | उन सभी टुकड़ों का साम्यिक बंधक और निर्माण के साथ संपत्ति का पार्सल और फिक्स्चर वहाँ हो रहा है और गाँव में पड़ा हुआ है और पोस्ट नवाबगंज, अमीपुर, परगना शमसाबाद पश्चिम, तहसील कल्याणगंज तहसील सदर जिला फर्रुखाबाद **क्षेत्र- 61.34 वर्ग मीटर** से घिरा **पूर्व-** गली 12 फीट **उत्तर-** श्री के खेत शरायत अली **पश्चिम-** हाउस ऑफ राजेंद्र **दक्षिण-** बांके लाल का घर | 28.11.2022 / 28.03.2023 |
| 3. | **मेसर्स ख्वाजा गरीब नवाज जरी कला प्रस्ताव श्री चांद बाबू पुत्र श्री मौसम अली** मकान नंबर 170, पेरशामू खान तहसील सदर फर्रुखाबाद 209625 (उधारकर्ता) **श्रीमती नसरीन पत्नी श्री मौसम अली** मकान नं. 170, पेरशामू खान तहसील सदर फर्रुखाबाद 209625 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 771676.70 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 27.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | उन सभी टुकड़ों का साम्यिक बंधक और निर्माण के साथ संपत्ति का पार्सल और मकान नंबर 5/568, मोहल्ला मीर शामू खां परगना पहाड़ा, तहसील सदर जिला फर्रुखाबाद **क्षेत्र- 44.22 वर्ग मीटर** से घिरा **पूर्व-** गली **उत्तर-** रफीक का घर मोहम्मद खान **पश्चिम-** का प्लॉट प्रवीण **दक्षिण-** रास्ता | 28.11.2022 / 28.03.2023 |
| 4. | **मेसर्स जय मां दुर्गा और आटा उद्योग प्रस्ताव सुमन गुप्ता पत्नी श्री विनय कुमार गुप्ता** मकान नंबर 1/398 थानगंज फतेहगढ़ फर्रुखाबाद 209601 उ.प्र. (उधारकर्ता) **श्री विनय कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम सरन गुप्ता** मकान नंबर 1/398 थी थानगंज फतेहगढ़ फर्रुखाबाद 209601(जमानतदार) | कुल बकाया रु. 1184052.32 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 27.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | उन सभी टुकड़ों का साम्यिक बंधक और निर्माण के साथ संपत्ति का पार्सल और फिक्स्चर वहाँ होने और मोहल्ले में पड़ा हुआ है ठानगंज पुलिस लाइन कचहरी रोड जिला जेल चौराहा परगना पहाड़ के पास तहसील सदर सर्वे संख्या 1/39 सी जिला फर्रुखाबाद **क्षेत्र-16.41 वर्ग मीटर** से घिरा **पूर्व-** देवेश चंद का प्लॉट **उत्तर-** प्लॉट श्री सतीश चंद **पश्चिम-** रास्ता 10 फीट **दक्षिण-** नाला कदाहू गवर्नमेंट रोड | 28.11.2022 / 28.03.2023 |
| 5. | **श्रीमती गीता पाण्डेय पत्नी प्रदीप कुमार** मकान नंबर 4/47, मोह हाथा मिंटू खां परगना पहाड़ा तहसील सदर फरुखाबाद-209625 | कुल बकाया रु. 326340/- + उपयुक्त ब्याज दिनांक 28.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | उन सभी टुकड़ों का साम्यिक बंधक और निर्माण के साथ संपत्ति का पार्सल और फिक्स्चर वहाँ होने और फिल हुसैन में पड़ा हुआ है, ठीक अमृतपुर जिला फर्रुखाबाद सर्वे नं 1621, हाथा मिंटू खान के नाम से जाना जाता है। **क्षेत्र- 64.65 वर्ग मीटर** से घिरा **पूर्व-** आशा देवी के हौसले **पश्चिम-** रूप कुमार का घर **उत्तर-** रास्ता **दक्षिण-** प्रतिपाल का घर | 28.11.2022 / 28.03.2023 |
| | **बहराइच ब्रांच** | | | |
| 6. | **मेसर्स मुन्ना ट्रेडर्स प्रोपराइटर श्री अली अहमद** निवासी घंटाघर चौक, छुरी वाली गली, चौक बाजार, बहराइच- 271801 मोहल्ला मकान नंबर 607, काजीपुरा (उत्तर) बहराइच-271801 (उधारकर्ता) **श्रीमती तबस्सुम सिद्दीकी पत्नी श्री अली अहमद** निवासी घंटा घर चौक, छुरी वाली गली, चौक बाजार, बहराइच-271801 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 678914/- + उपयुक्त ब्याज दिनांक 30.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | स्थित संपत्ति का बंधक प्लॉट गाटा नंबर 277, -ग्राम अमीनपुर नगरौर, परगना बहराइच, जिला बहराइच 271801 मालिक- श्रीमती तबस्सुम सिद्दीकी निवासी अली अहमद से घिरा **क्षेत्रफल 190 वर्गफुट उत्तर-** 12 फुट कच्चा रोड **पूर्व-** खेत लियाकत अली **पश्चिम-** खेत जबीर **दक्षिण-** खेत महेंद्र कुमार | 30.11.2022 / 27.03.2023 |
| 7. | **मेसर्स अब्दुल सलाम आरा मशीन, प्रोपराइटर मोहम्मद अब्दुल सलाम पुत्र अब्दुल खालिक,** निवासी परिसर संख्या 343, नया संख्या 392, मो. कुदरा तहसील और जिला- बहराइच 271801 (यूपी) (उधारकर्ता) **श्रीमती हुस्न बानो उर्फ हूर बानो पत्नी अब्दुल सलाम** निवासी परिसर संख्या 343, नया नंबर 392, मो. कुदरा तहसील व जिला- बहराइच 271801 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 1032341 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 15.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | स्थित संपत्ति का साम्यिक बंधक मकान नंबर 343 (पुराना) और नया 392, मोहल्ला-कुदरी, मस्जिद के पास सारे का, बहराइच- 271801 मालिक श्रीमती श्रीमती हुस्न बानो उर्फ हूर बानो पत्नी अब्दुल सलाम) **क्षेत्रफल 81.65 वर्ग मीटर** से घिरा हुआ है **उत्तर-** अब्दुल खालिक का घर **पूर्व-** रास्ता उसके बाद मजार शरीफ 14 फीट 6 इंच चौड़ी सीसी **पश्चिम-** निजामुद्दीन का घर **दक्षिण-** घर शरीफ खान का | 16.11.2022 / 27.03.2023 |
| | **लखीमपुर ब्रांच** | | | |
| 8. | **मेसर्स मुनेश गुर और खा उद्योग, प्रस्ताव श्री मुनीश मिश्रा पुत्र श्री राम प्रमोद मिश्रा,** निवासी ग्राम पकरिया बिशुनपुर, तहसील मितौली लखीमपुर खीरी-262727(उधारकर्ता) **श्री राम प्रमोद मिश्रा पुत्र श्री सुंदरलाल** निवासी ग्राम पकरिया बिशुनपुर, तहसील मितौली लखीमपुर खेरी -262727 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 1042527.90 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 11.12.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | स्वामी का साम्यिक बंधक श्री. मुनीश मिश्रा पुत्र श्री राम प्रमोद मिश्रा) वे सभी टुकड़े और पार्सल निर्माण और स्थिरता के साथ संपत्ति ग्राम रसूलपुर में हो रहा है और पड़ा हुआ है, परगना पैला तहसील मितौली, लखीमपुर खीरी-262727 **क्षेत्र-15000 वर्गफुट** परिबद्ध **उत्तर-** नाला, **दक्षिण-** बेलवाँ भदुरा रोड, **पूर्व-** भूमि अनूप कुमार, **पश्चिम-** प्रकाश की भूमि | 12.12.2022 / 27.03.2023 |
| | **अमेठी ब्रांच** | | | |
| 9. | **मेसर्स सिंह ट्रेडर्स प्रस्ताव श्री संगम सिंह पुत्र श्री सुभाष सिंह** निवासी मिसरौली बाजार, अंटू रोड अमेठी-227405 इसके अलावा पोस्ट कसारा, तारापुर, अमेठी 227405 (उधारकर्ता) **श्री सुभाष सिंह पुत्र श्री रामकरण सिंह** निवासी पोस्ट कसारा, तारापुर, अमेठी 227405 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 1398692.91 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 29.11.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | साम्यिक बंधक मालिक मि. संगम सिंह पुत्र श्री सुभाष सिंह संपत्ति के वे सभी टुकड़े और पार्सल निर्माण और स्थिरता के साथ और प्लॉट नंबर 89/90, गांव में स्थित है थावा, तहसील अमेठी **क्षेत्र- 475.0 वर्गमीटर** के रूप में परिबद्ध **उत्तर-** प्लॉट नं 84, **दक्षिण-** प्लॉट नं 89, **पूर्व-** प्लॉट नंबर 91/92, **पश्चिम-** प्लॉट नंबर 86 | 30.11.2022 / 27.03.2023 |
| | **महाराजगंज ब्रांच** | | | |
| 10. | **श्रीमती पूनम कुमारी पत्नी श्री संदीप कुमार,** निवासी बिस्मिल नगर, वार्ड नंबर 22 नगर पालिका परिषद महाराजगंज- 273303 (उधारकर्ता) **श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री सुभाष प्रसाद** बिस्मिल नगर, वार्ड नंबर 22 नगर पालिका परिषद महाराजगंज- 273303 (जमानतदार) | कुल बकाया रु. 1026183 + उपयुक्त ब्याज दिनांक 01.12.2022 प्रभावी + पैनल दर और अन्य शुल्क / खर्चे | मालिक का साम्यिक बंधक श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री सुभाष प्रसादसंपत्ति के वे सभी टुकड़े और पार्सल निर्माण और स्थिरता के साथ वहाँ जा रहा है और बिस्मिल नगर, वार्ड नंबर 22, श्री नगर में स्थित है पालिका परिषद, महाराजगंज आराजी नंबर 1327 **क्षेत्रफल रु 81.78 वर्गमीटर** परिबद्ध **उत्तर-** गृह श्री विश्वनाथ, **दक्षिण-** भूमि श्री विजय कुमार, **पूर्व-** कच्चा रास्ता कम 4 मीटर से अधिक, **पश्चिम -** हाउस श्री लता नायक | 12.12.2022 / 27.03.2023 |

ऋणग्रहिताओ/बंधककर्ताओ को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियो के साथ कोई व्यवहार नही करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियो के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातो की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओ का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (8) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

दिनांक 02.04.2023 स्थान- लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

# विद्युत उत्पादन निगम ने बिजली पैदावार में बनाया नया कीर्तिमान

● 2022-23 में राज्य में 39691 मिलियन यूनिट रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयासो सें उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया गया है। इस दौरान प्रदेश में बिजली का उत्पादन बढ़ा और इसमें होने वाला खर्च घटा है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में उप्राविनिलि ने कुल 39691 मिलियन यूनिट सकल विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके पीछे मेरे स्वयं के द्वारा परीक्षा पॉवर प्लांट एवम् अन्य पॉवर प्लांटो में जाकर निरीक्षण करना और वहां पर कार्मिकों का मनोबल बढ़ाने का परिणाम रहा है। इन सब प्रयासों से उत्पादन बढ़ गया और साथ ही बीसीसीएल की कोयला खदान की एनसीएल से कोयला लाकर 400 करोड़ रुपए प्रति वर्ष की बचत किया गया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व लिमिटेड का अधिकतम 37657 मिलियन यूनिट सकल विद्युत उत्पादन का रिकार्ड वित्त वर्ष 2018-19 में रहा था, जिसे वित्त वर्ष 2022-23 में 2034 मिलियन यूनिट अधिक (05.40 प्रतिशत अधिक विद्युत उत्पादन करते हुए नया रिकार्ड बनाया गया। इस वित्त वर्ष 2022-23 में लिमिटेड के अनपरा, ओबरा, पारीछा तथा हरदुआगंज तापीय परियोजनाओं से कुल 39691 मिलियन यूनिट सकल विद्युत उत्पादन हुआ, जो पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 में हुए कुल 35022 मिलियन यूनिट सकल विद्युत उत्पादन से 13.33 प्रतिशत अधिक रहा है।

इसी प्रकार वित्त वर्ष 2022-23 में लिमिटेड द्वारा 76.44 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर प्राप्त किया गया है जो विगत 3 वित्तीय वर्षों 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 में क्रमश: प्राप्त 68.80 प्रतिशत, 69.71 प्रतिशत तथा 71.82 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर से अधिक है।

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से 10 जिलों में एक लाख से अधिक किसान प्रभावित

● आकाशीय बिजली व डूबने से हुई सात की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राहत** आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार प्रदेश में विगत 24 घंटों में आकाशीय विद्युत, डूबने तथा मानव वन्य जीवन द्वन्द्व से कुल 7 जनहानि हुई हैं। जनपद लखनऊ, गाजीपुर, हरदोई तथा वाराणसी में आकाशीय विद्युत गिरने से एक-एक जनहानि, जनपद बहराइच में डूबने से दो तथा जनपद लखीमपुर खीरी में मानव वन्य जीव द्वन्द्व से एक जनहानि हुई है। विगत 24 घंटों में प्रदेश के 9 जनपदों पीलीभीत, बरेली, सीतापुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, सोनभद्र, हमीरपुर, सम्भल तथा उन्नाव में ओलावृष्टि की सूचना प्राप्त हुई है। इन जनपदों में फसल क्षति का प्लॉटवार आंकलन कराया जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च 2023 से अब तक हुए सर्वे में प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से 10 जनपदों में कुल 34137.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल तथा कुल 1 लाख 2 हजार 497 किसानों के प्रभावित होने की सूचना है। प्रभावित किसानों को कुल 5638.80 लाख रुपए देय हैं। जनपद आगरा में 4738 किसानों का 2804.15 हेक्टेयर, बरेली में 3090 किसानों का 559 हेक्टेयर, चन्दौली में 11265 किसानों का 2986.81 हेक्टेयर, हमीरपुर में 396 किसानों का 271.83 हेक्टेयर, झांसी में 205 किसानों का 145 हेक्टेयर, ललितपुर में 7380 किसानों का 6216.23 हेक्टेयर, प्रयागराज में 9252 किसानों का 4448.20 हेक्टेयर, उन्नाव में 5505 किसानों का 2801 हेक्टेयर, वाराणसी में 58393 किसानों का 13112 हेक्टेयर तथा लखीमपुर खीरी में 2273 किसानों का 792.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल प्रभावित हुआ है।

# जेलों में अनुशासन कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता: एसएन साबत

● नवनियुक्त डीजी कारागार ने ग्रहण किया पदभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के नवनियुक्त डीजी कारागार एसएन साबत ने कहा है कि कारागारों में अनुशासन क़ायम रखते हुए बंदी कल्याण एवं पुनर्वास उनकी शीर्ष प्राथमिकता है। वर्ष 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी एसएन साबत शनिवार को कारागार मुख्यालय में डीजी कारागार पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को संगठित अपराध के मामलों में कारागारों में निरुद्ध कुख्यात माफियाओं की हर हाल में 24 घंटे सख्त निगरानी के निर्देश भी दिए। कारागार विभाग में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मुख्यालय में अपर महानिरीक्षक कारागार चित्रलेखा सिंह (आईएएस)व मुख्यालय के डीआईजी अरविंद कुमार सिंह के साथ संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने मुख्यालय में स्थापित वीडियो वाल का निरीक्षण किया तथा विभिन्न जेलों में निरुद्ध टॉप ट्वेंटी बंदियों की निगरानी की समीक्षा भी की।

पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता डिप्टी जेल संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि एसएन साबत कारागार विभाग के 102 वे मुखिया बन गए हैं। साबत अब तक उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के पुलिस महानिदेशक थे। विदित हो कि आनंद कुमार पुलिस महानिदेशक कारागार का स्थानांतरण बीते शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक सहकारिता के रूप में हो चुका है।

साबत एक लोकप्रिय और कुशल अधिकारी के साथ साथ विद्वान लेखक के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना में मानवाधिकारों के लिए अपनी सेवाएं दी हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सराहनीय कार्य के लिए उन्हें विश्व शांति पदक प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2006 और 2014 में उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा का पुलिस पदक भी प्रदान किया है। साबत हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में समान अधिकार रखते हैं और इन भाषाओं के अच्छे लेखक के रूप में भी विख्यात हैं। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से उनकी एक पुस्तक पुरस्कृत हो चुकी है। मानवाधिकार विषय पर उनके अनेक लेख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं जबकि 'भारत में मानवाधिकार वैदिक काल से आधुनिक काल तक' को पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुरस्कार मिल चुका है।

# व्यापारी मिलन समारोह में फूलों की होली रही आकर्षण का मुख्य केंद्र

● निर्धन बच्चों, व्यापारियों व गणमान्य लोगों को किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



एल्डिको चिनहट गोमती नगर उद्योग व्यापार मंडल (सम्बद्ध भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल पंजीकृत) के तत्वावधान और जिला अध्यक्ष एवं अग्रणी समाजसेवी नीरज गुप्ता की अगुवाई में चिनहट बाजार स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में व्यापारी मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों के अलावा एनजीओ से सहायता प्राप्त निर्धन बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद यादव, जतिन बजाज, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना उपस्थित रहे। विशिष्ट योगदान देने वाले व्यापारी, सरकारी अधिकारियों, पत्रकार बंधुओं, राजनेताओं सहित 97 लोगों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन का मुख्य आकर्षण झांकी एवं फूलों की होली रही। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा कि हमें अपने सम्मान को बचाना होगा। इसके लिए संगठन की मजबूती जरूरी है। संगठन को समय देकर व्यापारी संगठन को मजबूत बनाएं। व्यापार मण्डल परिवार की ओर से इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता के अलावा जिला वरिष्ठ महामंत्री यादवेंद्र प्रताप सिंह (गब्बर), जिला महामंत्री आशुतोष खरे, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता (गप्पू), पुरुषोत्तम जालान, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, शेर बहादुर थापा, विशाल गुप्ता, विवेक सक्सेना, शुभनकित गुप्ता, धीरज गुप्ता, कुलदीप यादव, अजीत यादव, रिषी गुप्ता, संगठन मंत्री सरताज खान, मनोज कुमार सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग को एलडीए ने किया ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**दुबग्गा** में दस हजार वर्ग मीटर पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर एलडीए का बुल्डोजर चलाया गया। एलडीए विहित प्राधिकारी द्वारा अवैध प्लाटिंग पर नोटिस भेजकर वाद दर्ज किया गया। विहित प्राधिकारी के निर्देश पर प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। जोनल अधिकारी द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग को हटाकर भूमि खाली करायी गयी।

शनिवार को एलडीए की प्रवर्तन टीम ने दुबग्गा के बरावन कला में लगभग एक लाख वर्गफिट क्षेत्रफ ल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। प्रवर्तन के जोनल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि अब्दुल मजीद व कन्हैया लाल द्वारा दुबग्गा थानाक्षेत्र के अंतर्गत बरावन कला में शेखपुरवा रोड पर लगभग 10,000 वर्गमीटर भूमि पर कच्ची सड़क, नाली, बिजली के खम्भे, बाउन्ड्रीवॉल आदि का निर्माण कराते हुए प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में विपक्षी द्वारा कोई तलपट मानचित्र आदि प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर ध्वस्तीकरण आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता शिवप्रताप सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह व शशिभूषण मिश्रा ने प्राधिकरण पुलिस बल से स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी।

# योजनाओं के कार्यों को पीएम गति शक्ति परियोजना से जोड़ा जाए

● गुजरात से आए प्रबंध निदेशक टीपी सिंह ने किया रिमोट सेंसिंग सेंटर का भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाष्कराचार्य** नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन वायसैग एन गुजरात के प्रबंध निदेशक टीपी सिंह द्वारा जानकीपुरम स्थित रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर उप्र का भ्रणण किया उन्होंने प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग आलोक कुमार तृतीय एवं रंजन कुमार प्रमुख सचिव सचिव नगर विकास विभाग तथा रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक डॉ. पी कुवंर एवं समस्त वैज्ञानिकों के साथ उच्च स्तर की बैठक की गई। टीपी सिंह द्वारा प्रदेश के इस वैज्ञानिक केंद्र में कृषि, मृदा, वन, जल तथा भू संसाधनों के प्रबंध के लिए वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के कार्यों को जहां तक संभव हो पीएम गति शक्ति परियोजना से जोड़ने का सुझाव दिया और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के नियोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीक के उपयोग पर बल दिया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आलोक कुमार तृतीय द्वारा रिमोट सेंसिंग तकनीकी से किये जा रहे कार्यों को प्रदेश सरकार के विभिन्न उपयोगकर्ता विभागों की आवश्यकतानुसार किए जाने के निर्देश दिए गए। रंजन कुमार सचिव नगर विकास विभाग ने प्रदेश में नगरीय विकास के लिए आवश्यक वैज्ञानिक तकनीकों एवं पद्धतियों पर आधारित सूचनाएं उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

# तहसील परिसर में गंदगी को लेकर वकीलों का हंगामा

● नगर पंचायत प्रशासन पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप, एडीएम से की शिकायत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**तहसील** परिसर की सफाई में लापरवाही और सामुदायिक शौचालय में गन्दगी पसरी रहने से नाराज अधिवक्ताओं ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमकर हंगामा किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। एसडीएम ने समस्याओं के निराकरण का भरोसा देकर अधिवक्ताओं को शान्त कराया।

मोहनलालगंज तहसील में नियमित साफ-सफाई के अभाव में गन्दगी पसरी रहती है। तहसील परिसर के सामुदायिक शौचालय से उठने वाली दुर्गन्ध अधिवक्ताओं को चैम्बर बन्द कर वहां से हट जाने के लिए विवश कर देती है। कुछ अधिवक्ताओं के चैम्बर के आसपास हल्की सी बारिश में जलभराव हो जाता है। लेकिन एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य के आदेश के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन समस्याओं का निराकरण कराने में लापरवाही बरत रहा है। जिसे लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव और अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ल की अगुवाई में सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी के आरोप लगाए। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने ईओ मनीष राय को समस्याओं का अविलम्ब निराकरण कराने का निर्देश देकर आक्रोशित अधिवक्ताओं को शान्त कराया। एसडीएम ने तहसील परिसर के सामुदायिक शौचालय की नियमित सफाई के लिए सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं तहसील समाधान दिवस में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर एडीएम वित्त एवं राजस्व हिमांशु कुमार गुप्ता ने तहसीलदार आनन्द कुमार तिवारी को टीम गठित कर अतिक्रमण खाली कराने के निर्देश दिए।

### उमड़ी फरियादियों की भीड़

**पेन्शन** योजनाओं के निराकरण के लिए ब्लाक स्तर पर प्रभावी सुनवाई की सुविधा नही मिल पाने से तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ने लगी है। शनिवार को मोहनलालगंज तहसील में ऐसी दर्जनभर शिकायतें दर्ज की गई। एडीएम हिमांशु कुमार गुप्ता ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# वेस्ट कलेक्शन और आरआरसी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची टीम

**मोहनलालगंज।** स्वच्छ भारत मिशन फेस-टू के तहत मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत हुलासखेड़ा और नटौली में घरों से कचरा उठान और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन को लेकर चल रहीं तैयारियों का जायजा लेने शनिवार पंचायतीराज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर एसएन सिंह और डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर की अगुवाई में 131 प्रतिभागियों की टीम पहुंची। करीब चार घण्टे तक दोनों गांव का भ्रमण कर टीम ने योजना के तहत कराए गए कार्यों की बारीकी समझी। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर एसएन सिंह ने बीडीओ पूजा सिंह और एडीओ पंचायत अशोक यादव को नेडप और वर्मी कम्पोस्ट तैयार कराने के कार्य आरआरसी शेड के बाहर कराने के निर्देश दिए। शोकपिट व प्लास्टिक बैंक और कचरा पात्र को देखकर डिप्टी डायरेक्टर ने संतोष जताया।

# बाइक सवार मजदूर की पिटाई कर मोबाइल व रुपए लूटे

● बीच-बचाव करने पहुंचे युवक को भी पीटा व रुपए छीने, पीड़ित ने की बदमाशों की पहचान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**उन्नाव** से मजदूरी करके लौट रहे बाइक सवार मजदूर की पिटाई कर बदमाशों ने दस हजार रुपए और मोबाइल फ ोन लूट लिए। शोर सुनकर मदद के लिए पहुंचे एक अन्य युवक की भी बदमाशों ने पिटाई कर पांच सौ रुपए छीन लिए। पीड़ित युवक ने बदमाशों को पहचान लिया। जिस पर लुटेरे धक्का देकर भाग निकले। पीड़ित मजदूर की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है।

निगोहां थाना क्षेत्र के कुशमौरा निवासी अजय कुमार शनिवार की शाम कालू खेड़ा से मजदूरी करके वापस घर लौट रहा था। डेबरिया नहर पुलिया के निकट पहुंचते ही हाथों में लोहे का रॉड लिए हुए दो बदमाशों ने उसे जबरन रोंककर पिटाई कर दी। फिर उसके पास मौजूद 10 हजार रूपये और मोबाइल फोन लूट लिया। शोर सुनकर समीप से गुजर रहे डेबरिया निवासी उत्तम कुमार वहां पहुंच गया। उत्तम को देखते ही बदमाशों ने उसकी भी पिटाई कर 500 रुपए छीन लिए। हालांकि छीना-छपटी में उत्तम ने लुटेरों की पहचान कर ली। विरोध जताने पर लुटेरे बाइक में धक्का देकर वहां से भाग निकले। जिसके बाद वारदात की सूचना मोहनलालगंज पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर एफ आईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमएस में डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन



● बच्चों को परमार्थ के संस्कार शुरू से ही दें: डॉ. गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएमएस** जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन आज गोमती नगर ऑडिटोरियम में हुआ। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. जगदीश गांधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले व वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डॉ. गांधी ने कहा कि बच्चे का जन्म स्वार्थ सिद्धि के लिए नहीं, अपितु परमार्थ के लिए हुआ है। बच्चे तो परमात्मा के आज्ञाकारी पुत्र अर्थात युवराज बनकर इस संसार की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं। अत: परमात्मा के दिव्य गुणों जैसे सदाचार, ईमानदारी, अहिंसा, न्याय, सहयोग आदि जीवन मूल्यों को बच्चों में प्रारम्भ से ही रोपित करें।

समारोह में जहां एक ओर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत से सभी दर्शकों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं दूसरी ओर छात्रों ने सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व की सेवा के लिए तथा सभी चीजों में उत्कृष्टता विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रकट किए।

# विधायक से किताबें पाकर बच्चों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**नए** शैक्षिक सत्र के पहले ही दिन शनिवार को मोहनलालगंज ब्लाक के सभी 218 सरकारी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों के वितरण का शुभारम्भ किया गया। मोहनलालगंज के बेसिक स्कूल गौरा में कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमरेश कुमार रावत ने भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुधांशु सिंह और मण्डल महामंत्री अंजनी शुक्ल के साथ बच्चों को पुस्तकें वितरित की। इस मौके पर विधायक ने पुस्तकों को बच्चों का सच्चा मित्र करार दिया। अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज मनीष सिंह ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास व्यक्त किया कि विकास खंड के सभी विद्यालय निपुण लक्ष्य को प्राप्त करके उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में बच्चों को प्रवेश के समय ही पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान प्रमोद द्विवेदी, मधुसूदन त्रिवेदी, भूपेश ओझा स्वदेश अग्निहोत्री और सुबोध कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान

# टीका लगाकर बच्चों का स्वागत, टॉफी-बिस्किट के मिले उपहार



**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**शैक्षिक** सत्र के पहले ही दिन किताबों की सौगात पाकर स्कूल पहुंचे बच्चों के चेहरे खिल उठे। कई सरकारी स्कूलों में शनिवार को स्कूल पहुंचे बच्चों का टीका लगाकर स्कूल में स्वागत किया गया। प्राइमरी स्कूल गुमानी खेड़ा में सहायक अध्यापिका वंदना और प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने फूल और टाफी-बिस्किट देकर बच्चों का स्वागत किया। ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा और विद्यालय प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों ने बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। पहले ही दिन स्कूल में एडमिशन लेने वाले तीन बच्चों को तुरन्त किताबों की सौगात दी गई। इसी तरह ब्लाक के कई अपर प्राइमरी स्कूलों में भी एडमिशन लेने पहुंचे बच्चे नई किताबों का सेट पाकर खुशी से फूले नहीं समाए। कुछ स्कूलों में शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों की रैली निकालकर अभिभावकों को हर एक बच्चे का स्कूल में दाखिला कराने के लिए जागरूक किया।

# वाराणसी के सरकारी स्कूल के बच्चों को पढ़ाएंगे आईआईटी मद्रास के शिक्षक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- आईआईटी मद्रास व बेसिक शिक्षा कार्यालय के बीच हुआ करार
- प्रोजेक्ट विद्या शक्ति के तहत वाराणसी के 100 स्कूलों में शुरू होगी ऑनलाइन क्लास
- क्लास 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को गणित विज्ञान और इंग्लिश पढ़ाएंगे आईआईटी के शिक्षक
- प्रोजेक्ट विद्या शक्ति के माध्यम से 100 लोगों को मिलेगा रोजगार

**आईआईटी** मद्रास की फैकल्टी अब वाराणसी के सरकारी स्कूल के बच्चों को भी पढ़ाएंगे। आईआईटी मद्रास व बेसिक शिक्षा कार्यालय के बीच ष्प्रोजेक्ट विद्या शक्तिष् को लेकर एक करार हुआ है, जिसमें वाराणसी के सरकारी स्मार्ट स्कूल में आईआईटी मद्रास के शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर वाराणसी के 100 स्कूलों में ऑनलाइन क्लास शुरू होगी। इस प्रोजेक्ट के तहत बच्चों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय पढ़ाया जाएगा, जिससे सौ लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सरकारी स्कूलों को कान्वेंट स्कूलों के टक्कर में लाकर खड़ा करने के प्रयास में जुटी हुई है। सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करते हुए योगी सरकार ने पहले स्कूलों के भवनों को ठीक कराया और फिर स्कूलों को स्मार्ट बनवा रही है। अब ज्यादातर स्कूलों में स्मार्ट क्लास बन गये हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविन्द पाठक ने बताया कि आईआईटी मद्रास से एक कॉन्ट्रैक्ट हुआ है, जिसमें वाराणसी के सरकारी स्कूलों के क्लास 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को आईआईटी के शिक्षक पढ़ाएंगे। सभी क्लासेज़ स्कूल के समय के बाद ऑनलाइन चलेंगी।

बीएसए ने बताया कि वाराणसी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 100 स्कूलों में ऑनलाइन क्लास जल्द शुरू होगी। वाराणसी के चयनित स्कूलों में 70 स्मार्ट क्लास हो चूके हैं। 30 स्कूलों को जल्द आईआईटी मद्रास के माध्यम से स्मार्ट बनाया जाएगा।

आईआईटी मद्रास प्रोजेक्ट विद्या शक्ति के लिए हर स्कूल में टेक्निकल सपोर्ट के लिए एक कोऑर्डिनेटर रखेगा, जो स्थानीय ही होगा। इससे 100 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसका खर्च आईआईटी मद्रास वहन करेगा।

## प्रोफेसर एम के सिंह चुने गए इंडियन सोसाइटी आफवीड साइंस के उपाध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**हाल** ही में हुए इंडियन सोसाइटी ऑफ वीड साइंस के उपाध्यक्ष चुनाव 2023- 24 ओर 2024 -25 के लिए के कृषि विज्ञान संस्थान ( सस्य विज्ञान विभाग ) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। इंडियन सोसाइटी आफवीड साइंस के उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव ऑनलाइन माध्यम 18 मार्च से 30 मार्च तक हुए जिस में आईएसडब्ल्यू के लाइफ मेंबर्स ने अपना मतदान किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए कुल 4 लोगो ने अपना नामांकन किया था। मतदान के परिणाम में प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कुल 682 सदस्यों ने सफ्लतापूर्वक अपना वोट डाला, जिसमें 56 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह को कुल 445 वोट के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# काशीवासियों का प्यार दिल में संजोएं राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य सिक्किम रवाना

- रवानगी के पूर्व रामनगर स्थित आवास पर जुटे सैकड़ों लोग, की पुष्पवर्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सिक्किम** के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य काफी भावुक नजर आए। मौका था तीन दिन वाराणसी प्रवास के बाद सिक्किम रवानगी का। रवानगी के पूर्व रामनगर स्थित आवास पर सैकड़ों लोग जुटे और उन पर पुष्पवर्षा कर भावयुक्त विदाई दी। काशीवासियों से मिले प्यार को दिल में संजोकर राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य सिक्किम रवाना हुए।

रवानगी के वक्त आवास के बाहर जुटे लोगों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि रामनगर और वाराणसी के निवासियों का अपनापन ही उनकी ऊर्जा शक्ति और साहस है, जो उन्हें समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है। कर्त्तव्य पथ पर अपनत्व को कभी आड़े न आने देने वाले राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा, अपने वाराणसी प्रवास के दौरान मेरे आत्मीय लोगों के प्रेम, सहयोग और स्नेह से मैं काफी अभिभूत हूँ। आप सभी के साथ से मेरा आत्मबल बढ़ा है और देश के प्रति काम करने का जज्बा भी प्राप्त हुआ है। इस विशेष साथ और सहयोग के लिए आपका शत-शत आभार। इसी कड़ी में राज्यपाल ने स्मृतिका प्रवाह, वाराणसी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के प्रति सम्मान और श्रद्धा स्वरूप प्रतिमा में पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक प्रखर राष्ट्रभक्त, एकात्म मानववाद के प्रणेता हैं।

## क्विक न्यूज

### प्रो. डी0पी0 सिंह ने की कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन से मुलाकात



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिक्षा सलाहकार प्रो0 डी0पी0 सिंह ने आज कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार जैन से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों प्रख्यात शिक्षाविदों ने शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े विषयों तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विकास के संबंध में विचारों का आदान-प्रदान किया।

### प्रो. रमेश कुमार सिंह शस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष

**वाराणसी।** प्रो. रमेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को शस्य विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. यशवंत सिंह ने नवनियुक्त विभागाध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान विभाग के शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### बीएचयू में परीक्षा की स्थल व तारीख में कोई परिवर्तन नहीं

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 26 से 30 अप्रैल, 2023 के बीच प्रस्तावित है। इसके चलते 26, 27, 28, 29 को होने वाली अन्य परीक्षाएं सांध्य पाली में (1.30 से 4.30 बजे) आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं के आयोजन स्थल व तारीख में कोई परिवर्तन नहीं है।

### प्रमाण पत्र जारी नही होने पर गोंड महासभा में नाराजगी

**सकलडीहा/चन्दौली।** अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामउजागिर गोंड़ ने तहसील प्रशासन द्वारा गोंड समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी नही करने का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन से गोंड जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग किया है। अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व जिपंस रामउजागिर गोंड़ ने कहा कि लम्बे समय से गोंड समाज के लोग प्रमाण पत्र के लिये तहसील का चक्कर काट रहे है। जबकि जनपद के प्रभारी मंत्री भी गोंड समाज से आते है। शासन की निर्देश के बावजूद तहसील प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र जारी करने में हीला हवाली किया जा रहा है।

### गैंगेस्टर मामले में एमपी एमएलए कोर्ट का 15 अप्रैल को आएगा फैसला

**गाजीपुर।** जनपद के बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी और बाहुबली मुख्तार अंसारी के खिलाफ चल रहे गैंगस्टर मामले में 15 अप्रैल को फैसला आएगा। साल 2007 में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी और उनके भाई मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मुकदमा विधायक कृष्णानंद राय की 29 नवंबर 2005 को हुई हत्या को आधार बनाते हुए किया गया था। साथ ही मुख्तार अंसारी पर कृष्णानंद राय की हत्या के अलावा रुंगटा के अपहरण एवं हत्या का भी मामला शामिल था। इस मामले में लगातार कोर्ट के तरफ से कार्यवाही चल रही थी और 1 दिन पूर्व शुक्रवार को इस मामले में बहस हुई। शनिवार को भी बहस चली और बहस पूरा हो गया है। वहीं इस मामले पर जजमेंट 15 अप्रैल को आना है। यह जानकारी शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने दी।

### विपक्ष को डराना धमकाना देश के लिए नुकसानदेह : अजय

**अमेठी।** जिला मुख्यालय के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने बताया कि जनवरी में एक घटना हिडनबर्ग की हुई थी जिसमें एक पेपर रिलीज हुआ था जिसकी वजह से देश के सबसे अमीर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी का शेयर तेजी से गिरा ह्र उन्होंने कहा कि अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये इन सवालों के जबाब में न तो भारतीय जनता पार्टी के नेता दे रहे हैं और न ही प्रधानमंत्री जी कुछ बोल रहे हैं ह्र बल्कि कहा यह जा रहा है कि अडानी पर हमला भारत पर हमला है और इस मुद्दे को लगातार दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला एवं जिला मीडिया प्रभारी एवं जिला कांग्रेस के महामंत्री अनिल सिंह भी मौजूद थे।

### इंटर स्कूल फूटबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सोनशक्ति स्टेडियम में इंटर स्कूल फूटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक रिहंद अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इंटर स्कूल फूटबाल टूर्नामेंट31मार्च से5 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित सेंट जोसफस्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल एवं केन्द्रीय विद्यालय की टीमें भाग लेगी। इंटर स्कूल फूटबाल टूर्नामेंट की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक रिहंद अशेष कुमार चट्टोपाध्याय नें कहा कि खेल में हार-जीत नहीं बल्कि उसमें भाग लेना ही काफी महत्वपूर्ण होता है। उन्होने कहा कि खेल से बौद्धिक क्षमता के साथ सर्वांगीण विकास भी होता है। उन्होने सभी टीमों का स्वागत किया और फूटबाल कि विशेषताएँ बताई साथ ही प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। आयोजन में सभी टीमों ने भाग लेकर फूटबाल कौशल का प्रदर्शन करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### कांग्रेसियों ने एसडीएम व बीडीओ को सौपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली।** भारत सरकार पर संविधान, लोकतंत्र विरोधी, जनविरोधी होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह व खण्ड विकास अधिकारी अंजू रानी वर्मा को सौपा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रविंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता की आवाज को दबाने के हर सम्भव प्रयास कर रही है। आजाद भारत के इतिहास में विपक्ष को इस प्रकार कुचलने का आज तक कुचक्र नही रचा गया। सरकार पूजीपतियों के इशारे पर कार्य कर रही है। राहुल गांधी की सदस्यता के सवाल पर श्री सिंह ने कहा कि वह न्यायपालिका का सम्मान करते है लेकिन सरकार द्वारा इस मामले में दिखाई जा रही तेजी साजिश का इशारा कर रही है। संजीव पाण्डेय एडवोकेट ने कहा कि घोटालो को छिपाने के लिये सरकार विपक्ष का समाप्त करने में लगी है। भ्रष्टाचार व मंहगाई पर बात करने के चलते राहुल गांधी के साथ साजिश के तहत कार्रवाई की जा रही है। सरकार की इन जनविरोधी कार्यो को कांग्रेस बर्दास्त नही करेगी और सडको पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस मौके पर भारी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### ऊंचाहार पुलिस ने गोकशी के मामले में दो आरोपितों को जेल भेजा

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** गत मंगलवार की रात पूरे किशुनी मजरे अरखा गांव के पास जंगल में चार युवक गोवंश का वध कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हत्या करने वाले (चापड़) आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया था। वहीं तीन अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकले। पुलिस ने शनिवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पूरे किसुनी मजरे अरखा गांव के पास एनटीपीसी परियोजना द्वारा राख निस्तारण केंद्र बनाया गया है। जिसके पास सूनसान घने जंगल हैं। मंगलवार की रात गांव के राकेश मिश्र, धीरज, नीरज, आशु सिंह आदि ग्रामीणों को जानकारी मिली कि घने जंगल का फायदा उठाते हुए चार लोग एक गोवंश की हत्या कर रहे हैं। जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए थे। और घेराबंदी कर गौ तस्करों को पकड़ लिया था। जिसके बाद सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

# जिले में संचारी रोगों के खिलाफ शुरू हुआ विशेष अभियान

**संवाददाता।** मिर्जापुर



**जिला** मुख्यालय पर एक बड़े आयोजन के साथ जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ अभियान शुरू हुआ। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रथम चरण जिले में 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक जिले में चलाया जायेगा। शनिवार को जिलाधिकारी ने शेल्टर होम में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाकर व रैली को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस आशय की जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर रामआसरे ने दी। इस अभियान के तहत जहां घर.घर जाकर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है वहीं इन रोगों को नियंत्रित करने के लिए जांच और तेज की जाएगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जनपद में आज यानि एक अप्रैल विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगोंए जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी बीच 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की जांच के लिए अमूमन हर साल 25 प्रतिशत जांचें लक्षित रहती थी। जबकि अब इसकी क्षमता करीब दोगुनी दी गई। इस वर्ष जिले में ..... जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने वर्ष वार चिन्हित मरीजों का आंकड़ा भी बताया।

नोडल अधिकारी गुलाब वर्मा ने बताया कि जो बीमारी एक मरीज से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में दूषित भोजनए जल या संपर्क या कीटनाशक या जानवर से फैलती है उसे संचारी रोग कहते हैं। इसमें प्रमुख रूप से डेंगूए मलेरियाए फाइलेरियाए कालाजारए चिकिनगुनियाए क्षय और कुष्ठ रोग आदि हैं। इन्हीं बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष संचारी रोग चल रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग एक नोडल के रूप में कार्य कर रहा है जबकि अन्य विभागों को सहयोग करने की ज़िम्मेदारी दी गई है। साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सफाई के साथ लारवारोधी गतिविधियां और फागिंग भी कराई जा रही है। इस अभियान के तहत घर.घर सर्वेक्षण कर फ्लूए खांसीए बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाएगी। अभियान के दौरान आशा संगिनीए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमुख भूमिका में घर.घर जाकर अभियान सफल बनाएंगी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में मलेरिया निगरानी में सुधार और वार्षिक रक्त परीक्षण दरझ 10 तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

# रमजान में भी कुछ लोगों के गुनाह माफ नहीं होते

**संवाददाता।** मीरजापुर

**रमजान** अरबी भाषा का शब्द है। रमजान का शाब्दिक अर्थ है जला देना। यह रोजा रखने वाले के गुनाहों को जला देता है। रमजान के पहले दिन दस दिन रहमत, अगले दस दिन मग़फिरत और बाकी दस दिन जहन्नम से आजादी के हैं। दुनिया में तीन तरह के लोग हैं- पहले वे लोग हैं जो गुनहगार नहीं हैं उनके लिए तो शुरु से ही रहमत और इनाम की बारिश हो जाती है। दूसरे वे लोग हैं जो मामूली गुनहगार हैं, उनके लिए रोजा रखने की बरकत से गुनाहों की माफी हो जाती है। तीसरे वे लोग हैं जो ज्यादा गुनहगार हैं, उनके लिए पूरे महीने के रोजे रखने और इबादत करने के बाद आग से निजात (जहन्नम से आजादी) है। रमजान के पाक महीने में भी चार तरह के लोगों के गुनाह माफ नहीं होते। ऐसे लोगों की रोज़े रखने पर भी मग़फिरत नहीं होती। वे चार प्रकार के लोग हैं- (1) शराब पीने वाले (2) मां-बाप का दिल दुखाने वाले (3) सगे- संबंधियों से झगड़ा रखने वाले (4) अपनों से नफरत करने वाले और उन को नुकसान पहुंचाने की ताक में रहने वाले।

इस्लाम में शराब हराम है और इसके पीने वाले अगर तौबा करके पीना नहीं छोड़ते हैं तो उनकी बख्शीश नहीं है। मां-बाप का दिल दुखाने वाले नाफरमानों के लिए तो माफी की कोई गुंजाइश ही नहीं। करीबी रिश्तेदारों से झगड़ने के बाद सुलह न करने वालों को माफी नहीं मिलती।

अपने करीबियों और रिश्तेदारों से किना रखने वाले, उन्हें नुकसान और तकलीफ पहुंचाने की ताक में रहने वाले, उनसे नफरत करने वाले की भी माफी नहीं। इसके अलावा यदि रब चाहे तो किसी को भी माफ कर सकता है। उसकी रहमत से मायूस नहीं होना चाहिए और अपने गुनाहों से तौबा कर के फिर से गुनाह न करने का कसम खाना चाहिए। रोजा सिर्फ़ भूखे- प्यासे रहने का नाम नहीं है बल्कि शरीयत के अनुसार अपने दिन- रात गुजारने का नाम भी है। रोजे की भूख और प्यास हमें गरीब और लाचारों की भूख- प्यास का एहसास कराती है। रोजा हमें सब्र और संयम सिखाता है।

# कांग्रेसियों ने सरकार के विरोध में नारे लगाए, राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

**संवाददाता।** ऊंचाहार (रायबरेली)



**शनिवार** को सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी नेता तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां सरकार विरोधी नारे लगाते हुए राज्यपाल को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान अतुल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जनता की आवाज को उठा रहे हैं लेकिन उनको दबाया जा रहा है। कांग्रेश लोकतंत्र बचाओ अभियान चलाकर देश के कोने कोने में जाकर भाजपा के कृतियों को उजागर करेगी।

इस दौरान विधानसभा प्रभारी महेश प्रसाद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन में चारों ओर से फेल हो चुकी है। भाजपा ने देश व समाज को बांटने का कुचक्र शुरू किया है। जिससे हम सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है। कहा कि जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई लड़ कर देश के लिए बलिदान दिया। ऐसे परिवार पर भाजपा हर प्रकार से आक्रमण कर रही है। यहां तक कि राहुल गांधी को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया है। भाजपा अपने कार्यकाल में भारतीय संविधान में दिए गए स्वतंत्रता के अधिकारों को कमजोर करने का काम कर रही है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री और अदाणी के रिश्ते के बारे में पूछा तो उनकी लोकसभा में कोई सुनवाई नहीं की गई। और गुजरात में एक पुराने मामले में उन्हें जेल की सजा सुनाकर लोकसभा की सदस्यता से भी निष्कासित कर दिया। अदाणी के खाते में आखिर 20 करोड़ रुपए कहां से आए।

# कांशीराम की प्रतिमा का अनावरण कल अखिलेश करेंगे

- चरूहार जियायक में कार्यक्रम, आयोजक पूर्व मंत्री सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य

**संवाददाता।** रायबरेली



**समाजवादी** पार्टी की नीति है कि समाज के दलित, पीड़ित, शोषित लोगों की आवाज बनकर उन्हें उनका अधिकार दिलाने न्याय दिलाने के लिए जिन महापुरूषों ने संघर्ष किया, उन्हें सम्मानित किया जाय। इसी कड़ी में 3 अप्रैल 2023 को चरूहार जियायक में स्थित मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय परिसर में स्थापित दलितों शोषितों एवं पीड़ितों के मसीहा मान्यवर कांशीराम की प्रतिमा के अनावरण के आयोजन की व्यवस्था उ0प्र0 सरकार के पूर्व मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने की है। मूर्ति का अनावरण उ0प्र0 के पूर्व मुख्यमन्त्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करेंगे। यह जानकारी सपा के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने एक स्थानीय होटल में प्रेस कांफ्रेस कर पत्रकारों को दी। पत्रकार वार्ता में श्री यादव के अलावा वरिष्ठ सपा नेता उत्कृष्ठ मौर्य 'अशोक', राम विलास यादव, मो0 इलियास, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव, राजेन्द्र यादव, सौरभ सिंह यादव, आनन्द चौधरी, अरशद खान, रामसेवक वर्मा, सुरेश पटेल, रंजीत यादव, रामे यादव, आशीष चौधरी, राजेश मौर्या बसंत लाल मौर्य, अरविन्द चौधरी अदि लोग उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेता ओपी यादव ने बताया कि 3 अप्रैल 2023, दिन सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रायबरेल आगमन पर जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ टोलगेट पर स्वागत किया जायेगा। बछरावाँ विधान सभा में विधायक श्याम सुन्दर भारती के नेतृत्व में बछरावाँ चौराहे व विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। हरचन्दपुर विधान सभा में विधायक राहुल लोधी के नेतृत्व में प्यारेपुर व विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। सदर विधान सभा में मो0 इलियास, मुकेश रस्तोगी, सुरेश निर्मल, सौरभ सिंह, संजय पासी, रामसेवक वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। ऊँचाहार विधान सभा में पूर्व मन्त्री एवं विधायक डा0 मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टिकठा मुसल्लेपुर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।

## पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाज

**जामो अमेठी।** पुलिस की सक्रियता से 4 दिन पहले स्टेट बैंक से टप्पे बाजी कर नगद एक लाख रुपये उड़ाने वाला पुलिस की गिरफ्त में है।

जानकारी के अनुसार अभी 4 दिन पहले स्टेट बैंक की नंद महर शाखा से नाटकीय ढंग से ?100000 लेकर फरार हो जाने का मामला सुर्खियों में था जिसमें बैंक मैनेजर सहित कई लोग शक के दायरे में थे ह्र जिसका मुकदमा भी थाने पर पंजीकृत था ह्र पुलिस की सक्रियता काम आई और दौरान चेकिंग उमरपुर नहर पुलिया पर एक संदिग्ध अवस्था में मुसाफिरखाना की तरफ से आ रही पल्सर बाइक को रोकने का प्रयास किया लेकिन बाइक सवार भागने लगा ह्र जिसे दौड़ाकर पुलिस वालों ने दबोच लिया और तलाशी लिया जिसमें मौके पर ?80000 नगद और एक 315 बोर का कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुई ह्र नगदी के बारे में पूछने पर पकड़े गए रामवीर पुत्र राजाराम निवासी मंगरौली जमवारी थाना शुकुल बाजार ने बताया कि यह 80000 रुपए नंद महर शाखा से धोखाधड़ी करके जो हमने लिया था।

# युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर की आत्महत्या

**मुसाफिरखाना,अमेठी।** क्षेत्र के पलिया पूरब गांव स्थित रेलवे लाइन पर युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया ।सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजवाया । मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की भोर में स्थानीय कस्बे के समीप दादरा क्रॉसिंग से करीब 50 मीटर पश्चिम पलिया पूरब गांव की सीमा में रेल लाइन पर युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया । मृतक की पहचाना ओम प्रकाश पासी उम्र 27 वर्ष पुत्र शीतला प्रसाद निवासी ग्राम मूंघी थाना जामों अमेठी के रूप में हुई ।मौके पर मिले सुसाइड नोट के आधार पर घटना को आत्म हत्या माना जा रहा है।शनिवार की भोर में युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा जीआरपी के अविनाश कुमार विवेकानंद सिंह ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया ।जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुल्तानपुर भेजवाया ।वही सूचना पर पहुंचे पिता शीतला प्रसाद ने बताया कि ओम प्रकाश दिल्ली रहता था ।मृतक की शादी थाना क्षेत्र जगदीशपुर के गांव डोमाडीह से करीब छ: वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी मायके से नही आती थी,ओम प्रकाश गुरुवार को दिल्ली से घर आया था ।मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था वही जय प्रकाश व अरुण छोटे हैं ।घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

# स्कूल चलो अभियान को सफल बनायें शिक्षक : संजीव कुमार


**संवाददाता।** सोनभद्र



**कम्पोजिट** विद्यालय हिन्दुआरी परिसर में शनिवार को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा स्कूल चलो अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम अभियान का लाईव प्रसारण देखा गया, इस दौरान मुख्यमंत्री के सम्बोधन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौंड़, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, डायट प्राचार्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण व बच्चों ने देखा। इस दौरान स्कूल चलों अभियान का शुभारंभ राज्यमंत्री संजीव कुमार गौंड़ व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने दीप प्रज्जवलन व गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया, इस दौरान राज्यमंत्री संजीव कुमार गौंड़ ने कहाकि स्वस्थ तन व स्वस्थ मन के मूल मंत्र है, इस नूतन सत्र के अवसर पर संचारी रोगों से स्वास्थ्य रक्षा करते हुए नौनिहालों को अध्ययन करने की शुभकामनाएं दी व नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का सेट विद्यालय के बच्चों व नव नामांकित छात्र छात्राओं को उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा किया गया है, इस अभियान को सफ्ल बनाने में स्कूल के शिक्षकगणों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। शिक्षकगण इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर, चौपाल के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के दाखिलें के लिए अभिभावकों को प्रेरित करते हुए जागरूक करें।

# एनसीएल ने कोयला उत्पादन और प्रेषण में किया शानदार प्रदर्शन

**सोनभद्र।** वित्त वर्ष 2022-23 में भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 122 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष 7.14 प्रतिशत की शानदार वार्षिक वृद्धि के साथ 131.17 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।



एनसीएल को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 122 मिलियन टन कोयला प्रेषण का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं सहित सभी ग्राहकों को 6.25 प्रतिशत की बेहतरीन बढ़त के साथ 133.51 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है। बिजली घरों को भारी मात्रा में 119.53 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। कंपनी को अधिभार हटाव में भी व्यापक सफ्लता मिली है। 410 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाव का लक्ष्य दिया गया था जिसमें अपने सभी रेकॉर्ड को तोड़ते हुए एनसीएल ने 27.78 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 463.40 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। इस प्रदर्शन पर सीएमडी एनसीएल भोला सिंह निदेशक डॉ अनिंद्य सिन्हा मनीष कुमार रजनीश नारायण जितेंद्र मलिक मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रणव कुमार पटेल ने टीम एनसीएल को बधाई दी है।

# सपना सिंह ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एंव स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने जिला पंचायत सभागार मे मॉ सरवस्ती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओ एवं अध्यापको को शपथ दिलायी गयी एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके उपरान्त कक्षा एक व कक्षा 7 के छात्र व छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक एवं नामांकन फार्म भरकर बच्चो को वितरण भी किया गया एवं बच्चों को प्रोत्साहित भी किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान जो 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्री संचारी रोग नियंत्रण के बारे घर घर जाकर लोगो को जागरूक करते हुए साफ सफाई, जलभराव, कूलर में पानी, पीने का पानी, टूटे-फूटे बर्तन, टायर में पानी इकट्ठा नहीं होना चाहिए इसके बारे में बताएंगे। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत उन्होंने कहा कि 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अध्यापक घर घर जाकर उत्साहित करेंगे। शासन द्वारा बच्चों को पठन सामग्री भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाये ये सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सरकार की मंशा है कि हर घर के बच्चो को उच्च शिक्षा मिले जिससे कि आने वाले समय में ड्राक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर एवं अधिकारी बन सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरगोविंद सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। पिछले 3 से 4 सालों में इंसेफलाइटिस से होने वाली मौतों पर अंकुश लगा है। इसी के निरंतरता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह मनाया जा रहा है। इसी माह में 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का दरवाजा खटखटाएंगे, और वहां पर बीमार बच्चों या अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे।

## मिशन अखंड भारत शिक्षा निकेतन की प्रतियोगिता में 11 बच्चों ने मारी बाजी

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**भारत** के सबसे बड़े सनातनी संगठन मिशन अखंड भारत अपनी द्वारा संचालित मिशन अखंड भारत शिक्षा निकेतन की एक प्रतियोगिता 14 मार्च 2023 को करवाई थी। जिसमें मिशन अखंड भारत में कुल 28 बच्चों ने हिस्सा लिया था और 28 बच्चों में जो प्रथम 11 आए थे। उनको अधीक्षक पुलिस अधीक्षक बीबी जीपीएस मूर्ति जी द्वारा सम्मानित करते एक सरस्वती माता की प्रतिमा और एक मिशन अखंड भारत का प्रमाण पत्र दिया गया बच्चों ने खुशी जताई और पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात आदरणीय मूर्ति जी ने संगठन के भले के लिए कामना की उन्होंने कहा रवि द्विवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी आप अच्छे कार्य करते रहिए और मैं आपके साथ हूं आपका संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है और मैं लगातार आप से जुड़ा हुआ हूं वहीं पर बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए का कि आप लोग पढ़ते रहिए और जगह.जगह अपने संगठन का और अपने माता–पिता का नाम रोशन करिए चाहे पुलिस अधीक्षक हो या डीएम सभी आपके साथ हमेशा था साथ खड़े रहेंगे शिक्षा सर्वोपरि है और आप लोग पढ़ते जिसमें प्रथम स्थान आस्था द्विवेदी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान रिचा देवी तृतीय स्थान मानस ने प्राप्त किया हुआ चतुर्थ स्थान में सौम्या द्विवेदी पांचवी में गुनगुन मिश्रा छठ में भी देविका पांडे सातवें में गुनगुन पांडे आठवीं में पिया पांडे नवी स्थान में सक्षम प्रजापति वह दसवें स्थान में रौनक मिश्रा दीपा द्विवेदी ने अच्छा काम करके संगठन का नाम रोशन किया। संगठन के समस्त सम्मानित पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि द्विवेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सूर्या गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमलता शर्मा प्रदेश अध्यक्ष इकब बबलू राजपूत अध्यक्ष व्यापार मंडल माता प्रसाद लोधी ने खुशी जाहिर की व संगठन के अन्य जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष सतीश सिंह लखनऊ ने खुशी जाहिर की।

## कंपोजिट विद्यालय किशुनखेड़ा से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**खीरों ( रायबरेली )।** विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किशुनखेड़ा से शनिवार को प्रधान शिक्षक दुर्गेश सिंह और ग्राम प्रधान सुरेन्द्र यादव ने बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश कुमार ने समस्त विद्यालयों के उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो अभियान, नामांकन मेला अनिवार्य रूप से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान शिक्षक दुर्गेश सिंह ने बच्चो के संचारी रोग निवारण के विषय में जानकारी देते हुए विद्यालय के बच्चों को परीक्षाफल और निश्शुल्क पुस्तकें वितरित की। उत्तीर्ण प्रतिभाशाली बच्चो को खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, प्रधान शिक्षक दुर्गेश सिंह और ग्राम प्रधान सुरेन्द्र यादव ने पुरस्कृत किया। इस दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई। जागरूकता रैली के माध्यम से किशुनखेड़ा गांव में अभिभावक को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन के बाद बीआरसी कार्यालय खीरों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्कूल चलो अभियान का सजीव प्रसारण किया गया।

## एक बार फिर से अमेठी के लोग राहुल गांधी के साथ खड़े रहें : अजय राय

**संवाददाता।** अमेठी

**उत्तर** प्रदेश में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को अमेठी की जनता को राहुल गांधी की ताकत बताते हुए अपील की कि जिस तरह से उन्होंने गांधी परिवार का साथ दिया है उसी तरह से एक बार फिर वे राहुल गांधी के साथ खड़े रहें।

अजय राय ने कहा, अमेठी की जनता राहुल गांधी की ताकत है और जिस तरह से अमेठी की जनता ने गांधी परिवार का साथ दिया है, हम चाहेंगे कि उसी तरह से एक बार फिर से अमेठी के लोग राहुल गांधी के साथ खड़े रहें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर आरोप लगाते हुए कहा , लोकसभा चुनाव में वोट पाने के लिए यहां की सांसद स्मृति ईरानी ने झूठ बोला और जनता से 13 रुपए किलो चीनी देने का वादा किया, लेकिन आज चीनी का दाम किसी से छिपा नहीं है जबकि गांधी परिवार ने इस तरह न कभी झूठ बोला और न ही झूठ बोलकर वोट लिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेठी राहुल गांधी के दिल और जेहन में है और वह कभी अमेठी को भूल नहीं सकते हैं। गौरतलब है कि 2019 तक अमेठी गांधी परिवार का गढ़ रहा। सिर्फ 1977 में यहां गांधी परिवार के संजय गांधी पराजित हुए थे। अमेठी सीट का संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रतिनिधित्व किया लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी ने 2004 से लगातार चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी को पराजित कर दिया। राहुल गांधी के खिलाफ लगातार प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहने का आरोप लगाते हुए अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी ने कर्नाटक में भाषण दिया था जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात में मुकदमा दर्ज कराया। मानहानि के मामले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस राज्य में बात होती है वहीं पर मुकदमा दर्ज होता है जबकि इन लोगों ने दूसरे राज्य में ले जाकर मुकदमा दर्ज कराया। राय ने कहा कि मोदी सरकार को राहुल गांधी से इतनी घबराहट है कि सब कुछ जल्दबाजी में करते हुए दो साल की सजा होने के अगले ही दिन उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई और 40 घंटों का समय देते हुए उनसे आवास खाली करने को कहा गया।

## क्विक न्यूज

### 1 अप्रैल को लोग 'अप्रैल फूल डे' की मजेदार रस्म निभाते हैं

**वाराणसी।** दुनिया भर में हर साल 1 अप्रैल को लोग 'अप्रैल फूल डे' की मजेदार रस्म निभाते हैं। इस दिन से जुड़े अपने पुराने दिनों को याद करते हुए लग जा गले के नमिक पॉल, मैत्री के नमिश तनेजा और मैं हूं अपराजिता के मानव गोहिल जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने इस दिन से जुड़ी अपनी शरारत की कहानियों और प्यारी यादों को ताजा किया।ज़ी टीवी के लग जा गले में शिव के रोल में नजर आ रहे नमिक पॉल ने कहा, ''अप्रैल फूल डे मेरे लिए बचपन से ही बहुत रोमांचक रहा है। मेरे घर में सभी को लगता था कि मैं सबसे बड़ा मसखरा हूं क्योंकि मैं अपने भाई-बहनों को परेशान करता था। ज़ी टीवी के मैं हूं अपराजिता में अक्षय का रोल निभा रहे मानव गोहिल ने कहा, ''अप्रैल फूल डे से जुड़ी मेरे बचपन की यादें हमेशा बहुत रोमांचक रही हैं।

### कोविड में भी सफर प्रतिबद्धता एवं समर्पण की कहानी है

**वाराणसी।** कहते हैं कि सपने उसके पूरे होते हैं जिसके सपनों में उड़ान होती है वही कर दिखाया अनंत ने सपने को भी साकार कर लिया। कोविड-19 महामारी के कारण उन्हें रेस्टोरेंट बंद करना पड़ा। इससे घबराए बिना उन्होंने पिज्जा क्लब निन्यानवे के आगे बढ़ाने पर और स्विगी के साथ मिलकर अपने दुकान को आगे बढ़ाने और शहर में अपने रेस्टोरेंट की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में काम शुरू कर दिया। एफएंडबी इंडस्ट्री में बिना किसी अनुभव के बढ़ाए गए कदम से शुरू में अनंत के समक्ष कई चुनौतियां भी आईं।

### विवेकानंद बिहारीलाल इण्टर में बच्चों का परीक्षाफल वितरित

**खीरों (रायबरेली)।** विवेकानंद बिहारीलाल इण्टर का खीरों और रामकुमारी विद्या मंदिर शिवपुरी में शनिवार को बच्चों का परीक्षाफल वितरित किया गया। इस दौरान बच्चों ने अनेक बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दोनों विद्यालयों के प्रबंधकों ने प्रमाणपत्र के साथ मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। राम कुमारी विद्या मंदिर शिवपुरी के प्रबंधक अशोक कुमार सिंह और विवेकानंद विद्यालय के प्रबंधक चंदिका प्रसाद श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अधिक परिश्रम कर सफलताएं अर्जित करने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों को भी अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोविंद त्रिवेदी, संस्थापक रामकिशोर सिंह, रामेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य मो 0 साबिर, शिक्षक अंशुल साहू , रंजना मिश्रा, आदेश श्रीवास्तव, कपिल सिंह, शुभम तिवारी, अंकित चौरसिया, शिवचंद, अनामिका, अंशिका मिश्रा, शिवानी शर्मा आदि सहित सभी शिक्षक, अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न

**ऊंचाहार।** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, इस दौरान कुल 25 शिकायती पत्र आये, जिसमें एक भी शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका ,सभी शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है।एसडीएम आशीष कुमार मिश्र ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। पूरे भुसई गाँव निवासी रामराज ने गांव के ही व्यक्ति के खिलाफसहन की भूमि कब्जाने की शिकायत की ,तो मोहनपुर निवासी ज्ञानवती ने गांव के ही लोगों के विरुद्ध जबरन जमीन कब्जाने की शिकायत की, केवलपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी कुसुम देवी ने दबंगों द्वारा मकान निर्माण में अड़ंगा लगाने को लेकर शिकायती पत्र दिया, खुर्रमपुर निवासी सगीर ने कब्रिस्तान की भूमि का चिन्हांकन करवाने का प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर तहसीलदार अजय कुमार गुप्ता, बीडीओ हरिश्चंद्र गुप्ता,नायब तहसील सत्याराज,कोतवाल बालेन्दु गौतम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ओबीसी समुदाय ने सामूहिक रूप से तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों ने एक साथ होकर ओबीसी के हित की मांग करते हुए एक ज्ञापन तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह को दिया जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन ओबीसी वर्ग के लोगों ने तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा की अपने ह क की मांग करना पड़ेगी जिलाध्यक्ष सैनी समाज दीपचंद सैनी वरिष्ठ पत्रकार समेत ओ बी सी समर्थको ने कहा कि हम सभी जाति धर्म का सम्मान करते हैं और करते रहेंगे लेकिन हमारे अन्य पिछड़ा वर्ग के किसी भी साथी के अधिकारों का हनन न हो श्री सैनी ने कहा कि हमें किसी के साथ कोई ज्यादती नहीं करनी किसी का हक नहीं चाहिए लेकिन हमें हमारा हक भी मिलना चाहिए उन्होंने कहा कि जिस मांग को लेकर हम आगे बढ़े हैं हमें उम्मीद है कि सरकार उस पर सही निर्णय देगी बड़ी विडंबना है कि जनपद जालौन बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार है और जनपद जालौन की चार नगर पालिका परिषद की सीटों में एक भी सीट ओबीसी कोटे को नहीं मिली यह बड़े दुख का विषय है यदि पिछड़ा वर्ग को इसी तरह हाशिए पर रखा जाता है तो यह समझा जायेगा कि सरकार का सबका साथ और सबका विकास में कहीं न कहीं खोट है क्योंकि सीधा-सीधा यह ओबीसी के साथ अन्याय होगा श्री सैनी ने कहा कि चूकि हमारे जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति जी भी ओबीसी समुदाय से आते हैं उन्हें भी अवगत कराया जाएगा इतना ही नहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शीघ्र ही मुलाकात कर उन्हें भी इस बात से अवगत कराया जाएगा इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि स्थानीय निकाय के निदेशक को अपनी आपत्ति भेजी जा चुकी है!

### समस्या ग्रस्त को भी दें निस्तारण की जानकारी -अभिषेक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी व सीडीओ की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कर्वी में हुआ। फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने तहसील कर्वी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम कर्वी से कहा कि भूमि विवाद के मामले पुलिस व राजस्व टीमों को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्या निपटायें। गुणवत्तापूर्ण समस्याओं का निस्तारण किया जाये, क्योंकि शासन से निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है। समस्या निस्तारित कर समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी बतायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम कर्वी राजबहादुर, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार रामानंद मिश्रा, मंगल सिंह, बीडीओ आस्था पांडेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर बीएल गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने दो दिवसीय पोषण उत्सव मेलों का किया शुभारंभ

**अमेठी।** आज पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद अमेठी के चार स्थानों पर-अमेठी- रामलीला मैदान, गौरीगंज-रणंजय इंटर कॉलेज मैदान, जगदीशपुर- रामलीला मैदान, तिलोई- सुभाष पशुपतिनाथ कॉलेज मैदान में दो दिवसीय पोषण उत्सव मेले का आयोजन किया गया। उक्त पोषण उत्सव मेले का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार/सांसद अमेठी स्मृति ईरानी जी के प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता, भाजपा महामंत्री संजय राय, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के अतर्गत अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रति विकास खंड 03-03 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 10-10 हजार एवं 03-03 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 05-05 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं सैम बच्चों के पोषण स्तर में सहयोग करने वाली मां को बडी मदर के रुप में प्रशिस्ति पत्र प्रदान किया गया। मेले में पोषण स्वास्थ्य जांच शिविर, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों की प्रतिकृति, स्वस्थ आयुष उत्पादों का प्रदर्शन आदि के स्टॉल लगाये गये।

## समाजवाद के बिना राम राज्य की कल्पना बेमानी होगी : शिवपाल

**संवाददाता।** इटावा

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता सब समझने लगी है कि धर्म और राम राज्य के नाम पर समाज को किस तरह बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवाद के बिना राम राज्य की कल्पना बेमानी होगी।

सपा महासचिव यादव ने सैफई ब्लॉक के गींजा गांव में रामनवमी के अवसर पर आयोजित मेले को संबोधित करते हुए कहा कि जब–जब समाज में जुल्म अत्याचार बढ़ा है, तब–तब अन्याई व अत्याचारी लोगों की हार हुई है।

उन्होंने कहा कि जब रावण का अन्याय और अत्याचार चरम पर पहुंचा तब भगवान राम की विजय हुई थी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा, जब रावण जैसे अन्याई अत्याचारी का अंत हुआ और सत्य पर चलने वाले भगवान राम की विजय हुई तो निश्चय ही देख लेना इस बेईमानी, अन्याय व भ्रष्टाचार का अंत होगा, जिसने जितने झूठे वादे जनता से किए हैं, इनके खिलाफ जनता में माहौल बनने लगा है।

महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए सपा महासचिव ने कहा कि नौ वर्षों में एक भी वादा पूरा नहीं हुआ, किसानों के सामने कितनी दिक्कत परेशानी आ रही हैं, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार चरम पर है। सपा नेता ने आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर भी रिश्वत लेने का आरोप लगाया और कहा कि भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे की ओर चला है।

## कानपुर में आग पर 38 घंटे बाद पाया गया काबू

**संवाददाता।** कानपुर

**कानपुर** में एक व्यावसायिक परिसर में लगी आग पर शनिवार दोपहर पुलिस, अग्निशमन कर्मियों और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दलों ने 38 घंटे बाद काबू पा लिया। इस भयंकर आग में करीब 800 दुकानें जली हैं। पुलिस उपायुक्त (मध्य) प्रमोद कुमार ने बताया कि हालांकि टावरों से धुएं का गुब्बार अभी भी निकल रहा था, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने अब हर मंजिल पर आग की स्थिति का जायजा लेने के लिए भवन परिसर में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। डीसीपी ने कहा कि अग्निशमन अभियान में सहायता के लिए एनडीआरएफ को भी बुलाया गया है। गौरतलब है कि बांसमंडी इलाके में शुक्रवार तड़के एक बहुमंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 800 दुकानें जलकर खाक हो गईं। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अनुमान है कि आग में 500 करोड़ रुपए से अधिक का सामान और नकदी जलकर खाक हो गई है। डीसीपी कुमार ने स्वीकार किया कि रात के समय अग्निशमन दल का बचाव अभियान थोड़ा धीमा हो गया था क्योंकि दमकलकर्मी और पुलिस कर्मी काफी थके हुए थे। स्थानीय निवासी मोहम्मद बिलाल ने बताया कि शुक्रवार की रात तेज हवाओं के कारण आग की लपटें आस–पास के वाणिज्यिक और आवासीय भवनों की ओर फैल गईं और धुएं का गुबार आसपास के घरों में घुस गया, जिससे स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। डीसीपी ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है क्योंकि सभी दुकानें बंद थीं। उन्होंने कहा कि एक दुकान में काम करने वाला ज्ञान चंद (40) नामक व्यक्ति लापता बताया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि उसका पता लगाने के लिए पुलिसकर्मियों और दमकलकर्मियों ने परिसरों में तलाशी शुरू कर दी है। दुकानदारों ने बताया कि आग में सब कुछ जल गया। व्यापारी अशोक अग्रवाल ने बताया कि एआर और मसूद टावर में उनकी एक दुकान दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं. उन्होंने कहा, त्योहारों के मौसम में दोस्तों और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर ज्यादा मांग के कारण मैंने होजरी आइटम का स्टॉक किया था। जिलाधिकारी विशाल जी. अय्यर ने शुक्रवार को बताया था कि अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजेश कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्ईय समिति का गठन किया गया है, जो नुकसान का आकलन और आग लगने के कारणों की जांच करेगी। उनके अनुसार समिति में अपर नगर आयुक्त, संयुक्त निदेशक (व्यापार कर) और मुख्य अग्निशमन अधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा था कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद इस समिति का गठन किया गया है। पाठक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और उन दुकानदारों से मुलाकात की, जिनकी दुकानें और प्रतिष्ठान आग में नष्ट हो गए। उपमुख्यमंत्री ने कारोबारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### पूरक सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**फतेहपुर।** पंचायत एवं नगरीय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अवस्थित नगर पालिका परिषद फतेहपुर, नगर पालिका परिषद बिंदकी व नगर पंचायत असोथर, बहुआ, कोडा जहानाबाद, खागा, किशनपुर, हथगाम, खखरेरू व कारिकान धाता के निवासियों को बताया कि नगर निकायों की वार्डवार निर्वाचक नामावली का एक अप्रैल को पूरक सूची का अन्तिम प्रकाशन करा दिया गया है।

## सरकार के जवाब न देने तक कांग्रेसी जारी रखेंगे धरना-प्रदर्शन

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने पांचों ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों की अगुवाई में राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारियों को सौंपा।कर्वी में सविता पाल, रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार की अगुवाई में प्रदर्शनकर बीडीओ रामनगर को ज्ञापन सौंपा। मऊ ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष अरुणेंद्र मिश्रा और सुमन विश्वकर्मा की अगुवाई में प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया।

शनिवार को चित्रकूट ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष जगजाहिर पटेल की अगुवाई में प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने बीडीओ आस्था पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। पहाड़ी ब्लाक में कामता प्रसाद द्विवेदी की अगुवाई में प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। मानिकपुर ब्लाक में सेवादल के प्रदेश सचिव कुलदीप मिश्रा की अगुवाई में प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने कहा कि पांचों ब्लॉकों में ज्ञापन सौंपकर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध जताया गया। जिस ढंग से राहुल गांधी की आवाज दबाने का प्रयास सरकार कर रही है, कांग्रेस के कार्यकर्ता बर्दास्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार अपने मित्र गौतम अडानी को बचाने का प्रयास कर रही है। आम जनता जानना चाहती है कि मोदी और गौतम अडानी के बीच क्या रिश्ता है, जब तक इसका जवाब नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## पटेल सेवा संस्थान ने बैठक कर बनाई चुनाव की रूपरेखा


**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान की कार्यकारिणी की अंतिम बैठक संस्थान कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें सदस्यता अभियान के तहत आगामी चुनाव की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष लाल देवेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने की। उन्होने बताया कि 21 अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इसी दिन शाम पांच बजे तक संपूर्ण विवरण मय रसीद के जमा हो जायेगा। इसके बाद कोई भी नया सदस्य नहीं बन सकेगा। सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन 26 अप्रैल को किया जायेगा। सदस्यता संबंधी आपत्तियां 30 अप्रैल को शाम पांच बजे तक स्वीकार की जायेंगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो मई को किया जायेगा। इसी दिन त्रिस्तरीय चुनाव समिति का गठन होगा। उन्होने बताया कि कार्यकारिणी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पांच मई को प्रात: दस बजे से शाम पांच बजे तक होगी। छह मई को प्रात: दस बजे से शाम पांच बजे तक नाम वापसी होगी। चौदह मई को मतदान प्रात: दस बजे से शाम चार बजे तक कराया जायेगा। तत्पश्चात मत पत्रों की गणना होने के बाद परिणाम घोषित किया जायेगा।

## नि: शुल्क नेत्र शिविर में 25 नेत्र रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के चिन्हित

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के पंचायत भवन गोविन्दपुर में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ द्वारा आयोजित निरूशुल्क नेत्र शिविर में 25 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। गौरतलब हो कि गोविंदपुर ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ संरक्षक राजकुमार सिंह द्वारा पंचायत भवन गोविंदपुर में निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ से आई 7 सदस्यीय नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा शिविर में आए 85 नेत्र रोगियों की आंखों का नेत्र परीक्षण कर 25 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र शिविर के व्यवस्थापक दिनेश यादव ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित सभी नेत्र रोगियों को निर्धारित तिथि पर चिकित्सालय की बस द्वारा लखनऊ ले जाया जाएगा और ऑपरेशन के पश्चात पुन: सभी को उसी बस से वापस पंचायत भवन गोविंदपुर पहुंचा दिया जाएगा। प्रधान राजकुमार सिंह के सार्थक प्रयासों से निरूशुल्क नेत्र शिविरों के माध्यम से अब तक सैकड़ों नेत्र रोगियों की आंखों को रोशनी मिल चुकी है। जिसके लिए समूचे क्षेत्र में प्रधान राजकुमार सिंह की सराहना हो रही है।

## प्राथमिक विद्यालय राजापुर के बच्चों को दान दी गई डिजिटल स्लेट

**संवाददाता।** रायबरेली



**परिषदीय** विद्यालयों में शनिवार को पुराने छात्रों को विदाई दी गई और स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। स्कूल चलो अभियान के साथ में बच्चों के नामांकन करने पर भी जोर फोकस करने की बात कहीं गई। शनिवार को अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीईओ ने स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की। राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर में परीक्षाफल का वितरण किया गया। वहीं, ऊंचाहार ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरबहदा में भी परीक्षाफल का वितरण किया गया। अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में क्लॉस फाइव पास हो चुके बच्चों की फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। इसके साथ ही सभी क्लॉस के टॉप थ्री बच्चों को बीईओ अमावां रत्नामणि मिश्रा की तरफ से पुरूस्कार दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के नए गेट का फीता भी काटा। इसके अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ में बैठक भी की। उन्होंने एसएमसी के सदस्यों से स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मीना तिवारी, अमित मिश्रा, प्रीति बाजपेई, पायल आदि लोग मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय पहरेमऊ में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को किताबों का वितरण बीईओ रत्नामणि मिश्रा ने किया।

इस मौके प्रधानाध्यापक सन्तन श्रीमौली, दयाशंकर तिवारी, कबीरुद्दीन, राजेश सिंह, रितेश सिंह, सरिता पंकज, उमेश, रमेश, अमित, आशुतोष आदि लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम प्रमोद झा ने बांटी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें

**संवाददाता।** राजापुर(चित्रकूट)



**जहाँ** एक ओर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को आधार स्तम्भ माना है। वहीं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है।

इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय द्वितीय राजापुर में उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ व अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा नगर पंचायत के द्वारा छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर शिक्षा के क्षेत्र में जन जागरण किया जाए।

राजापुर कस्बे के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ के द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण करते हुए कहा कि शिक्षा में मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करना जो उन्हें उनके स्वयं के साथ तथा समाज के प्रति उत्तरदायी बना सके और शिक्षा कार्य करने के लिए सामर्थ्य बनाना चाहिए।

किसी भी शिक्षा के समान नैतिक शिक्षा के लिए तीन बिन्दु आवश्यक हैं। पाठ्यक्रम, अध्यापन और मूल्यांकन शिक्षा में आध्यात्मिक ज्ञान को सम्मिलित करने के लिए पाठ्यक्रम का पुनर्गठन करना चाहिए। आध्यात्मिक आधार की अनुपस्थिति में नैतिकता, समय की परीक्षा में खड़ी नहीं उतर सकती है और नैतिक शिक्षा का अलग सोपान करना चाहिए। उन्होने कहा कि प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक की पूर्णतया नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छात्र छात्राओं को सफलता अर्जित नहीं होती और आधुनिक पद्धति की अपेक्षा युवाओं का व्यक्तिगत नैतिक और सामाजिक उत्तरदायी होना अधिक महत्वपूर्ण है और छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक वर्ग को भी अपनी नैतिकता के आधार पर कर्तव्य पालन करना आवश्यक है।

## गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टि के आधार पर करें शिकायतों का निस्तारण: डीएम

**संवाददाता।** फतेहपुर

**सदर** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। जिसमें पुलिस, राजस्व, विकास, विद्युत, शिक्षा, कृषि, नलकूप, भूमि विवाद, पेंशन, सिंचाई आदि विभागों से संबंधित कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से चार शिकायतों का ही मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब, लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर शिकायतकर्ता की छोटी या बड़ी समस्या को गंभीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाये।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गंभीरता से सुनें। उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें।

## जन जागरूकता रैली के साथ संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता।** सोनभद्र



**शनिवार** को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिह व सीएमओ राधे गोविंद यादव ने जनपद मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय से जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 जी0 यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में दिनांक 1अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक तथा दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत चिकित्सा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, नमामि गंगे, बेसिक माध्यमिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग विभाग, बाल विकास पुष्टाहार समेत अन्य विभागों द्वारा गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण,नालियों की सफाई,खुली नालियों को ढकना,खराब हैंडपंपों की मरम्मत,इंडिया मार्का हैंडपंपों का चिन्हांकन, एन्टीलार्वा छिड़काव,फागिंग,झाड़ियों की कटाई,स्कूलों में बच्चों के संक्रमण रोगों से बचाव की जानकारी दिया जाना, कृंतिम नियंत्रण गतिविधियों का संचालन, सूअर बाडे मालिकों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किये जाने के साथ ही चिन्हित आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बुखार के रोगी, क्षय, कोविड, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण किया जाएगा।

# केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर ने रचा इतिहास

**● वर्तमान वित्तीय वर्ष में 4767 आरकेएम ब्राड गेज नेटवर्क का किया विद्युतीकरण**

**संवाददाता।** प्रयागराज



**केंद्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन कोर ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 4767 आरकेएम के उच्चतम विद्युतीकरण के अपराजेय रिकॉर्ड के साथ नई स्वर्णिम ऊंचाई पर समाप्त किया है। भारत सरकार ने विद्युतकर्षण के निहित लाभों को ध्यान में रखते हुए दिसंबर 2023 तक पूरे ब्राड गेज रेल मार्ग का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया। कोर के सीपीआरओ एस के द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के साथ कोर ने महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4283 आरकेएम के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए 4767 आरकेएम का विद्युतीकरण किया। बताया कि राष्ट्रीय मिशन को प्राप्त करने के लिए कोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नौ परियोजना इकाइयों के माध्यम से एक समर्पित टीम के रूप में एक सुरक्षित ऊर्जा कुशल पर्यावरण के अनुकूल और किफायती रेल परिवहन प्रणाली विकसित कर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रणी योगदान दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन और क्षेत्रीय रेलवे भी रेलवे विद्युतीकरण के काम में शामिल हैं। हालांकि कोर ने विद्युतीकरण कमीशनिंग का बड़ा हिस्सा किया है। जो वित्तीय वर्ष 2022 23 में किए गए सम्पूर्ण विद्युतीकरण कार्यों का लगभग 74 फीसद है। कोर की परियोजना इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सिकंदराबाद परियोजना का रहा। जिसने 1050 रूट किलोमीटर का योगदान दिया। अन्य परियोजनाओं में बैंगलोर परियोजना द्वारा 713 रूट किलोमीटर अहमदाबाद परियोजना द्वारा 669 रूट किलोमीटर जयपुर परियोजना द्वारा 670 रूट किलोमीटर न्यू जलपाईगुड़ी परियोजना द्वारा 580 रूट किलोमीटर अंबाला परियोजना द्वारा 453 रूट किलोमीटर चेन्नई परियोजना द्वारा 406 रूट किलोमीटर लखनऊ परियोजना द्वारा 194 रूट किलोमीटर एवं कोलकाता परियोजना द्वारा 31 रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का योगदान दिया गया। विभिन्न रेलवे और राज्यों के अधिकार क्षेत्र के तहत खंडों के विद्युतीकरण के अलावा कोर बिजली आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करने और सुचारू और सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए ट्रैक्शन सब स्टेशनों को लगातार कमीशन कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 23 में कोर द्वारा कुल 61 ट्रैक्शन सब स्टेशन चालू किए गए हैं। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 80 फीसद की महत्वपूर्ण छलांग है। कोर की परियोजना इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ ट्रैक्शन सब स्टेशन टीएसएस कमीशनिंग का प्रदर्शन भी सिकंदराबाद परियोजना का रहा। जिसने 12 टीएसएस कमीशन किए। अन्य परियोजनाओं में बैंगलोर परियोजना द्वारा 6 टीएसएस अहमदाबाद परियोजना द्वारा 4 टीएसएस जयपुर परियोजना द्वारा दस टीएसएस न्यू जलपाईगुड़ी परियोजना द्वारा एक टीएसएस अंबाला परियोजना द्वारा छह टीएसएस चेन्नई परियोजना द्वारा पांच टीएसएस लखनऊ परियोजना द्वारा छह टीएसएस एवं कोलकाता परियोजना द्वारा 11 टीएसएस कमीशन कर विद्युतीकरण में योगदान दिया। केवल मार्च 2023 में ही विभिन्न रेलवे में कुल 21 ट्रैक्शन सब स्टेशन कमीशन किए गए। जो मासिक आधार पर टीएसएस कमीशनिंग का रिकॉर्ड है। इससे पहले जनवरी 2023 में 11 टीएसएस कमीशन किए गए थे। कोर समयबद्ध तरीके से टीएसएस की कमीशनिंग को लेकर अत्यन्त गम्भीर है ताकि ज़ोनल रेलवे को परिचालन व अनुरक्षण में असुविधा न हो। इसी तरह इस वित्तीय वर्ष में कोर द्वारा कुल 50 टावर वैगन शेड कमीशन किए गए जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 212 फीसद की बड़ी छलांग है। टावर वैगन शेड ट्रैक्शन अनुरक्षण व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और बचे हुए टावर वैगन शेड को जल्द से जल्द कमीशन के लिए कोर पूरा ज़ोर लगा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 23 में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ने कई महत्वपूर्ण खण्डों का विद्युतीकरण किया है। जो न केवल सेक्शन क्षमता और परिचालन गति को बढ़ाएगा बल्कि आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेगा।महाप्रबंधक कोर प्रमोद कुमार ने केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट उपलब्धि अथक प्रयास बेहतर योजना बदलती कार्य संस्कृति और जोनल रेलवे एवं अन्य एजेंसियों के साथ सटीक समन्वय का परिणाम है। यह हमारी क्षमताओं का द्योतक है जो चुनौतियों को स्वीकार करते हुये परिणाम देने के लिए सदैव तैयार रहता है। उन्होंने इस स्वर्णिम उपलब्धि के लिए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन को बधाई दी। इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ने विद्युतीकरण कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है जो भारतीय रेलवे को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

# जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में क्षेत्र में विकास कार्यों पर हुई सहमति




**संवाददाता।** संतकबीरनगर।

**जिला** पंचायत की बोर्ड की बैठक शनिवार को विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यो को कराये जाने का प्रस्ताव रखा। सदन में क्षेत्र में विकास कार्यो को कराये जाने पर सहमति बनी। बैठक में गत वर्ष पिछली कार्यवृत्ति की पुष्टि पर चर्चा की गई। वर्ष 2022-23 पुनरीक्षित बजट 55 करोड़ 22 लाख 28 हजार 781 रूपया अनुमोदित किया गया। वर्ष 2023-24 में मूल बजट 32 करोड़ 89 लाख 68 हजार 781 रूपये का बजट पास हुआ। बैठक में जिला पंचायत वार्षिक कार्य 2023-24 हेतु सभी प्रस्ताव पर अनुमोदन मांगा गया है। जिस पर आगामी बैठक में चर्चा की जायेगी सहित अन्य बिन्दुओ पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र यादव, गौहर अली खॉ, अमित कुमार, हनुमान कन्नौजिया, राम सुरेश चौरसिया सहित 27 सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने धनघटा तहसील में सुनीं जनसमस्याएं

**● जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने मेंहदावल सभागार में जनता की सुनीं शिकायतें**

**संवाददाता।** संत कबीर नगर



**धनघटा** तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने फरियादियों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी को बुलाकर तत्काल अथवा निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र नें कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि थाना से सम्बंधित प्रकरण को थानाध्यक्ष एवं तहसीलदार स्वंय मौके पर जाकर निस्तारण कराये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति शासन बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न किया जाये। 41 मामले आये 7 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सीडीओ संत कुमार, एसडीएम धनघटा डा0 रवीन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर उपस्थित रही। मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संदीप कुमार ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। 62 मामले आये 6 का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, तहसीलदार मेंहदावल निशा श्रीवास्तव उपस्थित रही। इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये। 44 मामले आये 4 का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, तहसीलदार शेख आलमगीर सहित राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# भिनगा-इकौना के निर्वाचकों हेतु वार्डवार नामावली का हुआ अन्तिम प्रकाशन

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**अपर** जिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगर निकाय) डी पी सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना के निर्वाचकों के लिए वार्ड वार निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन शनिवार 1 अप्रैल को कर दिया गया है, जो जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगर निकाय) कार्यालय के अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत और नगरीय निकाय, कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एसडीएम/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भिनगा एवं इकौना, तहसीलदार/ अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भिनगा/ इकौना, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना के अलावा कलेक्ट्रेट, विकास भवन, निर्वाचन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर अवलोकन के लिए उपलब्ध है।

## भव्यता के साथ होगी कार्यक्रम की शुरुआत

**प्रयागराज।** कई महत्वपूर्ण प्रकार के वस्तुओं को लेकर योजना बनाई है। इसी के साथ मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज की फ्रेंचाइजी में अपने नये स्मार्टफोन मोटो जी तेरह को शुरू करने की घोषणा की है। जिसे बेहद किफ़ायती कीमत पर बेजोड़ एक्सपीरियंस के साथ प्रीमियम और मॉडर्न डिज़ाइन देने के लिए डिज़ाइन है। लोग किसी भी लुक का चुनाव कर सकते हैं। मोटो जी तेरह अब दो आकर्षक कलर्स मैट चारकोल और लेवेंडर ब्लू में है। स्मार्टफोन की बिक्री पांच अप्रैल दो हजार तेईस से फ्लिपकार्ट मोटोरोला डॉट इन तथा लीडिंग रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी।

## क्विक न्यूज

### तकनीक को लेकर साझा किए गए अनुभव

**प्रयागराज।** हाल ही में देश में वी सीरीज का अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन वीवो वी सत्ताईस पेश किया। स्मार्टफोन एक खूबसूरत थ्री डी कर्व्ड डिस्प्ले नाइट पोर्ट्रेट के लिए ऑरा लाइट के साथ ट्रिपल कैमरा सेटअप और वीवो की रंग बदलने वाली टेक्नोलॉजी के साथ आता है।मीडियाटेक डायमेंसिटी सात हजार दो सौ चिपसेट के साथ डेब्यू करने वाला यह भारत का पहला स्मार्टफोन है। जो स्मार्टफोन को एक स्मूथ यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करता है। चूंकि वीवो की वी सीरीज़ हमें प्रभावित करने में कभी असफल नहीं रही। इसलिए हम यह जानने के लिए उत्सुक थे कि क्या नया वीवो वी सत्ताईस हाइप पर खरा उतरेगा। वी सीरीज के अन्य स्मार्टफोन्स की तरह स्टाइलिश लुक और अल्ट्रास्लिम डिजाइन में है। लेकिन वी सत्ताईस के डिजाइन में जो यूनिक वह इसकी थ्री डी कर्व्ड ऐमोलेड स्क्रीन है। क्योंकि यह पहली बार है कि वीवो ने नॉन प्रो वेरिएंट में एक कर्व्ड डिस्प्ले प्रदान किया है। स्मार्टफोन के मैजिक ब्लू वेरिएंट में बेहतर सेंसीविटी के साथ वीवो की बहुचर्चित कलर चेंजिंग फ्लोराइड एजी ग्लास टेक्नोलॉजी भी है। इसकी बिल्ड क्वालिटी स्क्रैच और फिंगरप्रिंट रेसिस्टेंट है।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने जनपद खीरी का किया भ्रमण

**लखीमपुर खीरी।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ पीयूष मोर्डिया द्वारा जनपद खीरी का भ्रमण किया गया। जिसके आईजी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मानप्रणाम ग्रहण करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालयए वाचक कार्यालयए आंकिक शाखाए प्रधान लिपिक शाखाए स्थानीय अभिसूचना इकाईए आईजीआरएस सेलए मॉनीटरिंग सेल, सीसीटीएनएस सेलए साइबर सेलए लोक शिकायत प्रकोष्ठए डीसीआरबीए महिला सेलए अपराध शाखा व एएचटीयू के अभिलेखों के रख.रखावए उद्यतन स्थिति व साफसफाई की समीक्षा की गई एवं शाखा प्रभारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर निष्पक्षतापूर्वक तथा समयबद्ध तरीके से राजकीय कार्य सम्पादित करनेए कराने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। तत्पश्चात



आईजी द्वारा जनपद के सम्भ्रान्त व्यक्तियोंए व्यापार मण्डल के व्यक्तियों व पत्रकार बंधुओं के साथ वार्ता की गई। सभी सम्भ्रान्त व्यक्तियों व पत्रकार बंधुओं से आगामी त्योहारों व निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की गई। साथ ही द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी में मानप्रणाम ग्रहण करते हुए पुलिस लाइन परिसर में स्थित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन स्थित संगोष्ठी सदन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीए थाना प्रभारीए सीएफओए एलआईयू प्रभारी व प्रभारी 112 आदि के साथ गोष्ठी कर आम जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी त्योहारों व निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी नेपाल सिंह व अन्य अधिकारीए कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मामूली विवाद में युवक को चाकू मारा

**बरेली।** गंदगी फैलाने पर लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बहेड़ी थाना क्षेत्र के नूरी नगर निवासी मोहम्मद आकिर रजा को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायल ने बताया कि वह मुरादाबाद में अंजुमन अहले सुन्नत मदरसे में हाफिज की पढ़ाई करता है और कुछ दिन पूर्व अपने घर वापस आया था कल शाम को उसके पड़ोस में रहने वाला असगर उसके दरवाजे पर गंदगी फैला रहा था तब उसकी मां ने उसको गंदगी फैलाने से मना किया जिससे असगर उसकी मां को गालियां देने लगा और विवाद होने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो असगर और उसके लड़कों ने उस पर हमला कर दिया इसी दौरान किसी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया घायलों में शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायल को रात में ही इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

### अफीम तस्कर की लाखों की संपत्ति जब्त

**बरेली।** एक अफीम तस्कर और उसकी पत्नी द्वारा अर्जित की गई लाखों की चल चल संपत्ति को आज पुलिस और राजस्व टीम ने जब्त तक कर लिया।थाना सिरौली में गैंगस्टर के अंतर्गत अफीम तस्कर सिरौली थाना क्षेत्र के गांव धीमरपुर की गोटिया निवासी कुवरपाल पुत्र भजनलाल और उसकी पत्नी सोमवती द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई 26 लाख 63 हजार कीमत की जमीन 5 लाख 25 हजार रुपए कीमत का ट्रैक्टर जब्त कर लिया जब्त करने वाली टीम में अलीगंज थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह सिपाही आशीष चौधरी विजेंद्र सिंह महिला सिपाही नाजनीन बानो आंवला के नायब तहसीलदार दीपक कुमार राजस्व निरीक्षक मोहम्मद यूसुफ लेखपाल तेजपाल शामिल रहे ।

### गाँव में अपना उद्योग लगाएं स्वरोजगार द्वारा आयस्रोत बनायें

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री अजय पाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित ''मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना'' के अन्तर्गत रू0 10.00 लाख तक के प्रोजेक्ट को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने हेतु इच्छुक शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियोंध्अनुभवीध्प्रशिक्षित एवं परम्परागत कारीगर (जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो) ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा स्वीकृत एवं वितरित परियोजना में टर्म लोन पर सामान्य वर्ग के पुरुष आवेदक को 4 प्रतिशत तक ब्याज स्वयं वहन करना होगा, इससे ऊपर शासन द्वारा देय होगा एवं अन्य सभी आरक्षित वर्ग को टर्म लोन पर ब्याज मुक्त ऋण सफलतापूर्वक उद्योग संचालन पर बैंक के माध्यम से 05 वर्ष तक शासन द्वारा उद्यमी के पक्ष में बैंक को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवेदक डडळल् पोर्टल यूआरएल ीजजचरूध्ध्बउमहच.कंजं-बमदजमत.बव.पद पर जाकर फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट (टेण्ट हाउस, तेल घानी मिल, ब्यूटी पार्लर, आटा चक्की, सटरिंग, दुग्ध उत्पाद (डेयरी), सिलाई-कढ़ाई, बढ़ई गिरी, नाई गिरी, प्लम्बरिंग, मधुमक्खी पालन, साईकिल मरम्मत, बैट्री निर्माणध्भरना, चाय की दुकान इत्यादि उद्योग) आदि दस्तावेज अपलोड कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### रोड़ा बन रहा अवैध अतिक्रमण, की शिकायत

**बरेली।** जनपद बरेली के विकासखंड क्षेत्र भोजीपुरा के गांव रम्पुरा माफी के रहने वाले ग्रामीण तहसील दिवस में फरियाद लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने तहसील दिवस में मौजूद उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव रम्पुरा माफी में कच्ची रोड है। जिसका पक्का निर्माण विधायक निधि के द्वारा हो रहा है, जो रम्पुरा माफी से नैनीताल रोड को जोड़ता है। गांव में नहर के पास से ढाई सौ मीटर तक सीसी रोड होना था, जिसमें नाला, पानी निकासी के लिए बनाया जाना है। पक्की रोड स्वीकृत होने के बाद जब ठेकेदार गांव रम्पुरा माफी पहुंचा तब ग्रामीणों के सामने रोड और नाला निर्माण को लेकर चुना डालकर चिन्हीकरण करके 30 फीट चौड़ाई चिन्हित की गई थी। कुछ जगह में ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रखा है ।

# अटल चबूतरा का लोकार्पण

**संवाददाता।** गोंडा



**सिसई** रानीपुर गाँव में शताब्दी आयोजन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पावन स्मृति में 'अटल चबूतरा' का लोकार्पण और मानस प्रेमी स्व. विश्वनाथ मिश्र की स्मृति में 'श्रीरामचरित मानस वाटिका' का शिलान्यास कर शुभारंभ किया गया। इस अनूठी योजना के परिकल्पक इस गाँव के निवासी प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अध्यक्ष और शोध केंद्र के निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि यह अटल चबूतरा स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं सुशासन का प्रतीक होगा। इसके साथ ही राष्ट्रध्वज, भारतीय संविधान के साथ समस्त राष्ट्रीय प्रतीकों को इस अटल चबूतरे पर स्थापित किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रतीकों का यह अधिष्ठान अपने परिवेश सहित देश और समाज के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना का प्रसार करेगा। उन्होंने जानकारी दी कि मानस वाटिका में रामायण और श्रीरामचरितमानस में वर्णित 182 पौधों-वृक्षों, 27 नक्षत्रों तथा नवग्रह वाटिका सहित पंचवटी के पौधों का रोपण कर एक अभिराम दर्शनीय वाटिका निर्मित की जाएगी, जो रामकथा के पर्यावरणीय पक्ष का जीवंत स्मारक होगी। इस अवसर पर प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र के निवेदन एवं प्रस्ताव पर उन्होंने जीतेश पांडेय द्वारा तैयार संकलित सूची प्राप्त कर 'हिंदी एकीकृत परिभाषा कोश' के संपादन का दायित्व भी स्वीकार किया। साथ ही 'सिसई रानीपुर के सौ साल' नामक शीर्षक की एक स्मारिका भी लोकार्पित की गई। इस स्मारिका में स्वतंत्रता पूर्व गांव की सांस्कृतिक-राजनैतिक-सामाजिक परिस्थिति एवं स्वतंत्रता के उपरांत इस गांव की सामाजिक-राजनैतिक स्थिति प्रस्तुत की गई है। इस स्मारिका के संपादक एस.एन. शर्मा हैं।

# स्कूल चलो और विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जन प्रतिनिधियों ने किया आगाज

**● सांसद प्रवीण निषाद, विधायक अनिल त्रिपाठी ने बच्चों में वितरित किये पुस्तक**

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**शासन** के निर्देश क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान अन्तर्गत 'दस्तक अभियान' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रवीण कुमार निषाद, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, प्रतिनिधि सांसद, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के उद्बोधन को लाइव देखा एवं सुना गया। तदुपरांत सर्व शिक्षा अभियान बेसिक शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत नए सत्र के प्रारंभ पर सांसद, विधायक एवं जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सांकेतिक रूप से पुस्तक वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में सांसद प्रवीण कुमार निषाद व विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023) एवं दस्तक अभियान (17 से 30 अप्रैल 2023) के शुभारम्भ अवसर पर प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद ने सरकार की पुस्तक वितरण की तिथि को मील का पत्थर बताया और कहा कि पिछले सरकारों में कभी भी 01 अप्रैल को पुस्तकें नहीं प्राप्त हो पा रही थी। मुख्यमंत्री के प्रयास से प्रदेश में पहली बार जिला बेसिक विद्यालयों को पुस्तकें उपलब्ध करा दिए गये हैं। डीएम ने बालिकाओं को पुस्तक प्रदान करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा एवं शिक्षा की मुख्य धारा से छूटे हुए बच्चों को शत प्रतिशत विद्यालयों में नामांकित कराकर शासन की मंशा को पूर्ण करने का प्रयास करें क्योंकि एक बालिका के पढ़े-लिखे होने से पूरा समुदाय पढ़ा लिखा हो जाता है। कार्यक्रम के अगले चरण में सांसद द्वारा स्कूल चलो अभियान रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्यक समेकित शिक्षा रजनीश बैद्यनाथ द्वारा किया गया।

# वित्त मंत्री ने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जनपद** में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना के द्वारा गांधी भवन में किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा लखनऊ में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि सभी शिक्षक अपने क्षेत्र के सभी बच्चों को विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन कराएं ,कायाकल्प के द्वारा पूरे प्रदेश में विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है जिससे हमारे 138000 स्कूल में इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत ज्यादा सुधार हुआ है। इसके साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए बेहतर सुविधाएं दी जा रही है। उनको स्कूल यूनिफार्म के लिए डीबीटी की माध्यम से उनके खाते में सीधे पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। इन सभी विद्यालयों में मिड डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को पका पकाया भोजन गुणवत्ता युक्त मिल रहा है। इस अवसर पर माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ,श्री सुरेश कुमार खन्ना, ,सांसद शाहजहांपुर श्री अरुण सागर जी, सांसद राज्यसभा श्री मिथिलेश कुमार, विधायक पुवायां श्री चेतराम जी, ब्लाक प्रमुख भावल खेड़ा श्री राजाराम वर्मा, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक श्री डीपीएस राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री एसबी सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने सभी शिक्षकों को का आह्वान किया कि अपने क्षेत्र के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराएं ,गत वर्ष जनपद में 136 प्रतिशत नामांकन किया गया। इस बार भी हम अपने लक्ष्य से अधिक नामांकन विद्यालयों में कराएंगे , साथ ही उन्होंने बताया बच्चों को बेहतर सुविधा देने के लिए उनको सभी प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है बच्चों की उपस्थिति पर भी विशेष जोर देने की आवश्यकता है ताकि बच्चों का शैक्षिक विकास हो सके इसके इस अवसर पर माननीय मंत्री जी एवं समस्त गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा बच्चों को 2023-24 सत्र पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया बच्चों के द्वारा इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर शिक्षक संगठन के पदाधिकारी समस्त शिक्षक संकुल ए आर पी शिक्षक गण एसआरजी टीम जिला स्काउट गाइड टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने दिए शिकायतों के प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर।




**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। डीएम ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं शिकायतों तथा समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 08 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्यत: राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण, विद्युत, आपूर्ति, आदि विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान लेखपाल राजकमल के विरूद्ध रिश्वत लिये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर डीएम ने जांच कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। डीएम द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए। जो प्रकरण मौके पर निस्तारित होने वाले है उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर सुनिश्चित कराया जाए और जिन प्रकरणों में फील्ड विजिट की आवश्यकता है उनका निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाए। कहा कि लापरवाही करने वालों और निस्तारण में शिथिलता बरतने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से बेहतर व्यवहार करें एवं उन्हें पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री एस. आनंद ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया।

# आठ लाख छात्र-छात्राओं में बाटी गईं निशुल्क पाठ्य पुस्तकें

**संवाददाता।** सीतापुर

- नए शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूल चलो अभियान की हुयी शुरुआत
- जिले को प्राप्त हुयी 27 लाख पाठ्य पुस्तकें, 33 लाख पाठ्य पुस्तकों की जरुरत
- 17 लाख कार्य पुस्तिकाएं भी चाहिए जनपद को, बेसिक स्कूलों मे पंजीकृत हैं करीब 6 लाख बच्चे

**स्कूल** चलो अभियान के साथ ही नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ हो गया। नए सत्र के शुभारम्भ पर पहले दिन करीब 8 लाख छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। यह पहला मौका है जब सीतापुर में नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत के मौके पर इतनी पाठ्य पुस्तकें छात्र-छात्राओं को दी गयी। विगत वर्ष पर नजर डाले तो शैक्षिक सत्र का करीब आधा सत्र बीत गया था फिर भी सभी छात्र-छात्राओं तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंच पायी थीं। अधिकतर नौनिहालों को पुरानी किताबों से ही पढ़ाई करनी पड़ी थी। सीतापुर में लगभग 33 लाख पाठ्य पुस्तकों और 17 लाख कार्य पुस्तिकाओं की जरुरत है। अब तक जिले में 27 लाख पाठ्य पुस्तकें आई हैं। जिले के बेसिक स्कूलों में करीब 6 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। जिन्हें पाठ्य पुस्तकें और कार्य पुस्तिकाएं वितरित की जानी है। उच्च प्राथमिक विद्यालय थानगांव में नवीन शैक्षिक सत्र के शुभारम्भ पर बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरित की गयी। परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनधि अवधेश चौहान व विशिष्ट अतिथि एसओ थान गांवअजय कुमार रावत ने पुस्तकों का वितरण किया कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती-पूजन से हुयी। उत्तम विद्या मंदिर के प्रबंन्धक उत्तम सिंह प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह शिक्षक कुलदीप जयसवाल, कुलदीप कौर, भानु प्रताप सिंह, पंकज गुप्ता मौजूद रहे। ब्लाक परसेंडी के कम्पोजिट विद्यालय परसेंडी में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख परसेंडी राजेंद्र राजवंशी ने निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मोदी योगी की डबल इंजन सरकार में शिक्षा सत्र शुरू होते ही निशुल्क पाठ्य पुस्तकें बाटी जा रही हैं जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में सत्र बीत जाता था बच्चों को पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाती थीं। कार्यक्रम में प्रधान अनूप सिंह, संजय वर्मा, मनोज त्रिवेदी, प्रधानाध्यापक विजय प्रकाश, शिक्षिका सीमा रानी, ओमेन्द्र सिंह, साधना बाजपेई, आरती मिश्रा, अरुणेश शुक्ला, सपना वर्मा, शम्भूनाथ गहलोत, विजय कश्यप शबीना, जमीन मोहम्मद, संजय यादव, जितेन्द्र कुमार, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, मोहम्मद अनीष मौजूद रहे। विकास खंड रामपुर मथुरा के प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर नहरवल में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगा, माला पहना कर स्वागत किया गया। पहले दिन पुस्तकें मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। विगत सत्र में अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बच्चों ने पीटी का प्रदर्शन किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नवीन पटेल राजकुमार मौर्य, राममनोरथ अवस्थी, जंगबहादुर यादव मौजूद रहे। ब्लाक कसमंडा में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण की शुरुआत ब्लाक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी ने की। प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्रचीन में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, प्रधानाअध्यापक अनूप शुक्ला की उपस्थिति में नोडल शिक्षिका उमा यादव ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर सूर्य प्रताप सिंह, विमला यादव, अंजू शुक्ला, फूल कुमारी व अभिभावक मौजूद रहे। लहरपुर तहसील क्षेत्र के ब्लाक बेहटा अतंर्गत कम्पोजिट विद्यालय तंबौर देहात में पुस्तक वितरण का शुभारम्भ मुख्य अथिति भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा विशिष्ट अथिति खंड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक विजय प्रताप सिंह, एस पी सिंह, ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद, एस एम सी अध्यक्ष आशाराम, शिक्षक वफाउल्ला खान, राजेश वर्मा, डा इंद्रसेन सिंह, राहुल रघुवंशी, सुशील पांडेय, कमला कांत अरविंद कुमार, कुलदीप दिनकर, शिक्षामित्र आराधना सिंह अनुदेशक शाराफत अली, मुकेश वर्मा, जीनत, मंजू, आदि मौजूद रहे। सीतापुर के परिषदीय विद्यालयों में करीब आठ लाख छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें शिक्षा सत्र के पहले दिन वितरित की गयी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अबतक 27 लाख पाठ्य पुस्तकें आ चुकी हैं। करीब 33 लाख पाठ्य पुस्तकों और 17 लाख कार्य पुस्तिकाओं की जरुरत है। कार्य पुस्तिकाओं का वितरण बाद में किया जाएगा। बेसिक स्कूलो में लगभग 6 लाख बच्चें पंजीकृत है। जिन्हें पाठ्य पुस्तकें और कार्यपुस्तिकाएं वितरित की जानी हैं।

# बेमौसम बारिश,ओलावृष्टि ने तोड़ दी किसानों की कमर

**संवाददाता।** सीतापुर

**शुक्रवार** रात हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानो की कमर तोड़ दी है। मार्च माह में दूसरी बार बारिश के साथ इस कदर ओले गिरे की किसानों का गेहूँ, सरसों, चना, मटर मसूर आदि फसलों सहित सब्जियों को पचास फीसदी से अधिक नुकसान पहुँचने का अनुमान है। आम बागवानों के अरमानों पर भी पानी फिर गया। समूचे जनपद में 27 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गयी जिसमें सर्वाधिक तहसील सिधौली में 10 मिलीमीटर एवं सदर व मिश्रिख क्षेत्र में 2 मिलीमीटर वर्षा हुई। अलावा महमूदाबाद 6 मिलीमीटर, बिसवां में 4 मिलिमीटर, महोली में 3 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गयी जबकि लहरपुर तहसील क्षेत्र में निल रही। बेमौसम बारिश और किसानों पर बज्रपात सरीखी हुई ओलावृष्टि से किसानों की किन फसलों को नुकसान पहुँचा है इसके लिये आइ इंडिया ने मिश्रिख, सकरन, कुतुबनगर क्षेत्र के किसानों से बातचीत की तो उनका जो दर्द छलक आया। सीतापुर में 2 लाख 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूँ, 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में सरसों, 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में मसूर, 2 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मटर, 700 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जंव और 550 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चना की बुआई किसानों ने की थी। अब जब फसल पक कर तैयार थी तो रुठे इन्द्र देव ने अन्नदाता के अरमानों पर पानी फेर दिया। जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जाएगा। ओलावृष्टि और बारिश से लगभग 25 फीसदी नुकसान हुआ होगा। फसलों के नुकसान का मुआवजा उन्हीं किसानो को मिलेगा। जिन्होनें अपनी फसलों का बीमा करा रखा है। उन्होंने बताया कि किसान जल्द पोर्टल पर जाकर कम्पलेन कर दें।

# स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक साथ आरंभ

- केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ
- शहर से गुजरी जागरूकता रैली

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को कलेक्ट्रेट से स्कूल चलो अभियान - 2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भव्य आगाज हुआ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस जन जागरूकता रैली में डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर का स्कूली बैंड ने न केवल शानदार प्रस्तुति दी बल्कि पूरी रैली में आकर्षण का केंद्र रहा। इस रैली में 11 परिषदीय विद्यालय 06 नगर क्षेत्र, 05 लखीमपुर ग्रामीण के नौनिहाल हाथों में तख्तियां लिए शामिल हुए। इस जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उद्घोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस मौके पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एसीएमओ डॉ अश्वनी डाइट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे, ईओ संजय कुमार, सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अभिभावक व उनके शिक्षक मौजूद रहे। लखनऊ में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव स्ट्रीमिंग हुई। सीएम के उद्बोधन को जनप्रतिनिधियोंए अफसरोंए बच्चों व उनके अभिभावकोंए शिक्षकों ने देखाए सुना। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संविलियन विद्यालय सलेमपुर की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पीएस मिदनिया के बालिका प्रिया ने भी वंदना गाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों प्रमुख अभियानों का सफल क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हों, इसके लिए डीएम और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने नई शिक्षा नीति में प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक किए गए प्रावधानों का जिक्र किया। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा, उचित उम्र में शिक्षा को भी प्रावधानित किया गया है। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। मैं भाग्यशाली हूं कि यहां अच्छे अफसरों की टीम मिली है। लखीमपुर में निरंतरता के साथ टीम भावना से अच्छे प्रयास हुए हैं। राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वाले बधाई के पात्र है। नौनिहालों को आशीर्वाद देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी बच्चों को भगवान खूब पढ़ाए और पढ़ा लिखा कर देश का ऐसा नागरिक बनाएए जो दुनिया के किसी कोने में जाकर भारत के लिए सम्मान अर्जित करें। डीएम ने सम्बोधन की शुरूआत इन प्रेरणादायी पंक्तियों से की कि न पूछो कि मेरी मंजिल कहां है अभी तो सफर का इरादा किया है न थकेगें न झुकेंगे ऐसा हमने अपने बच्चों से वादा किया है। उन्होंने बच्चों को नए शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएमओ ने बच्चों, अभिभावकों सहित अधिकारी कर्मचारियों के संग शपथ ली कि संचारी रोगों जैसे- मलेरिया, फाइलेरिया, एईएस, जेई, स्क्रब टाइफस, डेंगू, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, कालाजार इत्यादि रोकने के लिए हम हर सम्भव प्रयास करेंगे।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारम्भ

**संवाददाता।** सीतापुर

**स्कूल** चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ करने पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने आवाहन किया कि हम सभी का प्रयास हो कि भारत देश सोने की चिड़िया बनें और हमारा जनपद सीतापुर शीर्ष पर पहुंचे। मंत्री ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि भारत देश ने कम संसाधनों में कोविड का सामना किया। जिसकी सराहना विश्व की अनेक संस्थाओं ने की है। उन्होंने बीमारियों के खिलाफ मिलकर लड़ने का आवाहन करते हुए कहा कि बीमारी कोई जाति देखकर नहीं आती मच्छर किसी को भी काट सकता है। कहा कि आजादी के सौवें साल यानि 2047 वें साल में हमें विकासशील से विकसित देश का सफर तय करना है। बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा इस अभियान को सफल बनाने में आम जन को भी एकजुट होना पड़ेगा तभी हम अशिक्षा को दूर कर शिक्षा की ज्योति जला सकते हैं। जब विद्या की ज्योति जलेगी तो बीमारी से मुक्त भी हम लोग होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने कहा बच्चे हमारे देश का गौरव है वह हमेशा सक्रिय रहते हैं बस उन्हें सही मार्ग की जरुरत होती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की चित्र पर दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण से हुयी। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर मनमोहा। पपेट शो के माध्यम से संचारी रोग से बचाव के प्रति जागरुक करते हुए अपर्णा कटियार और भावना पाल ने शानदार प्रस्तुति दी। निपुण भारत अभियान को सफल बनानें के लिए बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया और शपथ भी ली। इस मौके पर प्री प्राइमरी संदर्शिका निपुण तालिका बालवाटिका का विमोचन मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपदीय अधिकारियों ने किया। अधिकतम अंक पाने वाले छात्रों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र शमीम, मोहम्मद हुसैन, सादिया, हिमाशुं गुप्ता, सोनम, अभिषेक, इलमा सुमैया, अश्मा का भी सम्मान हुआ। स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ करने के बाद जिले के प्रभारी मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने शिवथाना स्थित गौशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होनें गौ माता का पूजन अर्चन करते हुए गुड़ और चना खिलाया इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश किया कि गौशाला में पर्याप्त पौधे लगाए जाए ताकि पशुओं को पेड़ो की छावं मिल सके। निरीक्षण के दौरान बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, जिला पंचायत श्रद्धा सागर, डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चद्रंभान, सीडीओ अक्षत वर्मा, सीएमओ डा0 मधु गैरोला, बी एस ए अजीत कुमार, अधीक्षक डा0 अमित कपूर, खण्ड शिक्षा अधिकार शिवमंगल वर्मा, बीडीओ काजल रावत सीडी पीओ शबीना मिश्रा सहित स्वास्थ्य एंव शिक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण हो निस्तारण

**संडीला(हरदोई)।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम एमपी सिंह ने कहा कि शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए उनका निस्तारण इस प्रकार किया जाए कि लोगों की समस्या का निदान हो सके। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण गंभीरतापूर्वक किया जाना चाहिए। यह निस्तारण इस तरह होना चाहिए कि प्रार्थी को यह अनुभूति हो कि उसकी समस्या का सही ढंग से निस्तारण किया गया है। उन्होंने कड़े तेवर रखते हुए कहा कि अभी तक अवैध कब्जा करने अथवा गरीबों की जमीनों पर दबंगों द्वारा मनमानी किए जाने के संबंध में बड़ी संख्या में आ रहे प्रार्थना पत्र इस बात का सूचक हैं कि राजस्व कर्मी जमीनी स्तर पर गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं। उन्होंने राशन वितरण के संबंध में आने वाली शिकायतों पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सक्षम अधिकारी समय समय पर कोटेदारों की वितरण स्थिति पर नजर रखें। डीएम ने नगर संडीला के एक मात्र गुरूद्वारा के समक्ष सूचना पट न लगाने के सभासद शीबा बेगम के पत्र पर कार्रवाई न करने के प्रकरण में अधिकारी से जवाब तलब करते हुए कहा कि जब नगर में सभी धार्मिक स्थलों, सरकारी कार्यालयों, मोहल्लों आदि में ये नोटिस बोर्ड लगाए गए हैं तो आखिर यहां ऐसा क्यों नहीं हुआ। इस समाधान दिवस में लगभग 150 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। संपूर्ण समाधान दिवस में समस्त जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।



### नदियों व जल स्रोत हमारे जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण

**बरेली।** राष्ट्रीय मिशन फॉर क्लीन गंगा द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2022 से 31 मार्च 2023 तक ''गंगा स्वच्छता पखवाडा'' आयोजित किया गया है, जिसके अन्तर्गत जनपद बरेली में आज प्रातः रामगंगा नदी के चौबारी घाट पर जिला गंगा समिति के तत्वाधान में डीएम शिवाकान्त द्विवेदी ने श्रमदान/घाट की सफाई का कार्य कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि गंगा व उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता व सफाई पर विशेष जोर दिया जाए तथा अधिक से अधिक जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए। कहा कि नदियों व अन्य जल स्त्रोतों का हमारे जीवन के लिए जल इतना महत्वपूर्ण है कि जल ही जीवन है। भारतीय सांस्कृतिक के किसी भी कार्य में गंगा जल के छिड़काव से ही पवित्रता की भावना पैदा होती है। कुछ रक्षा एवं सुरक्षा विशेषज्ञों की राय है कि जल के कारण ही तीसरा विश्व युद्ध हो सकता है। ऐसी सम्भावना उन्होंने व्यक्त की। इस कार्यक्रम में रामगंगा घाट की सफाई में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बुखारा कैंप की एक टीम द्वारा भी विशेष योगदान दिया।

### बारिश के कारण किसान फसल के नुकसान की जानकारी तत्काल दें

**शाहजहांपुर।** कृषि निदेशक ने बताया को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 मार्च, को जनपद में हुई ओलावृष्टि एवं खराब मौसम से रबी सीजन में बोई गयी गेंहू दलहनी एवं तिलहनी फसल जो वर्तमान में कटाई हेतु तैयार ध् कटाई चल रही है, यदि कृषकगणो की फसल में क्षति हुई है, ऐसी स्थितिजिन किसानो ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत ऋणी अथवा गैर ऋणी कृषक के रूप में आपने अपनी फसल का बीमा कराया है और प्रीमियम का भुगतान बीमा कंपनी को किया है उनकी फसल में क्षति हुई है, तो किसान जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए अनुबंधित इफको टोकिया जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के टोल फ्री नम्बर 1800 103 5490 एवं 1800 889 6868 पर सम्पर्क कर अथवा बीमा कंपनी प्रतिनिधि विनीत पाण्डेय मो0 संख्या 8181917296 को अपनी फसल में हुई क्षति की सूचना दर्ज करवा दे तथा शिकायत संख्या को प्राप्त कर आप अपने पास संभल कर रख ले तथा उसकी छायाप्रति जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय में उपलब्ध करावा दें, जिससे समय आपकी फसल में हुई क्षति का बीमा कंपनी प्रतिनिधियों, विभागीय कार्मिको ध् राजस्व कर्मी से संयुक्त सर्वे करवा कर नियमानुसार आपको फसल में हुई क्षति का क्लेम बीमा कंपनी से प्रदान करवाया।

### गोकशी के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** जनपद के थाना बिथरी चौनपुर क्षेत्र में एक अप्रैल 2023 को सुबह करीब 6रू00 बजे गांव नवादिया झादा चौराहे के समीप से गौ हत्या में वांछित चल रहे आरोपी बुद्धि उर्फजाबिर पुत्र छुट्टन निवासी भगवानपुर दिल्ली धिमरी थाना इज्जतनगर बरेली को बिथरी चौनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर थाना बिथरी चौनपुर पुलिस ने गौ हत्या के आरोपी जाबिर की घेराबंदी की, अपने आप को पुलिस द्वारा घिरा देख आरोपी बुद्धि उर्फजाबिर ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए थाना बिथरी चौनपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

### जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम आज

**लखीमपुर खीरी।** खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में आज ;रविवारद्ध होगाए जिसमें विभिन्न ब्लाकों से विजयी एवं होनहार टीमें अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगी। गत दिवस विकास भवन सभागार में सीडीओ अनिल कुमार सिंह व विधायक सदर योगेश वर्मा ने जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन पर अफसरों गहन मंथन हुआ।बैठक का सफल संचालन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने सांसद खेल स्पर्धा के जिला स्तरीय आयोजन के संबंध में सभी तैयारियों की स्वयं समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न्याय पंचायत स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं से व्यापक स्तर पर आयोजित होगीए आयोजन में खिलाड़ियों की सभी मूलभूत सुविधाएं मुकम्मल रहेए इसे सुनिश्चित कराया जाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जिला स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उत्तर दायित्व समझाएं।

### जाली नोट छापने के मामले में तीन गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने जाली नोट छापने और चलाने के आरोप में शनिवार को यहां तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 49 हजार रुपये नकली नोट और उसको बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने कहा, पुलिस टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के एक कारखाने में जाली नोट छापने के आरोप में सचिन, अखिलेश और विवेक मौर्य को गिरफ्तार किया पुलिस को गिरफ्तारी के दौरान इनके कारखाने से जाली नोटों की छपाई में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल, स्याही और प्रिंटर भी बरामद हुआ। एसओजी टीम ने थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर चौक कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला अजीजगंज के रहने वाले सचिन और तिलहर के रहने वाले अखिलेश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 42 हजार रुपये के 100-100 रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। भिंड का रहने वाला साथी नोट छापने का काम अच्छी तरह जानता था। उसने आकर पूरा सिस्टम समझाया था। नोट छापने के बाद छोटे छोटे दुकानदारों से छोटा-छोटा सामान खरीदते थे।

# कामयाबी की उड़ान में बाधा नहीं बनेगी दिव्यांगता

- केंद्रीय मंत्री ने दिव्यांगजनों को बांटी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, खिले चेहरे

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**पैरों** से दिव्यांगों को अब हाथ से ट्राइ साइकिल नहीं खींचनी होगी। दिव्यांगों की राह अब आसान हो जाएगी। शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान मे पलिया तहसील में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने आठ दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और हेलमेट का उपहार दिया। यह ट्राईसाइकिल मोटर से चलेगी। शनिवार को पलिया तहसील क्षेत्र के आठ दिव्यांगजनों को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की सौगात दी। साथ ही उनका हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर दिव्यांगजन के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल के साथ.साथ एक एक हेलमेट और लंच बॉक्स भी प्रदान किया।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार सभी के लिए काम कर रही है चाहे वह गरीब हो मजदूर हो या दिव्यांग हो। सरकार हमेशा बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही है। प्रदेश.केंद्र सरकार ने दिव्यांगों को भी आम व्यक्ति की तरह ही समानता का दर्जा देकर उनके लिए भी योजना लागू की हैं। यह छोटा सा उपहार आपके जीवन को थोड़ा सा सरल बना देगा। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याएं भी सुनीं। योजना से वंचित पात्रों को मोटर ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल आपके जीवन में सुलभता लाएगी।सरकार लगातार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर रही। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के जरिए लगातार दिव्यांगजनों के सफर को सुगम बनाने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।कार्यक्रम की शुरुआत में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल नेजनप्रतिनिधियोंए अफसरों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगों की सहायता के लिए कृत संकल्पित है। मोटराइज्ट ट्राई साइकिल बैट्री से चलेगीए जिसमें चार्जर भी लगा है। इसके जरिए दिव्यांग व्यक्ति अपने घर पर बिजली से बैट्री को चार्ज कर सकेगा। दो से तीन घंटे में बैट्री चार्ज हो जाएगी और एक बार में 50 से 60 किलोमीटर तक चल सकेगी।

# संचारी रोग और दस्तक के संबंध में हुई बैठक

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**संचारी** रोग और दस्तक के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक कार्यालय में हुईए जिसमें 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान ग्रामीण क्षेत्र में आशा और आंगनबाड़ी के माध्यम से चलाया जाऐगाए इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 252 टीमे ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई गई हैए जिसमें प्रधान के माध्यम से सफाईए छिड़काव कराने का निर्देश दिऐ गये हैएवही नगर क्षेत्र में दिमागी बुखार सहित अन्य बीमारियों पर नियंत्रण के लिए सफाई के साथ.साथ मलेरिया से बचने के लिए सफाई छिडकाव कराने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया है। बैठक में अधीक्षक डॉ मयंक मिश्रा , बीएमसी सरिता गंगवार एशिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ,वरिष्ठ फार्मासिस्ट डॉक्टर सुशील शुक्ला, बीएसपीएम प्रेम कुमार वर्मा डॉक्टर अजय कुमार गुप्ता, सभासद फरीद खा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# नई शिक्षा नीति करेगी विकसित भारत का निर्माण

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नए नवीन शिक्षा सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति भारत के स्वार्णिम भविष्य का देवतक है। इससे नई पीढ़ी को बहुत लाभ पहुंचने वाला है। उन्होंने संचारी रोग अभियान का भी सीएचसी से शुभारंभ किया। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ग्राम तिलुइयां कलां के प्राथमिक विद्यालय से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंनें कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जमीनी स्तर पर जाकर काम किया है। जिसके कारण तमाम योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचा है जबकि पूर्ण सरकारों में योजनाओं की मात्र घोषणाएं होती थीं और कुछ दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों के बाद उन योजनाओं का कहीं कोई पता नहीं चलता था। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नवीन विकसित भारत के निर्माण के लिए ही देश में नई शिक्षा नीति लागू कराई है और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यानाथ इस योजना को सारे प्रदेश में जमीनी स्तर पर लागू करा रहे हैं। श्री पाठक ने इस अवसर पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देने के साथ साथ नवीन शैक्षिक सत्र की पाठ्य पुस्तके भी वितरित कीं। इस अवसर पर एमएलसी अशोक अग्रवाल, एमएलए अलका अर्कवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरव मिश्रा, जिलाधिकारी एमपी सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ0 विनीता, खण्ड शिक्षाधिकारी संडीला समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इसके बाद संचारी रोग अभियान का शुभारंभ करने के लिए सीएचसी पहुंचे। यहां सीएचसी प्रभारी डॉ0 शरद वैश्य और उनकी टीम ने मंत्री जी का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ0 शरद वैश्य ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दसतक अभियाान शुरू किया जाएगा और लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के अलावा बुखार, इन्फ्लुएंज़ा, टीबी से पीड़ित रोगियों तथा कुपोषित बच्चों का सूचिकरण किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ गांव गांव जांएगी। अपने संबोंधन में श्री पाठक ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए हमे जागरूक रहकर ही संचारी रोगों से मुक्ति मिल सकती है। हमें अपने परिवेश को साफ सुथरा रखने के साथ कहीं भी जलभराव नहीं होने देना है। अपने कूलर, फ्रिज, ट्रे और गमलों की सफाई भी हमें सप्ताह में एक दिन अवश्य करनी चाहिए। श्री पाठक ने इस अवसर पर लोगों को शपथ भी दिलाई कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे। पाठक ने इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ0 शरद वैश्य द्वारा सीएचसी के सुंदर संचालन और जन उपलब्धता के लिए उन्हें शाबाशी भी दी।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को खीरी की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। वही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में 'संपूर्ण समाधान दिवस' आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएम-एसपी गणेश प्रसाद साहा ने फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि पूरी संवेदनशीलता के साथ गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमली जामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

# वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन से मिलती है राष्ट्र की रक्षा और सम्मान की सीख : डॉ मोहन भागवत

**संवाददाता।** चित्रकूट



● व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए

● संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति का अनावरण

● भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन कर जगद्गुरु रामभद्राचार्य से की भेंट

**वीरांगना** रानी दुर्गावती के शौर्य एवं पराक्रम के कारण इस क्षेत्र को स्पर्श करने में आक्रांताओं को दो से तीन दशक तक का समय लग गया। रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली से प्रभावित यहां के लोगों ने आपस के विवादों से दूर रहकर विदेशियों से सतत संघर्ष किया। यहां के लोगों ने अपने छोटे-छोटे व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए कभी भी देश का अहित करने को नहीं सोचा इस आशय के विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत ने शनिवार को जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र मझगवाँ -सतना में स्थित महर्षि वाल्मीकि परिषर दीनदयाल शोध संस्थान में नव स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहनराव भागवत के साथ मंच में मण्डला के दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरी महाराज, दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष वीरेन्द्र पराक्रमादित्य, सामाजिक कार्यकर्ता,चूडामणि सिंह, बुद्धा मवासी, बेटाई काका (नानाजी देशमुख के सहयोगी कार्यकर्ता), रामराज सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता), दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन रहे। सरसंघचालक डॉ भागवत ने अपने उद्बोधन के दौरान रानी दुर्गावती के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी दुर्गावती के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए कि राष्ट्र की रक्षा और राष्ट्र का सम्मान सर्वोपरि होता है, व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए। राष्ट्र के विकास में समाज के सभी वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों से जुड़ी अनेक हृदयस्पर्शी बातों को बताते हुए डॉ भागवत ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के विषय में, उनकी शौर्य गाथा और उनके पराक्रम से सभी परिचित हैं। दीनदयाल शोध संस्थान के इस परिसर में रानी दुर्गावती की प्रतिमा लगाने से उनकी छवि जनमानस में निरंतर उभरती रहेगी और लोग उनकी सद्प्रेरणा से सदैव प्रेरित होते रहेंगे। डॉ मोहन भागवत ने वीरांगना रानी दुर्गावती के कौशल को बताते हुए कहा कि वह प्रजाप्रिय एवं प्रजा की हितैषी तथा न्याय पालक थीं। उन्होंने विधवा होने के बाद व्यक्तिगत दुख में अपने को नहीं धकेला बल्कि अपनी प्रजा के कल्याण एवं प्रजा के हित में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, जिसका परिणाम यह रहा कि आक्रांताओं को इस क्षेत्र में कब्जा पाने के लिए 20 से 30 वर्षो की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

## झंडी दिखा रामलला दर्शन के लिए रवाना की तीर्थयात्री बस

**फतेहपुर।** युवा विकास समिति वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के लिए श्रवण कुमार बन गई। रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्री बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि वृद्ध जन हमारे परिवार की शोभा, ज्ञान के भंडार रुपी धरोहर होते हैं। जीवन के विपरीत हालातों में वे हमें अपने जीवन अनुभव का लाभ प्रदान करते हैं। मगर व्यस्त जीवन में आजकल की संतानें अपने बूढ़े माँ बाप की सेवा या सम्मान का ख्याल नहीं करते है जिस कारण उन्हें दर दर की ठोकरे खाने के लिए विवश होना पड़ता है। जिनके चेहरे में मुस्कान लाने के लिए संगठन द्वारा यह पहल चलाई जा रही है। संगठन प्रमुख संजय दत्त ने बताया कि इससे पहले संगठन ने दो सैकड़ा वृद्धों को देवाशरीफ जियारत, कामनानाथ व काशी विश्वनाथ दर्शन के लिये बस भेजी थी। सभी वृद्धजनों को यात्रा समिति नि:शुक्ल करा रही है। यात्रा पर जाने वाली रामकली, सुरेश, गणेश शंकर ने बताया कि 60 वर्ष होने के बाद भी हम आज तक शहर के बाहर नहीं गए, समिति द्वारा हमें रामलला दर्शन के लिए लेकर जाया जा रहा है।

# सटोरियों का करोड़ों का कारोबार, बेफिक्र पुलिस

**संवाददाता।** फतेहपुर

● आईपीएल की शुरुआत होते ही सट्टा का खेल परवान चढ़ा

● विदेशी धरती पर प्रीमियर लीगों पर भी सट्टा लगाने से पीछे नहीं हैं बुकी

**वैसे** तो फतेहपुर जिला लंबे समय से सटोरियों का हब रहा है। पहले देश में और अब विदेशी धरती पर होने वाले प्रीमियर लीगों में करोड़ों का सट्टा यहां खेला जाता है।आईपीएल की शुरुआत हुई तो मानो सटोरियों के लिए पैसा कमाने का खजाना हांथ लग गया हो। सीएसके एवं गुजरात टाइटंस के बीच हुए शुरुआती मुकाबले यहां बैठे सटोरियों ने 4 करोड़ से अधिक रुपए इधर से उधर कर दिए। बुकियों के फैले जाल को काट पाने में फिलहाल पुलिस नाकाम रही है। एक दर्जन से अधिक शहरी क्षेत्र में बैठकर दांव लगाने वाले सटोरियों तक खाकी का ना पंहुचना भी कई सवाल खड़ा कर रहा है? कई स्थापित बुकियों के पुलिस से गहरे संबंध है और खबर है कि इन्हीं के चलते इनका जाल धीरे-धीरे इतना मजबूत हो गया कि इसे काटने में खाकी नाकाम रही। हालात यह हैं कि जिले के बुकियों ने पाकिस्तान और दुबई में बैठे सटोरियों से अपने तार जोड़ रखे हैं।

आईपीएल की शुरुआत होते ही सटोरियों ने बड़ा खेल शुरू कर दिया। हर मैच में करोड़ों रुपए के लगने वाले दावों से कितने मालामाल हो रहे हैं तो ना जाने कितनों का बेड़ा गर्क हो रहा है। खागा,बिंदकी जैसे कस्बों की बात कौन करे अकेले शहरी क्षेत्र के उत्तरी गौतम नगर, गाजीपुर बस स्टॉप, पनी, सैय्यदवाड़ा, जयराम नगर, ज्वालागंज, मुराईनटोला, लाला बाजार, आईटीआई रोड, पटेल नगर व नासिरपुर सहित एक दर्जन से अधिक जगहों में सट्टे का कारोबार किया जा रहा है। क्रिकेट लाइन गुरु के जरिए बुकी हर गेंद, 4, 6 रन, विकेट, खाली गेंद सहित सेशन में सट्टा लगाकर करोड़ों इधर से उधर कर रहे हैं।

सटोरियों के चर्चे कुछ इस तरह से हैं कि इनके नाम लोगों की जुबान पर रखे हुए हैं। मजेदार बात यह है कि सट्टा का यह कारोबार केवल जिले तक ही सीमित नहीं है बल्कि कानपुर नगर,दिल्ली,मुंबई,बंगलुरु के अलावा पाकिस्तान एवं दुबई में बैठे बुकियों से इनके तार जुड़े हैं। खेल सात समंदर पार तक चल रहा है और वह भी बेफिक्री के साथ जिसे ना तो पुलिस और ना ही स्थानीय खुफिया तंत्र इनके तार जोड सका है। खबर तो यह भी है कि पुलिस की सटोरियों पर मेहरबानी के पीछे मिलने वाली सौगातें हैं जिनके चलते खाकी इन पर हांथ डालने से बचती रही है। सटोरिए इतने चालाक हैं कि अपने धंधे को चमकाने के लिए उन्होंने दिखाने के लिए अपने चोले बदल रखे हैं जिससे अगर उन पर दबाव बने तो वह अपना बचाव कर सकें। हलांकि ऐसे लोग सट्टा के खेल में बदनाम चेहरे हैं जिनके नाम बच्चे-बच्चे की जुबान पर है। सट्टा के खेल का मामला श्कमांडरश् तक जा पहुंचा है। अब देखना यह है कि सटोरियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस क्या रणनीति बनाती है? फिलहाल यहां सट्टे का कारोबार बेखौफ फल-फूल रहा है।

# विधायक ने किया स्कूल चलो कार्यक्रम व नि:शुल्क पुस्तक वितरण का शुभारंभ

**संवाददाता।** फतेहपुर



**स्कूल** चलो कार्यक्रम व नि:शुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का उद्द्घाटन विधायक अयाह-शाह विकास गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में ब्लाक संसाधन केंद्र-शाह (बहुआ) के परिसर में किया गया। शिक्षा का अधिकार पाएंगे-स्कूल पढ़ने जाएंगे, के आवाहन के साथ विधायक द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय शाह द्वितीय के बच्चों की श्स्कूल चलो रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। विधायक ने बेसिक शिक्षा के अंतर्गत उप्र सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा-मिशन कायाकल्प, नामांकन, डीबीटी इत्यादि पर विस्तृत विचार व्यक्त किएयसाथ ही विकास खण्ड बहुआ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा योजनाओं के प्रभावी अमलीकरण किये जाने की प्रशंसा भी की। खण्ड शिक्षाधिकारी हौसिला प्रसाद ने आउट ऑफस्कूल बच्चों को विशेष अभियान के तहत शतप्रतिशत नामांकन कराये जाने, नि:शुल्क पुस्तकों का अविलम्ब वितरण कराये जाने, विद्या-प्रवेश के अंतर्गत कक्षा 01 के बच्चों को 12 सप्ताह तक स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत गतिविधि आधारित शिक्षण प्रदान किये जाने आदि विन्दुओं पर प्रेरक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

## वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय में परीक्षाएं नकलविहीन सम्पन्न

**राजापुर( चित्रकूट )।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कस्बे के वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय में चौथे दिन शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षाएँ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में चल रही हैं। वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय के प्राचार्य व केंद्राध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं में शनिवार के दिन बीएससी तृतीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान व वनस्पति विज्ञान तथा बीए तृतीय सेमेस्टर भूगोल में 32 छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहीं तथा कोई भी छात्राएँ अनुपस्थित नहीं रहीं और शासन के मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षाएँ तथा सीसीटीवी कैमरे की कड़ी निगरानी में मात्र एक ही कक्ष में परीक्षाएँ हुई।

# सांसद व डीएम ने किया स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण का लाइव प्रसारण कर छात्र-छात्राओं को दिखाया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के ट्राफिक चौराहा के पास कम्पोजिट विद्यालय नई बाजार कर्वी में स्कूल चलो अभियान व विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने किया।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर भी मौजूद रहीं। शनिवार को मुख्यालय के ट्राफिक चौराहा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में बच्चों को किताबे बांटकर स्कूल चलो अभियान एवं शपथ दिलाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुभांरभ किया।इस मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार गरीब बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में कांवेंट स्कूलों की तरह बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए संकल्पित है। आज कायाकल्य योजना के माध्यम से सभी सरकारी स्कूल हाईटेक सुविधाओं से लैस हो गये है। उन्होने शिक्षकों से भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ बच्चों को पढाने का आहवान किया। वहीं शपथ दिलाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने स्कूल चलो अभियान की रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ट्रैफिक चौराहा, एलआईसी, पटेल चौराहा होते हुए ट्रैफिक चौराहा पर समाप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि ये अभियान एक माह तक चलता रहेगा। छह वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को अध्यापक घर-घर जाकर उत्साहित कर बच्चों को पठन सामग्री बांटेगे। संचारी रोग के बारे में घर-घर जाकर साफ-सफाई, जलभराव, कूलर में पानी, पीने का पानी, टूटे-फूटे बर्तन, टायर में पानी एकत्र नहीं होने की जानकारी देंगी।

# बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**बीकेडी** एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झाँसी रोड उरई में वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने 99.20 फीसदी के साथ किया टॉप। जिसमें कक्षा 9 मे प्रथम श्रेणी मे रिया सिंह 99.20 फीसदी, कचंन सिंह 98.40 फीसदी, अनुराग कुमार 97.60 फीसदी, नर्मता पानचाल 97 फीसदी, वैभव श्रीवास्तव 97 फीसदी, आन्या गुप्ता 96.60:, प्राची पाल 96.20 फीसदी, उत्सव पटेल 96.10 फीसदी, आयुष्मान सोनी 96 फीसदी, यश यादव 96:, गौरी तोमर 95.50 फीसदी, अविरल दुवे 95.20 फीसदी, राजवीर सोनी 95.60 फीसदी, स्नेहिल शर्मा 95.50 फीसदी, सूर्यकांत 94.80 फीसदी, अंश द्विवेदी 94.40 फीसदी, अंश गुप्ता 94.40 फीसदी, प्राशांत पटेल 94 फीसदी, वृजपाल 93.70 फीसदी, प्रियांशु द्विवेदी 93.60 फीसदी, रितुराज पटेल 93.50 फीसदी अभय 93.40 फीसदी, प्रज्जवल पाल 91.90 फीसदी, ओमजी मिश्रा 90.40 फीसदी, तथा कक्षा 11 वीं में विज्ञान वर्ग में मयूरी सिंह 94.80 फीसदी, प्रथम स्थान पर रही एवं मानवी गुप्ता 93.70 फीसदी, द्वितीय उन्नति पटेल 93.20 फीसदी, तृतीय स्थान पर रही। तथा कॉमर्स वर्ग में दिव्यांशी प्रथम स्थान 92.20 फीसदी, श्रुती पाण्डे 91.60 फीसदी, द्वितीय रिचा सिंह 91 फीसदी तृतीय स्थान पर रही एवं कला वर्ग में आयुष गौतम 95.60 फीसदी, प्रथम आदित्य कुमार 95 फीसदी, द्वितीय ओजस्व त्रिपाठी 94.40 फीसदी तृतीय स्थान पर रहे। एवं जूनियर वर्ग में कक्षा 1 में आहिल 98.83 फीसदी प्रथम स्थान हस्सान 98.25 फीसदी द्वितीय, सरल 96.92 फीसदी तृतीय तथा कक्षा 2 अशफियान 96.07 फीसदी प्रथम, रूद्र शुक्ला 94.79 फीसदी द्वितीय, वैभव राजपूत 93.14 फीसदी तृतीय, तथा कक्षा 3 में अपूर्वा द्विवेदी 97.93 फीसदी प्रथम, आरव तिवारी 95.79 फीसदी द्वितीय, याशिका दीक्षित 94.14 फीसदी तृतीय, कक्षा 4 में आयुष कुमार निरंजन 99.19 फीसदी प्रथम, आस्था नामदेव 95.25 फीसदी द्वितीय, याशी मिश्रा 94.56 फीसदी तृतीय, कक्षा 5 में दीपांशु सिंह 97.69 फीसदी प्रथम, अनु यादव 95.31 फीसदी द्वितीय, शिवी पटेल 95.31 फीसदी द्वितीय, आराध्या मिश्रा 94.81 फीसदी तृतीय, कक्षा 6 में नियती तिवारी 98.69 फीसदी प्रथम, स्नेहा कुशवाहा 95.56 फीसदी द्वितीय, अल्शिफा खान 94.06: तृतीय, कक्षा 7 में स्वाती चौधरी 98.81 फीसदी प्रथम, काव्या गुप्ता 97.44: द्वितीय, आराध्या विश्वकर्मा 95.50 फीसदी तृतीय, कक्षा 8 में वंशिका पटेल 99.19 फीसदी प्रथम, गौरी राजपूत 99 फीसदी द्वितीय, पूर्वा राजपूत 97.88 फीसदी तृतीय स्थान पर रही।

विद्यालय के अध्यक्ष राधेश्याम निगौतिया चेयरपर्सन श्रीमती सुविधा इटौरिया, प्रबंधक इं. अजय इटौरिया, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखंडे उप प्रधानाचार्य आशीष तिवारी ने छात्र, छात्राओं को शुभकामनायें दी। प्रबंधक इं. अजय इटौरिया ने छात्र, छात्राओं को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हम कामना करते है कि यह छात्रध्छात्रायें आगे चलकर उरई का नाम रोशन करेगें एवं शिक्षा का स्तर हमेशा ऊँचा रखेगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखण्डे ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों में पुरूषोत्तम पुरवार, शिव शर्मा, डॉ स्वेता अग्रवाल, स्वेता तिवारी, केके चतुर्वेदी, गोविन्द सिंह, दीक्षा दूरवार, नीरज त्रिपाठी, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, महेश कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे।

## ग्राहकों से बैंक स्टाफ करे सीधे संवाद: एके मिश्रा

**चित्रकूट।** आर्यावर्त बैंक का स्थापना दिवस समारोह सीतापुर शाखा सभागार में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक एके मिश्रा व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्रबंधक सेवानिवृत्त ईश्वरी



प्रसाद राजपूत की मौजूदगी में धूमधाम से मनाया गया। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को संचालित बैंक योजनाओं की जानकारी दी।

शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक एके मिश्रा ने कहा कि ग्राहकों के साथ सभी बैंक स्टाफसीधे संवाद बनाए। कोई शिकायत हो तो ध्यान पूर्वक सुने और निदान करें, ताकि ग्राहक किसी तरह परेशान न हो, तभी बैंक की ख्याति बढ़ती है और बैंक का कारोबार सफल होता है। इस समय जिले में 41 शाखाएं हैं। इस वित्तीय वर्ष में 101 करोड़ की राशि जमा हुई है, जबकि 64 करोड़ के नए ग्राहकों को कर्ज दिये गये। 33 करोड रुपए एनपीए ऋण की वसूली हुई है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी बैंक प्रबंधकों व कर्मचारियों को बधाई दी है। मुख्य शाखा कर्वी के वरिष्ठ प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि सभी ग्राहक बैंक की योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं।

## लापरवाही को छोड़ मिले लक्ष्यों को समय से पूरा करें : भानुप्रताप सिंह

**उरई ( जालौन )।** सांसद, राज्यमंत्री लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गई। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्यों को समय से पूरा करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में जो भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अगली बैठक तक उन्हें अवश्य कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में मंत्री द्वारा ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वस्थ भारत मिशन, ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि बिंदुओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खुदी हुई सड़कों को ठीक कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जितने भी शौचालय है वह सभी क्रियाशील रहे, विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्ता पूर्ण कराए जाएं जो धरातल पर दिखाई दे। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कराएं।

# परिषदीय विद्यालयों में किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

● बीआरसी महेवा के पास के विद्यालय में किताब वितरण कार्यक्रम

● कक्षा 6, 7 व 8 के छात्र -छात्राओं को सभी विषयों के पुस्तकें की गई वितरण

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)



**प्रदेश** में 1 अप्रैल से स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र में पहली बार पहले ही दिन बच्चों को सभी विषयों की किताबें मिल जाने से पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालन करने में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आसानी होगी। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। यह शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव है। शनिवार को बीआरसी के पास के विद्यालय मे निशुल्क पाठ्यक्रम की कक्षा 6, 7 व 8 की सभी विषयों की किताबें वितरण की गई। कालपी स्थित बीआरसी महेवा के पास उच्च प्राथमिक विद्यालय महेवा में शनिवार को पढ़ाई का नया सत्र 2023-24 शुरू होने पर बच्चों को सरकार के द्वारा दी गई पुस्तकों को निशुल्क वितरित किया गया वही निशुल्क पुस्तकें वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से निशुल्क किताबें वितरित की जा रही हैं जिससे कि बच्चे पढ़ाई में और अव्वल हो। सरकार के द्वारा की गई इस शुरुआत और पुस्तकों का निशुल्क वितरण की प्रक्रिया की स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक बेहद सराहना कर रहे हैं। सरकार के द्वारा की गई इस पहल को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह है और उन्होंने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी महेवा दिग्विजय सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र में पहली बार पहले ही दिन बच्चों को सभी विषयों की किताबें मिल जाने से पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालन करने में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आसानी होगी। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। यह शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव है। इसी क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी कदौरा अंकित सिह सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि पहले जो गरीब बच्चे थे किताबें न होने के कारण पढ़ाई से वंचित रह जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि यूपी सरकार ने बच्चों की पढ़ाई को सुचारू रूप से रखने के लिए निशुल्क किताबों का वितरण किया है. जिससे बच्चे पढ़कर आगे बढ़ेंगे और देश का भविष्य सुधरेंगे और अपने माता-पिता व अध्यापकों का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर सहायक राजेश राठौर, ब्लाक एमआईएस मिथुन प्रजापति आदि बीआरसी स्टाफ के अलावा प्रधानाध्यापिका संगीता श्रीवास्तव सहायक अध्यापिका रेखा भाष्कर, अमित कुमार वर्मा, राजीव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एसआर ग्रुप ने शिक्षा क्षेत्र में स्थापित किये मील के पत्थर : गौरी शंकर वर्मा

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

● सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता एसआर ग्रुप:डॉ.घनश्याम अनुरागी

● एसआर पब्लिक स्कूल उरई का परीक्षाफल वितरण सम्मान समारोह संपन्न

**शनिवार** को एस आर पब्लिक स्कूल उरई का वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय प्रांगण में उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं डॉ. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एस आर ग्रुप ने जो मील के पत्थर स्थापित किए हैं वह समाज की बहुत बड़ी सेवा है शिक्षा से बढ़कर अन्य कोई सेवा नहीं हो सकती। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने कहा कि हम बुंदेलखंड वासियों का यह सौभाग्य कि एस आर ग्रुप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सुप्रसिद्ध है। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार राठौर, चेयरमैन डॉ सी पी गुप्ता, बाइस चेयरमैन रमाकांत द्विवेदी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का सम्मान एवं बच्चों को पुरस्कृत किया। समारोह में आज प्री प्राइमरी वर्ग में आरोही राजपूत ने 100 प्रतिशत, प्राइमरी वर्ग में सुधांशु ने 99.16 प्रतिशत, जूनियर वर्ग में नित्या यादव ने 98.28:, कक्षा नौ में प्रवीण कुमार ने 96 प्रतिशत तथा कक्षा ग्यारहवीं में सौम्या प्रजापति ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किए। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मंच का संचालन विकास पटेरिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राघव गुप्ता, कोऑर्डिनेटर राहुल गुप्ता, पंकज कुशवाहा, दीपा पाठक सहित समस्त अध्यापकगण, छात्र- छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पचास नंबर ओवर ब्रिज के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 45 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर मजरे कौंडर निवासी राजाराम पासवान का पुत्र चुनबुद पासवान जो पूना में मजदूरी करता था। चार दिन पूर्व ही वह गांव आया था और आज सुबह शहर क्षेत्र स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती बीमार बहन को देखने के लिए आ रहा था। जब वह पचास नंबर ओवर ब्रिज के समीप रेलवे लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ललौली में रोजा इफ्तार इफ्तार आज

**फतेहपुर।** करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम सिविल लाइन्स के तत्वावधान में रमजानुल मुबारक के पाक महीने में 02 अप्रैल 2023 को मदरसा निदा ए इस्लाम मोहल्ला नूरगंज कस्बा ललौली रोजा इफ्तार का आयोजन डॉ. अमित मिश्रा के द्वारा किया गया है। डॉ. अमित मिश्रा एवं डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि रमजानुल मुबारक के पवित्र महीने में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी रोजेदार अकीदतमन्दो को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। उन्होंने तमाम हजरात से गुजारिश की है कि इफ्तार पार्टी में शिरकत फरमायें।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू



**फतेहपुर।** श्री बिहारी जी मोटेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा शुभारंभ से पहले भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से साई मंदिर कलक्टरगंज तक ढ़ोल बाजे के साथ पहुंची। कलश यात्रा में कथा व्यास पंडित श्याम तिवारी शास्त्री झांसी, उपाचार्य विकास मिश्रा, मुख्य यजमान श्यामा त्रिवेदी व उनके पौत्र अंश त्रिवेदी अपने शीश पर श्रीमद्भागवत ग्रंथ आगे लेकर चल रहे थे। सभी भक्त झूमते गाते यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा की समाप्ति के बाद दोपहर दो बजे से व्यास जी के श्रीमुख से कथा कही गई। आज की कथा में श्रीमद्भागवत का महात्म्य बताया गया। अनेक जन्म जन्मान्तरों के जब पुण्यों का उदय होता है तब कही श्रीमद्भागवत की कथा सुनने व सुनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर श्री बिहारी जी मोटेश्वर महादेव विकास समिति के अध्यक्ष आचार्य विमलाकान्त त्रिपाठी, उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी शरण, महामंत्री डॉ अनुराग श्रीवास्तव, आचार्य अचल त्रिपाठी, अजय त्रिवेदी, शोभा त्रिवेदी, आशा त्रिवेदी, सोना त्रिवेदी, अभिनव श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, आचार्य रामनारायण, अमित शिवहरे, विपुल श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, सुनीता तिवारी, सुमित्रा देवी सहित तमाम भक्त उपस्थित रहे।



### वार्षिक परीक्षाफल व उपहार पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे

**फतेहपुर।** शनिवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक हासिल करने पर विद्यालय प्रबंध तंत्र ने शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रबंधक व प्रधानाचार्यों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। शहर के जयरामनगर स्थित सांई सिटी इंटर कालेज/मां सरस्वती ज्ञान मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। वार्षिक परीक्षा में कक्षा पीजी से कुमकुम, आभा, धानी कक्षा केजी से ईशानी, कामता, यश गौतम, हरीकिशन, कक्षा एक से एरम, कक्षा दो से हर्ष, कक्षा तीन से मनीष, कक्षा चार से अगम सिंह, कक्षा पांच से अभिनव, कक्षा छह से अंश, चंद्रपाल, कक्षा सात से प्रिया, कक्षा आठ से युवराज, कक्षा नौ से सरस्वती यादव, कक्षा ग्यारह से विकास सिंह, अंशिका विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक पवन सिंह गौर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संजय सिंह, रणवीर सिंह, फारुख खान, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, रावेंद्र प्रताप सिंह, रवि सिंह, राजेंद्र पाल, राजेश वर्मा, रेखा श्रीवास्तव, मनोरमा, जयश्री, अनुराधा, अतुल कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, रतन सिंह, आदित्य दुबे समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### बस स्टैंड में पानी की समस्या से जूझ रहे राहगीर

**चित्रकूट।** बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि बस स्टैंड कर्वी में पेयजल की सुविधा दुरुस्त कराई जाये। शनिवार को जिलाध्यक्ष ने डीएम को लिखे पत्र में कहा कि कर्वी बस स्टैंड में चार महीने से पेयजल की सुविधा से राहगीर वंचित हैं। इसका खामियाजा गरीब तबके के राहगीर भुगतते हैं। हैण्डपम्प व शीतल पेयजल टंकी चार महीने से खराब पड़ी है। किसी जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी ने अभी तक सुध नहीं ली। जिले के बस स्टैंड पर पानी की ऐसी किल्लत है तो अन्य जगहों के क्या हाल होंगे। सम्बंधित विभाग को परवाह नही है कि हजारों राहगीर रोज यात्रा करते हैं। ऐसे में गांव के लोग भगवान भरोसे हैं। इस आरे में अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि तत्काल प्रभाव से हैण्डपम्प मरम्मतीकरण कराकर पानी की समस्या दूर करायेंगे।

### डीएम ने गेहूं बेंचने आये किसान को पहनाई माला



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंडी परिषद कर्वी पहुंचकर पीसीएफ के संचालित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। तहसील कर्वी के बालापुर खालसा गांव के किसान मोतीलाल सिंह गेहूं बेच रहे थे। जिलाधिकारी ने किसान मोतीलाल सिंह से पूंछा कि कितना गेहूं है तो किसान ने बताया कि 50 कुंतल है। शनिवार को जिलाधिकारी ने किसान मोतीलाल सिंह को माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा ने उन्हें बताया कि पूरे जिले में 37 गेहूं क्रय केंद्र खोले गये हैं। कर्वी मंडी परिषद के इस केंद्र में पहले किसान गेहूं बेच रहे हैं। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ से कहा कि चना-मसूर के क्रय केंद्र खोले जाने को पत्राचार करें। सभी क्रय केंद्रों में पीने के पानी, छाया, छन्ना, जाली आदि रखरखाव सही ढंग से होना चाहिए। किसी भी किसान को कोई समस्या गेहूं बेचने में नहीं होनी चाहिए। समय से किसानों का भुगतान किया जाए। निरीक्षण दौरान एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, सचिव मंडी समिति विपुल कुमार, केंद्र प्रभारी राम छबीले समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका के मिडवेस्ट व साउथ में बवंडरों ने मचाई तबाही

● 11 लोगों की मौत



भाषा। लिटिल रॉक (अमेरिका)

अमेरिका के मिडवेस्ट-साउथ में शुक्रवार को आए बवंडरों (टॉरनेडो) ने भारी तबाही मचाई है जिनमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। इन शक्तिशाली बवंडरों से अमेरिका के मिडवेस्ट-साउथ में कई मकान और शॉपिंग सेंटर धाराशाई हो गए और इलिनोइस में हेवी मेटल्स संगीत कार्यक्रम के दौरान थिएटर की छत गिर गई। पूरे इलाके में शुक्रवार की रात मची तबाही के बाद आपात सेवा के कर्मी शनिवार सुबह तबाही का आकलन कर रहे हैं। तूफान प्रणाली के प्रभावी होने से उठे बवंडरों से साउथ के मैदानों के जंगलों में आग लगने की घटना हुई है। ऊपरी मिडवेस्ट में भी स्थिति खराब है। मिडवेस्ट अमेरिका के जनगणना ब्यूरो के चार जनगणना क्षेत्रों में से एक है। यह देश के उत्तरी मध्य के भाग में स्थित है। क्रॉस काउंटी की सरकारी अधिकारी एली लॉन्ग ने केएआईटी-टीवी को बताया कि मरने वालों में अरकांसास के छोटे शहर विन के चार लोग शामिल हैं। इनके अलावा अलाबामा, इलिनोइस, इंडियाना और लिटिल रॉक क्षेत्र में अन्य मौतों की खबर है। वेन शहर की पार्षद लीजा पॉवेल कार्टर ने कहा कि टेनेसी की मेम्फिस शहर से करीब 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित उनके शहर में बिजली नहीं है और सड़क मलबे से भरी हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा, मैं भयभीत हूं और घर की तलाश कर रही हूं लेकिन घर नहीं मिल रह। वेन (शहर) भी नष्ट हो गया...घर तबाह हो गए हैं, पेड़ सड़कों पर गिर गए हैं। आपात प्रबंधन के निदेशक जिम पिरटले ने शनिवार सुबह एसोसिएटेड प्रेस को ई-मेल के जरिए बताया कि तूफान की वजह से इंडियानर की सुलिवियन काउंटी में तीन लोगों की मौत हुई है। कई मकान तबाह हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि सुलिवियन, इंडियानापोलिस से करीब 150 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम है। प्राधिकारियों ने बताया कि लिटिल रॉक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अरकंसास राज्य के विन में भी तूफान ने काफी तबाही मचाई। विने में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई मकान ढह गए और लोग मलबे में दब गए। प्राधिकारियों ने बताया कि इलिनोइस के बेलविदेरे में शुक्रवार रात बवंडर की चपेट में आने से एक थिएटर की छत गिर गई, जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए। बेलविदेरे पुलिस विभाग ने बताया कि भारी तूफान की वजह से छत गिरी और थिएटर से स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर 48 मिनट से मदद के लिए कॉल आने लगे। विभाग ने बताया कि शुरुआती आकलन के मुताबिक यह नुकसान बवंडर की वजह से हुआ। उन्होंने बताया कि शिकागो से करीब 113 किलोमीटर दूर स्थित अपोलो थिएटर की छत हेवी मेटल संगीत के दौरान गिरी और घटना के समय मौके पर 260 लोग मौजूद थे। बेलविदरे के पुलिस प्रमुख शेन वुडी ने बताया कि छत गिरने के बाद वहां पर अफरा-तफरी की स्थिति थी। देश के दक्षिण एवं मिडवेस्ट में एक व्यापक तूफान प्रणाली के कारण आयोवा में भी तूफान आने की जानकारी है, जबकि इलिनोइस में ओलावृष्टि हुई और ओकलाहोमा में घास में लगी आग और विकराल हो गई। अरकांसास के पुलस्की काउंटी में के अधिकारियों ने नॉर्थ लिटिल रॉक में बवंडर से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। बापिस्ट हेल्थ मेडिकल सेंटर ने बताया कि बवंडर की वजह से घायल 21 लोगों का उनके केंद्र में इलाज किया गया है जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। शहर के मेयर फ्रैंक स्कॉट जूनियर ने घोषणा की कि उन्होंने नेशनल गार्ड से मदद मांगी है।

# भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा अमेरिका का प्रतिष्ठित संग्रहालय

भाषा। न्यूयॉर्क,

**अमेरिका का** प्रतिष्ठित मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा। उसने यह कदम तब उठाया है, जब उसे पता चला है कि ए मूर्तियां भारत से गैरकानूनी तरीके से अमेरिका लाकर बेची गई थीं। संग्रहालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि वह 15 मूर्तियां भारत सरकार को लौटाएगा। इनमें पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 11वीं ईसवी की मूर्तियां शामिल हैं, जो टेराकोटा, तांबा और पत्थर से बनी हैं। ये सभी मूर्तियां कुख्यात डीलर सुभाष कपूर ने बेची थीं, जो अभी भारत में जेल की सजा काट रहा है। बयान में कहा गया है, संग्रहालय पुरातात्विक कला वस्तुओं को जिम्मेदार तरीके से अधिग्रहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संग्रहालय संदिग्ध डीलरों से मिली प्राचीन वस्तुओं के इतिहास की सक्रियता से समीक्षा कर रहा है। वह भारत सरकार के साथ अपने दीर्घकालीन संबंधों को काफी अहमियत देता है और इस मामले को सुलझाना चाहता है। इसमें कहा गया है कि संग्रहालय ने 2015 में कपूर से खरीदी गई वस्तुओं के बारे में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी से संपर्क किया था और उसे मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा सुभाष कपूर के खिलाफ की गई आपराधिक जांच के परिणामस्वरूप आज इस मामले में कार्वाई करके बहुत खुशी हो रही है।

## यरुशलम के पवित्र स्थल के पास इज़राइली पुलिस ने युवक को गोली मारी, मौत

**यरूशलम।** इज़राइल की पुलिस ने यरूशलम में पवित्र स्थल के पास शुक्रवार देर शाम एक युवक को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि यह शख्स पुलिस अधिकारी की बंदूक चुराने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने कहा कि 26 वर्षीय युवक दक्षिणी इज़राइल के अरब गांव का रहने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि यरूशलम की ओल्ड सिटी में यह घटना तब हुई, जब पुलिस अधिकारियों ने अल-अकसा मस्जिद के परिसर के बाहर इस शख्स को पूछताछ के लिए रोका था। अल-अकसा मस्जिद इस्लाम में तीसरा सबसे पवित्र स्थल है। पहले दो पवित्र स्थल सऊदी अरब के मक्का और मदीना में हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो के मुताबिक, गोलीबारी के बाद मस्जिद परिसर की ओर जाने वाले रास्तों और दरवाज़ों पर भारी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

## नए आतंकवादी रोधी कानून पर विधेयक पेश किया जाएगा : प्रधानमंत्री गुणवर्धने

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने शनिवार को कहा कि नया आतंकवाद रोधी मसौदा विधेयक इस महीने संसद मे पेश किया जाएगा जो विघातक आतंकवाद रोकथाम विधेयक (पीटीए)-1979 का स्थान लेगा। श्रीलंका पीटीए के स्थान पर नया कानून लेकर आ रहा है जिसे आतंकवाद रोधी अधिनियम (एटीए) कहा जा रहा है। सरकार ने यह कदम पीटीए की कठोर प्रकृति की वजह से हो रही निंदा के बाद उठाया। पुराने कानून मे बिना आरोप व्यक्ति को अनिश्चितकाल तक हिरासत मे रखने का प्रावधान था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी श्रीलंका से वर्ष 1979 मे तमिल अलगाववादी आंदोलन के बढ़ने पर अस्थाई रूप से लागू पीटीए कानून को वापस लेने की मांग की थी। गुणवर्धने ने कहा, नया विधेयक अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते मे संसद मे पेश किया जाएगा। यह पीटीए का स्थान लेगा।

## नेपाल में 5.2 तीव्रता का भूंकप

**काठमांडू।** नेपाल के दोलखा जिले के सूरी मे शनिवार सुबह मध्यम तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र के अनुसार काठमांडू से 180 किलोमीटर पूर्व मे दोलखा मे पूर्वाह्न 11 बजकर 27 मिनट पर 5.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप ओखलधुंगा, रमेच्छप, सिंधुपाल चौक और नुवाकोट जिलो के साथ-साथ काठमांडू घाटी मे भी अनुभव किया गया। हालांकि, भूकंप से किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नही मिली है। इससे पहले, शुक्रवार देर रात 3 बजकर 19 मिनट पर काठमांडू से 130 किलोमीटर पश्चिम मे गोरखा जिले मे 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। अप्रैल 2015 मे, नेपाल मे 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमे लगभग 9,000 लोग मारे गए थे और लगभग 22,000 अन्य घायल हुए थे। इस भूकंप मे 800,000 से अधिक घर और स्कूल इमारते क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## जानलेवा हमले के विरूद्ध केन्याई विपक्षी नेता ओडिंगा खटखटाएंगे अदालत का दरवाजा

**नैरोबी।** केन्या के विपक्षी नेता रैला ओडिंगा ने हाल ही मे सरकार-विरोधी प्रदर्शन के दौरान स्थानीय पत्रकारो पर आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की निंदा की है और इसे असहिष्णुता का आदिम कृत्य बताया है। उन्होने अपनी जान पर हुए हमले के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का संकल्प लिया है। द एसोसिएटेड प्रेस के साथ शुक्रवार को एक साक्षात्कार मे, राष्ट्रपति पद के लिए सर्वाधिक पांच बार उम्मीदवारी जताने और हर बार विफल रहने वाले 78-वर्षीय ओडिंगा ने बढ़ती कीमतो या केन्याई लोगो को प्रभावित करने वाले अन्य दर्दनाक आर्थिक मुद्दो के बारे मे बात करने के बजाय पिछले साल के चुनाव से संबंधित अपनी शिकायतो के बारे मे अधिक चर्चा की। उनकी हार को केन्या की शीर्ष अदालत ने भी बरकरार रखा था। दशको पहले बहुदलीय लोकतंत्र की लड़ाई मे अपनी प्रमुख भूमिका निभाने के लिए चर्चित रहे ओडिंगा ने शुक्रवार को राष्ट्रपति विलियम रुटो की सरकार द्वारा मौजूदा विरोध प्रदर्शनो को अवैध घोषित करने के प्रयासो को लेकर चेतावनी भी दी।

## कितना उपयोगी, कितना सुरक्षित

**जूनडलूप।** गूगल और माइक्रोसाफ्ट अगली पीढ़ी के एआई टूल को मौजूदा सेवाओ मे ऐड-ऑन के रूप मे लाकर, कंप्यूटिंग से कड़ी मेहनत को दूर करने के मिशन पर है।16 मार्च को, माइक्रोसाफ्ट ने घोषणा की कि कोपीलॉट नामक एक एआई-संचालित सिस्टम जल्द ही वर्ड, एक्सेल, पॉवरप्वाइंट, आउटलुक और टीम्स सहित उसके 365 ऐप्स मे पेश किया जाएगा। गूगल द्वारा अपने कार्यक्षेत्र ऐप्स जैसे डॉक्स, शीट्स, स्लाइड्स, मीट और चैट मे एआई को एम्बेड करने की योजना के बारे मे बताते हुए एक ब्लॉग पोस्ट करने के लगभग दो दिन बाद यह खबर आई।

# जलवायु परिवर्तन के लिए अफ्रीका में सात अरब डॉलर का निवेश हो : हैरिस

भाषा। लुसाका (जाम्बिया)

**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अफ्रीका को जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की तैयारी करने में मदद देने के वास्ते निजी क्षेत्र में सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान किया है। यह घोषणा तब की गई है, जब हैरिस ने शनिवार को इस महाद्वीप की एक सप्ताह लंबी यात्रा पूरी की। उन्होंने जाम्बिया के राष्ट्रपति हकाइंदे हिचिलेमा के साथ शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका जलवायु अनुकूलन और शमन में काम आने वाले इस तरह के नवोन्मेषी समाधानों के लिए प्रतिबद्ध है। सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान हैरिस की अफ्रीका यात्रा की सबसे बड़ी घोषणा है, लेकिन इसे पूरा करने के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है। बहरहाल, गैर-लाभकारी समूह अफ्रीकन पार्क्स ने अपने संरक्षण कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए अगले सात वर्ष में 1.25 अरब डॉलर जुटाने का संकल्प लिया है। एक अन्य संगठन वन एकड़ फंड की इस दशक के अंत तक एक अरब पेड़ लगाने के लिए 10 करोड़ डॉलर एकत्र करने की योजना है।



## अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस खेती की नई तकनीक देखने गईं

**लुसाका ( जाम्बिया )।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस शनिवार को जाम्बिया की राजधानी से बाहर कच्चे रास्तों से होकर उन खेतों को देखने गई जहां पर नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर सब्जियों की बेहतर पैदावार के लिए खेती की जा रही है। इस मौके पर उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग के दौर में खाद्य सुरक्षा के तरीकों को रेखांकित किया। मिर्च की क्यारियों से गुजरते हुए सिंचाई प्रणाली का निरीक्षण करने के बाद हैरिस ने कहा, यह एक उदाहरण है जिसे पूरी दुनिया में अपनाया जा सकता है। रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए हमले के बाद से खाद्यान्नों की कीमतों में वृद्धि हुई है जिससे गरीब देश प्रभावित हुए हैं और आशंका जताई जा रही है कि ग्लोबल वार्मिंग से आने वाले सालों में यह चुनौती बढ़ेगी। हैरिस ने अफ्रीका को जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की तैयारी करने में मदद देने के वास्ते निजी क्षेत्र में सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान किया है जिससे संरक्षण और खाद्य उत्पादन में सुधार को बढ़ावा दिया जाएगा। यह घोषणा तब की गई है, जब हैरिस ने शनिवार को इस महाद्वीप की एक सप्ताह लंबी यात्रा पूरी की। जाम्बिया से पहले हैरिस ने घाना और तंजानिया की यात्रा की थी।

## हैरिस ने जाम्बिया में अपने नाना के घर का दौरा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने जाम्बिया की अपनी यात्रा के दौरान भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रहे अपने नाना पी वी गोपालन को याद किया और राजधानी लुसाका स्थित गोपालन परिवार के उस घर पर गई जहां वह 1960 के दशक मे रहते थे। गोपालन का जन्म 1911 मे चेन्नई मे हुआ था और वह जाम्बिया के पहले राष्ट्रपति केनेथ कौंडा के पहले सलाहकार थे। उन्होने 1960 के दशक मे भारत सरकार के संयुक्त सचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दी। हैरिस ने जाम्बिया के राष्ट्रपति हकाइंदे हिचिलेमा के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन मे लुसाका मे पत्रकारो से कहा, जाम्बिया की मेरी यात्रा मेरे लिए बहुत खास है जैसा कि आपमे से कई लोग जानते है। आप जानते है कि मै बचपन मे जाम्बिया आई थी जब मेरे नाना यहां काम करते थे। हैरिस ने बताया कि उनके नाना भारत मे एक नौकरशाह थे। उन्होने कहा, 1966 मे जाम्बिया की आजादी के फौरन बाद वह राहत उपायो और शरणार्थियो के निदेशक के तौर पर काम करने लुसाका आए। उन्होने जाम्बिया के पहले राष्ट्रपति केनेथ कौंडा के सलाहकार के तौर पर काम किया। वह शरणार्थियो के पुनर्वास के विशेषज्ञ थे।

## पैसों के लिए मां-बाप को परेशान करने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति को दो साल की कैद

भाषा। लंदन

**नशे की लत** के कारण मां-बाप को पैसों के लिए परेशान करने वाले भारतीय मूल के एक व्यक्ति को दो साल कैद की सजा सुनाई गई है। इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स के रहने वाले 49 वर्षीय देवेन पटेल को पैसों के लिए माता-पिता को परेशान करने और माता-पिता से भेंट नहीं करने के अदालती आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। बर्मिंघम लाइव में वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट की एक अदालत की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायाधीश जॉन बटरफिल्ड ने कहा कि पटेल ने अपने माता-पिता से पैसे मांग-मांग कर उनके जीवन को नरक बना दिया था। अदालत ने उसे दो साल कारावास की सजा सुनाई है। आपने अन्य लोगों और इस अदालत के आदेश की अवमानना की है। अदालत को बताया गया था कि पटेल ने बार-बार अपने माता-पिता से पैसे मांगे, कई बार वह दिन में उन्हें 10 बार फोन करता था, और जब वे फोन नहीं उठाते थे तो वह उनके घर पहुंच जाता था।

# बाइडन चाहते हैं आपूर्ति श्रृंखला अमेरिका में ही शुरू और खत्म हो : राममूर्ति

भाषा। वाशिंगटन

**कोविड-19** महामारी के दौरान और उसके बाद आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं से सबक सीखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन चाहते हैं कि किसी भी उत्पाद या सेवा के उत्पादन और आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया अमेरिका में ही शुरू और खत्म हो। बाइडन के शीर्ष आर्थिक सलाहकार भारत राममूर्ति ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन, सेमीकंडक्टर और संबंधित उद्योगों जैसे अहम क्षेत्रों में अमेरिका की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने पर गौर कर रहा है। भारतीय-अमेरिकी भारत राममूर्ति ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, हमने उन कंपनियों के लिए अमेरिका को एक अच्छा निवेश गंतव्य बनाने की कोशिश की है, जिनके पास यह चुनने का विकल्प रहता है कि वे अपना पैसा कहां लगाएं। हम न केवल दुनिया के सबसे प्रशिक्षित कार्यबल और अत्यधिक विश्वसनीय कानूनी प्रणाली की पेशकश कर रहे हैं, बल्कि अमेरिका में उत्पादन संयंत्र लगाने के लिए बड़ा प्रलोभन भी दे रहे हैं। राममूर्ति ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने स्पष्ट किया है कि इससे हमारी चुनौतियां कम होंगी। हमने महामारी के दौरान देखा कि जब आप चीन या दक्षिण-पूर्व एशिया या दुनिया में कहीं भी बने उत्पादों पर निर्भर होते हैं, तो अगर उस देश में बाधा आती है।

## अमेरिका ने वानुआतु में दूतावास खोलने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका दक्षिण प्रशांत के द्वीपीय देश वानुआतु में अपना दूतावास खोलेगा। इस कदम को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को रोकने और उससे मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। वानुआतु की राजधानी पोर्ट विला में स्थापित किया जाने वाला यह नया दूतावास पांचवां ऐसा राजनयिक मिशन होगा, जिसे अमेरिका ने पिछले तीन साल में इस क्षेत्र में खोला है या फिर खोलने की घोषणा की है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के तहत वानुआतु में एक स्थाई राजनयिक उपस्थिति से अमेरिकी सरकार को वानुआतु के अधिकारियों और समाज के साथ संबंधों को गहरा करने में मदद मिलेगी। विभाग ने कहा, पोर्ट विला में अमेरिकी दूतावास स्थापित करने से द्विपक्षीय सहयोग के संभावित क्षेत्रों के अलावा जलवायु संकट से निपटने के लिए वित्तीय सहयोग देने समेत विभिन्न पहलों को बल मिलेगा। करीब तीन लाख की आबादी वाला द्वीपीय देश वानुआतु दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित है। उसने पिछले साल जलवायु आपातकाल की घोषणा की थी, क्योंकि उसके सामने कई गांवों के लोगों को ऊपरी इलाकों में स्थानांतरित करने की चुनौती थी। अमेरिका ने हाल ही में सोलोमन द्वीप में एक दूतावास खोला है और वह जल्द ही मालदीव में भी दूतावास स्थापित करने वाला है। टोंगा और किरीबाती समेत अन्य प्रशांत द्वीपों पर भी अमेरिकी दूतावास खोले जाने की योजना है।

# कनाडा सीमा के पास मृत मिले आठ प्रवासियों में भारतीय भी शामिल

भाषा। टोरंटो

**कनाडा की पुलिस** ने कहा है कि उसने कनाडा से अवैध तरीके से अमेरिका में घुसने की कोशिश के दौरान सेंट लॉरेंस नदी में डूबने वाले दो और प्रवासियों के शवों को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, दो और शव मिलने से बृहस्पतिवार को प्रवासियों से भरी एक नौका के पलटने से जुड़ी घटना में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिसमें एक भारतीय परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, दोनों शव एक्वेसस्ने के पास नदी के किनारे दलदल से मिले हैं। एक शख्स अब भी लापता है। पुलिस ने कहा कि माना जाता है कि मृतक एक भारतीय और एक रोमानियाई परिवार के सदस्य हैं, जो कनाडा से अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनमें तीन साल से कम उम्र के दो बच्चे भी शामिल हैं, जो कनाडा के नागरिक हैं। एक्वेसस्ने मोहौक के पुलिस प्रमुख शॉन डुलूड ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस कनाडा के आव्रजन विभाग के साथ मिलकर पीड़ितों की पहचान करने और उनके रिश्तेदारों का पता लगाने के लिए काम कर रही है। पुलिस ने नदी के पास निगरानी भी बढ़ा दी है। सीबीसी न्यूज़ की खबर के अनुसार, पुलिस ने शुक्रवार को दो और शव बरामद किए, जिससे बृहस्पतिवार को प्रवासियों से भरी एक नौका के पलटने से जुड़ी घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

# भुखमरी और अस्थिरता को टालने के लिए अरबों डॉलर की जरूरतः सरां खाद्य प्रमुख

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र** विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रमुख ने शुक्रवार को चेताया कि लाखों लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अगर अरबों डॉलर न दिए गए तो दुनिया में बड़े पैमाने पर पलायन होगा, देशों में अस्थिरता फैलेगी तथा अगले 12 से 18 महीनों के दौरान बच्चों और वयस्कों में भुखमरी बढ़ेगी। डेविड बियस्ली ने पिछले साल वित्त पोषण बढ़ाने के लिए अमेरिका और जर्मनी की तारीफ की और चीन तथा खाड़ी देशों, अरबपतियों व अन्य देशों से इसी तर्ज पर आर्थिक मदद देने का आग्रह किया। बियस्ली ने कहा कि वह इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं कि डब्ल्यूएफपी इस साल 49 देशों में 35 करोड़ लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए करीब 23 अरब डॉलर नहीं जुटा पाएगा। उन्होंने कहा, अगर हम इसका 40 फीसदी भी जुटा लें तो मुझे हैरानी होगी। बियस्ली ने विश्व की सबसे बड़ी मानवीय संस्था डब्ल्यूएफपी की कमान अगले हफ्ते अमेरिकी राजदूत सिंडी मैक्केन को सौंपने से पहले यह टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने पिछले साल डब्ल्यूएफपी को महज़ 1.1 करोड़ डॉलर दिए थे। उनके मुताबिक, हालांकि उसने अपने देश में भूखमरी को कम करने के लिए काफी कुछ किया है। बहुपक्षीय दुनिया में शामिल होनें और महत्वपूर्ण मदद प्रदान करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

## पाकिस्तान : कराची में खाद्यान्न वितरण केंद्र पर हुई भगदड़ में 12 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची स्थित एक रमजान खाद्यान्न वितरण केंद्र पर मची भगदड़ में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगदड़ की घटना तब हुई, जब खाना बांटने के समय कुछ लोगों ने अनजाने में बिजली के तार पर पैर रख दिया, जिसके बाद लोग एक दूसरे को धक्का देकर भागने लगे और इस दौरान कुछ लोग नजदीकी नाले में गिर गए। धिकारियों ने बताया कि महिलाओं और बच्चों सहित 12 लोग भगदड़ में मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। रिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमीरुल्ला ने पीटीआई-भाषा को बताया, शुरुआत में बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हुई, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया, भीड़ की वजह से नाले की दीवार ढह गई और उसमें दो बच्चे और दो महिलाएं गिर गईं। कराची की घटना के बाद पाकिस्तान में खाद्यान्न वितरण केंद्रों पर मची भगदड़ में मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 22 हो गई है। गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह मुफ्त खाद्यान्न वितरण की योजना शुरू की थी।

## पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी मिली

**रोम।** पोप फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस (सांस संबंधी समस्या) के उपचार के बाद शनिवार को रोम के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई। फ्रांसिस (86) को बुधवार को सेंट पीटर्स स्क्वॉयर में साप्ताहिक सार्वजनिक संबोधन के दौरान सांस लेने में परेशानी होने के बाद गेमेली पॉलीक्लीनिक में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब पत्रकारों ने पोप फ्रांसिस से पूछा कि अब वह कैसा महसूस कर रहे हैं तो उन्होंने मजाक में कहा, अभी जिंदा हूं।



# ट्रंप के अभियोग को समझने के लिए चार अहम बातें

भाषा। वर्जीनिया (अमेरिका)



**पूर्व राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप जब चार अप्रैल 2023 को न्यूयॉर्क में मुकदमे का सामना करने के लिए अदालत में पेश होंगे तो उन आरोपों को सार्वजनिक किए जाने की संभावना होगी जिन पर मैनहट्टन की ग्रैंड जूरी ने उन पर अभियोग चलाया है। मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने 30 मार्च 2023 को अभियोग चलाने की मंजूरी हासिल कर ली लेकिन अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है कि ट्रंप के खिलाफ असल आरोप क्या हैं। कई मीडिया सूत्र बता रहे हैं कि अभियोग में पूर्व राष्ट्रपति पर कारोबारी धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। मैं पूर्व अभियोजक और कानून का प्रोफेसर हूं जिसने आपराधिक न्याय प्रणाली की पढ़ाई की है। 1) ट्रंप के तत्कालीन वकील माइकल कोहेन द्वारा पोर्न फिल्म की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को 2016 में I,30,000 डॉलर की राशि दिए जाने से ट्रंप के खिलाफ जो आरोप बनते हैं उनमें झूठे कारोबारी रिकॉर्ड अहम हैं। मीडिया में आई खबरों से पता चलता है कि ट्रंप के खिलाफ करीब 30 आरोप लगाए जा सकते हैं और इनमें से कुछ बड़े जुर्म होंगे। मीडिया में आई खबरों से संकेत मिलता है कि ब्रैग के यह आरोप लगाने की संभावना कम है कि ट्रंप द्वारा डेनियल्स को किया गया भुगतान गैरकानूनी था। इसके बजाय ट्रंप पर उनकी कंपनी ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन के भुगतान की प्रकृति के बारे में झूठ बोलकर भुगतान को छिपाने की कोशिश करने के लिए झूठे कारोबारी रिकॉर्ड्स देने का आरोप लगाया जा सकता है।2) अगर मुकदमा चलता है ब्रैग को ट्रंप की संलिप्तता, धोखाधड़ी की मंशा साबित करनी होगी, अभियोजन को ट्रंप को प्रत्एक आरोप में दोषी साबित करने के लिए सबूतों को क्रमवार पेश करना होगा। 3) यह इतिहास का सबसे जटिल मामला है। हालांकि, हर कोई देखेगा कि क्या इस मामले से अन्य मामलों की तरह निपटा जाएगा। उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और अदालत के अधिकारियों को ट्रंप के सीक्रेट सर्विस के एजेंट के साथ गिरफ्तारी प्रक्रिया से समन्वय करने की आवश्यकता होगी। अगर ट्रंप को जेल में डाला जाता है तो जटिलताएं पैदा होंगी। अभी तक हमें जो जानकारी हैं उनके आधार पर इस बात की बेहद कम संभावना है कि ट्रंप को गैरहिंसक अपराध के आरोप के लिए मुकदमा लंबित रहने के दौरान जेल में डाला जाएगा। और अगर वह दोषी साबित भी हो जाते हैं तब भी उन्हें जेल में बंद किए जाने की संभावना बहुत कम है। 4) न्यायिक प्रक्रिया उलझी हुई रहेगी।ज्यादातर कम स्तर के अपराध और दुराचार के मामले मुकदमे से पहले ही सुलझ जाते हैं खासतौर से जब स्पष्ट तौर पर कोई पीड़ित नहीं होता है। अगर यह मामला मुकदमे तक जाएगा तो यह प्रक्रिया कई वजहों से उलझी हुई रहेगी। किसी आपराधिक मामले में जूरी का चयन करते हुए निचली अदालत के न्यायाधीश को ऐसी संभावित जूरी को चुनना होता है जो पक्षपातपूर्ण नहीं हो।

## अभियोग की मंजूरी के बाद ट्रंप ने 24 घंटे में 40 लाख डॉलर चंदा जुटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 2016 मे एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले मे डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी दिए जाने के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने 24 घंटे मे 40 लाख डॉलर से अधिक की राशि जुटाई। मीडिया मे जारी एक विज्ञप्ति मे शुक्रवार को बताया गया कि ट्रंप की चुनाव प्रचार मुहिम के लिए इसमे से 25 प्रतिशत से अधिक राशि उन लोगो ने उपलब्ध कराई है, जिन्होने उन्हे पहली बार चंदा दिया है। इससे राष्ट्रपति पद के चुनाव मे रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की उनकी दावेदारी को बल मिला है। ट्रंप अमेरिका मे 2024 मे होने वाले राष्ट्रपति चुनाव मे रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की होड़ मे शामिल दावेदारो मे सबसे आगे माने जा रहे है। अमेरिकी कानून मे ऐसा कोई प्रावधान नही है, जो दोषी पाए जाने पर किसी उम्मीदवार को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए प्रचार करने या राष्ट्रपति के रूप मे सेवाएं देने से रोकता हो, भले ही वह जेल से ही ऐसा करे। प्रतिनिधि सभा मे ट्रंप के खिलाफ दो बार महाभियोग चलाया गया था और उन्हें दोनो बार सीनेट ने बरी कर दिया था।

# भारत ने 2022-23 में सर्वाधिक रक्षा निर्यात किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने वित्त** वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक 15,920 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों (हार्डवेयर) का निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि को मेक इन इंडिया के प्रति उत्साह का परिणाम बताया।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के।,521 करोड़ रुपए के मुकाबले 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ट्वीट किया है, भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में अभी तक के सर्वाधित स्तर 15,920 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में हमारा रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। वहीं एक ट्वीट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस उपलब्धि को भारत की प्रतिभा और मेक इन इंडिया के प्रति उत्साह का नतीजा बताया है।

## ● 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपए पहुंचे : राजनाथ

प्रधानमंत्री ने कहा, यह दिखाता है कि क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों हुए सुधार के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। हमारी सरकार भारत को रक्षा उत्पाद का हब बनाने का समर्थन करती रहेगी। रक्षा मंत्रालय भारत, मुख्य रूप से ड्रोनियर-228 विमानों, 155 एमएम एडवांस्ड टोड आर्टिनरी गन्स (एटीएजी) (तोप), ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल सिस्टम्स, राडार, सिमुलेटर, माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल्स, आर्मर्ड व्हीकल्स, पिनाक रॉकेट और लॉन्चर, एम्युनिशन, थर्मल इमेजर, बॉडी आर्मर, सिस्टम, लाइन रिप्लेसिएबिल यूनिट्स और एवियॉनिक्स और स्मॉल आर्म्स के भाग और घटकों जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स का निर्यात करने पर ध्यान केन्द्रीत कर



रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दुनिया में एलसीए-तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर, एमआरओ गतिविधियों की मांग बढ़ रही है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। बढ़ता रक्षा निर्यात और एयरो इंडिया 2023 में 104 देशों की भागीदारी भारत की बढ़ती रक्षा निर्माण क्षमताओं का प्रमाण है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपए, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपए और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपए के सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया था। 2017-18 में देश का कुल रक्षा निर्यात 4,682 करोड़ रुपए और 2016-17 में।,521 करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार ने 2024-25 तक।,75,000 करोड़ रुपए के रक्षा हार्डवेयर के उत्पादन के साथ ही रक्षा निर्यात को 35,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने पिछले 5-6 वर्षों के दौरान कई नीतिगत पहल की हैं और सुधार किए हैं। ऑनलाइन निर्यात की व्यवस्था के साथ देरी को कम करने और कारोबारी सुगमता के साथ निर्यात प्रक्रियाओं को सरल और उद्योग के अनुकूल बना दिया गया है। बयान के अनुसार, सरकार ने प्रौद्योगिकी बड़े प्लेटफॉर्म्स और और उपकरणों के अंगों और घटकों के निर्याता हस्तांतरण के लिए तीन ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंग (ओजीईएल) अधिसूचित किए हैं। ओजीईएल एक बार में दिया जाने वाला निर्यात लाइसेंस है, जो ओजीईएल की वैधता के दौरान निर्यात अधिकार की मांग किए बिना ओजीईएल में उल्लिखित विशिष्ट वस्तुओं में से निर्दिष्ट वस्तुओं के निर्यात करने की अनुमति देता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विभिन्न देशों से प्राप्त निर्यात के अनुरोधों को वास्तविक समय के आधार पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत भारतीय रक्षा निर्यातकों तक पहुंचाया जाता है, ताकि वे निर्यात अवसरों पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सकें।



पटना पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते सुशील मोदी व अन्य भाजपा नेता

# दिल्ली में आग की घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देगी प. बंगाल सरकार : ममता

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** सरकार दिल्ली में आग लगने की घटना में मारे गए तीन लोगों के परिवार के सदस्यों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा देगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना में मारे गए तीन व्यक्ति पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। बनर्जी ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बनर्जी ने ट्वीट किया, 'दिल्ली में आग लगने की एक अत्यंत दुखद घटना में मालदा के तीन और उत्तर दिनाजपुर के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। पीड़ितों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा और सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। पश्चिम बंगाल के इन लोगों की दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक



घर में आग लगने से मौत हो गई थी। ए इस घर में किराएदार के तौर पर रहते थे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रततिपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शुभेंदु अधिकारी ने मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक घर में आग लगने से पश्चिम बंगाल के चार प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उनमें से कुछ दिल्ली में रिक्शा चलाते थे क्योंकि पश्चिम बंगाल में आजीविका के साधनों की कमी है।

## महाराष्ट्रः संभाजीनगर हिंसा मामले में चार और लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद दो दिनों में पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। . पुलिस ने झड़प में शामिल लोगों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आठ टीमों का गठन किया है। पुलिस ने कहा कि एक दिन पहले आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बुधवारऔर बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि किराडपुरा इलाके में राम मंदिर के पास दो गुटों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन लगभग 500 लोगों की भीड़ ने उसपर पथराव कर दिया और पेट्रोल से भरी बोतलें फेंकी। इस दौरान 10 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और प्लास्टिक की गोलियां दागीं।

# आज देश में इतिहास की सबसे नाकारा सरकार, महंगाई के लिए जिम्मेदारः राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महंगाई के विषय को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि इस समस्या लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है जो इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। उन्होंने यह दावा किया कि मौजूदा समय में विपक्ष और जनता से पूछे बिना मनमाने ढंग से फैसले हो रहे हैं जो तानाशाही की किताब का पहला पन्ना है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, महंगाई आज भारत की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। इसकी जम्मिेदार भारत के इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। दवाइयों की क़ीमतें इस साल फिर से चुप-चाप 11 प्रतिशत से जूयादा बढ़ा दी गईं हैंउ स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का खर्च आसमान छूता जा रहा है। उनका कहना है, ए सारे ज़रूरी खर्चे हैं, आम लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। जहां सरकार को इन्हे धीरे धीरे



निशुल्क करने की कोशिश करनी चहिए, वहीं वो उसे और महंगा करते जा रहे हैं। पर से बेरोज़गारी, सुस्त अर्थव्यवस्था के कारण नौकरीपेशा लोगों की आमदनी न बढ़ना, और उसके उपर महंगाई की मार, किस्तें बढ़ती जा रही हैं, कर्ज लेकर चुकाना और अपने घर के खर्चे चलाने की जद्दोजहद में हर परिवार की ज़िंदगी फंसी हुई है। उन्होंने दावा किया, मैं यूं हीं इन्हें जेबकतरी सरकार नहीं कहता। आपकी जेब काटी जा रही है, मगर कहीं इस बात की चर्चा नहीं है, न आपके पसंदीदा न्यूज़ चैनल पर, न ही किसी सरकारी घोषणा में। चर्चा हो रही होगी तो बस सांप्रदायिकता की, या फ़्रि झूठी कहानियां गढ़ी जा रही होंगी। राहुल गांधी ने कहा, यूपीआई ट्रांसफर पर भी सरचार्ज लगेगा, ए कभी आपने सोचा था, जब आपको डिजिटल भुगतान करने के लिए प्रेरित किया गया था?

## क्विक न्यूज

### राजस्थान : जमानत पर रिहा होते ही निलंबित अधिकारी दिव्या मित्तल अन्य मामले में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) की निलंबित अधिकारी दिव्या मित्तल को शनिवार को जमानत पर रिहा होते ही विशेष समूह (एसओजी) ने दोबारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि निलंबित अधिकारी दिव्या मित्तल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जनवरी मे दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप मे गिरफ्तार किया था। मिश्रा ने बताया कि मित्तल को शनिवार को जमानत पर रिहा किया लेकिन जैसी वह अजमेर जेल से बाहर आईं एसओजी ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया। मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मित्तल को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 59 (अधिकारी की कर्तव्य मे असफलता) के तहत गिरफ्तार किया गया है। मित्तल अजमेर मे एसओजी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप मे तैनात थी और एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक मामले की जांच कर रही थी।

### पर्यटन क्षेत्र में सामुदायिक भागीदारी इसके विकास के लिए महत्वपूर्ण : भारत के जी-20 समन्वयक शृंगला

**दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)।** भारत के जी-20 समन्वयक हर्षवर्धन शृंगला ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल मे चाय के बागानो मे पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की क्षमता है और पर्यटन के विकास के लिए इस क्षेत्र मे सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। शृंगला ने यहां जी-20 पर्यटन कार्य समूह की दूसरी बैठक से इतर पीटीआई-भाषा से यह भी कहा कि सम्मेलन के पहले दिन जलवायु परिवर्तन की चपेट मे आने वाले उत्तराखंड जैसे राज्यो पर काफी चर्चा हुई। उन्होने कहा, दीर्घकालिक पर्यटन और स्थानीय समुदायो को शामिल करने के मुद्दे पर हमने काफी चर्चा की। शृंगला ने सुझाव दिया कि इस क्षेत्र मे चाय बागान मे पर्यटन के आकर्षण का केंद्र बनने की क्षमता है और इसके विकास के लिए पर्यटन प्रक्रिया मे सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा, मुझे लगता है कि चाय उद्योग स्थिरता प्रदान करता है, क्योंकि चाय उद्योग के लिए जैव विविधता बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि देश के इस हिस्से मे संरक्षण महत्वपूर्ण है। पर्यटन कार्य समूह की दूसरी बैठक एक से तीन अप्रैल तक दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी मे आयोजित की जा रही है। बैठक मे 130 से अधिक प्रतिभागी जुटे है, जिनमे जी-20 के सदस्य देशो के प्रतिनिधि, आमंत्रित देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन, उद्योग भागीदार, राज्य पर्यटन अधिकारी और स्थानीय टूर ऑपरेटर शामिल है।

### प्रश्न पत्र लीक मामले में एसआईटी के समक्ष पेश हुए टीएसपीएससी के अधिकारी

**हैदराबाद।** प्रश्न पत्र लीक मामले मे तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) के सचिव और एक सदस्य गवाह के रूप मे शनिवार को राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुए। टीएसपीएससी के सचिव और सदस्य को नोटिस जारी कर आज एसआईटी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। इस बीच, विपक्षी दलो भाजपा, कांग्रेस और वाईएसआरटीपी ने शनिवार को प्रश्न पत्र लीक मामले मे बीआरएस सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास किया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति ने राज्य सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को पत्र लिखकर टीएसपीएससी द्वारा कराई गई ग्रुप-। की प्रारंभिक परीक्षा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ के प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओ की जांच करने की मांग की है।

### अध्यापकों के रैवयै से अचंभित हैं छात्र

**नई दिल्ली।** फिजिक्सवाला ने अपने यहां से गए अध्यापकों पर आरोप लगाया है कि वह संस्थान को बदनाम कर रह है। डिजिटल चीफसंयम बडोला ने कहा कि टीचर्स के जाने से हमे कोई एतराज नहीं है लेकिन जिस प्लेटफार्म पर आपने बच्चों को पढ़ाया आप उसे ही बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं जो गलत है। ये सभी शिक्षक विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक खिलवाड़ कर रहे। वेस्टब्रिज कैपिटल समर्थित अड्डा-247 यूट्यूब पर अपने एक चैनल संकल्प को शुरू करने के लिए वेस्टब्रिज कैपिटल समर्थित कंपनी फिजिक्सवाला के पांच शिक्षकों को जोड़ने के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च किए। अकेडमिक डायरेक्टर आदित्य आनंद और मनीष दुबे, नीट श्रेणी के प्रमुख तरुण कुमार, रसायन विज्ञान के प्रमुख सर्वेश दीक्षित और गणित के प्रोफेसर सिद्धार्थ मिश्रा ने यूट्यूब चैनल शुरू करने के लिए 3 मार्च को अलख पांडे के नेतृत्व वाली कंपनी का साथ छोड़ दिया। यह मामला तब सामने आया जब अक्टूबर 2022 में फिजिक्सवाला ने सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए प्रेपआनलाइन नामक मंच को खरीद लिया जो कि अड्डा247 का मुख्य व्यवसाय था। बडोला ने बताया कि फिजिक्सवाला की 20 फैकल्टी को पैसा ऑफर किया गया। कुछ टीचर्स जो फिजिक्सवाला छोड़कर नहीं गए उन्होंने यह जानकारी दी। यह सबकुछ एक साजिश के तहत किया जा रहा है । इन सभी टीचर्स को फिजिक्सवाला के नाम पर ही सफलता मिली है और ये फिजिक्सवाला को ही बदनाम करने और छात्रों को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे हैं। फिजिक्सवाला के मुख्य रणनीति अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने कहा हमारे कई शिक्षकों को लाखों,करोड़ों के ऑफर्स दिये जा रहे हैं।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 669 मामले सामने आए

**मुंबई।** महाराष्ट्र मे शनिवार को कोरोना वायरस के 669 मामले दर्ज किए गए, जिससे राज्य की कुल संक्रमितो की संख्या बढ़कर 81,44,780 हो गई जबकि मरने वालो की संख्या।,48,441 पर अपरिवर्तित रही। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को कोरोना वायरस के 425 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि बृहस्पतिवार को 694 मामले दर्ज किए गए थे। उन्होने बताया कि मुंबई महानगरीय क्षेत्र मे 347 मामले दर्ज किए गए। अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटो मे 435 मरीजो के ठीक होने के बाद संक्रमण से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 79,93,015 हो गई, जबकि राज्य मे सक्रिय मरीजों की संख्या 3,324 हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ो के अनुसार, राज्य मे मृत्यु दर 1.82 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटो मे 9,774 नमूनों की जांच की गई।

## छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस

**मुंबई।** ऑलकार्गो ग्रु प और भारत की प्रीमियर एक्सप्रेस लॉजिस्टिक एवं सप्लाई चेन से जुड़ी सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी गति लिमिटेड ने स्टूडेंट एक्सप्रेस सर्विस की शुरुआत की है। इस सर्विस को खास तौर पर छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टूडेंट एक्सप्रेस सर्विस के जरिए छात्र किफायती दर पर उपलब्धए तेजए विश्वसनीय और देशभर में फैले गति के लॉजिस्टिक सर्विस नेटवर्क के माध्यम से अपने सामान को किसी भी शहर में भेज सकते हैं। सरफेस ट्रांसपोर्टेशन मोड के लिए स्टूडेंट एक्सप्रेस सर्विस 825 रुपये के फ्लैट रेट पर अवेलेबल हैए वहींए गति एयर के लिए यह फीस 2100 रुपये है। ये फ्लैट रेट 20 किलोग्राम के सामान को एक जगह दूसरे ले जाने पर लागू होगा।

## राजस्थान में बीपीएल परिवारों को मिलेगा 500 रुपए में सिलेंडर

**जयपुर।** राजस्थान मे गरीबी रेखा के नीचे के (बीपीएल) एवं उज्ज्वला योजना मे शामिल परिवारो को अब 500 रुपए मे रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर योजना के तहत 750 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एक सरकारी बयान के अनुसार गहलोत की इस स्वीकृति से राज्य के 73 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियो को एक अप्रैल, 2023 से सस्ती दर पर प्रतिमाह एक सिलेंडर मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के परिवारो को प्रति गैस सिलेंडर 410 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

# राहुल गांधी को साजिश के तहत लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया : गहलोत

**भाषा।** जयपुराकोटा

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना एक साजिश का हिस्सा था, जो उनकी भारत जोड़ो यात्रा की भारी सफलता के बाद रची गई थी।

गहलोत ने गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर फिर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से घबराकर ही उनके निष्कासन का षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा कि इसके नतीजे भाजपा को भुगतने पड़ेंगे। गहलोत जयपुर में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को 2019 में मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी करने के मामले में सूरत की अदालत ने मानहानि का दोषी करार देते हुए दो



साल की सजा सुनाई थी जिसके बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। मुख्यमंत्री ने कोटा में भी आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कोटा से सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दबाव में थे और वह राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दे रहे थे। उन्होंने गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के मुद्दे पर कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक वैमनस्य और गरीब-अमीर के बीच बढ़ती खाई प्रमुख मुद्दे थे। कुछ लोग राहुल गांधी के व्यक्तित्व और भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से चिंतित थे और इसलिए उनके खिलाफ साजिश रची गहलोत ने कहा कि आजादी की लड़ाई में त्याग, बलिदान करने वाली कांग्रेस को भाजपा और आरएसएस से राष्ट्रीयता सीखने की जरूरत नहीं है। देश की आजादी में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने कहा, इन (भाजपा और आरएसएस) के नेताओं ने एक अंगुली तक नहीं कटवाई। ए हिंदुस्तान और राष्ट्रीयता की बात करते हैं ... हम राष्ट्रीयता इनसे सीखेंगे। जिन्होंने देश को आजाद करवाया, वे इनसे सीखेंगे कि राष्ट्रीयता क्या होती है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निष्कासन एवं सत्ता में वापसी करने का उदाहरण देते हुए गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के नतीजे इन लोगों को भुगतने पड़ेंगे।

# मंदिर हादसे के घायलों में एक आरोपी भी शामिल, बावड़ी में गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**इंदौर** के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन अचानक फर्श धंसने से बावड़ी में गिरे करीब 55 लोगों में इस मामले का एक आरोपी भी शामिल है और वह हादसे में घायल होने के बाद से एक निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जूनी इंदौर थाने के प्रभारी नीरज मेड़ा ने बताया कि पटेल नगर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी और सचिव मुरली कुमार सबनानी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। ट्रस्ट के दोनों पदाधिकारियों के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने बावड़ी पर छत डालकर बेहद असुरक्षित निर्माण कराया जिससे हुए हादसे के कारण 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने बताया, इंदौर नगर निगम ने ट्रस्ट को मंदिर परिसर का अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया था,लेकिन ट्रस्ट ने यह आदेश नहीं माना। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले का आरोपी सबनानी हादसे के वक्त मंदिर में मौजूद था और अन्य श्रद्धालुओं के साथ बावड़ी में गिर गया था। उन्होंने बताया कि सबनानी को अन्य घायलों के साथ भंवरकुआं क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे में सबनानी की पैर की हड्डी टूट गई है और इसका ऑपरेशन होना है। थाना प्रभारी के मुताबिक मामले के दूसरे आरोपी गलानी का एक अन्य हादसे में पहले ही पैर टूट चुका है और इस पर पट्टा चढ़वाने के बाद वह घर में है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम ने दावा किया कि मंदिर हादसे के दोनों आरोपी सत्तारूढ़ भाजपा के नजदीकी हैं।

# भारत ने वित्तवर्ष 2023 में कोयले के उत्पादन में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की

## ● कोयला मंत्री जोशी ने किया दावा

**भाषा** नई दिल्ली

**केंद्रीय कोयला** मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि भारत ने वित्तवर्ष 2022-23 में अपने कोयला उत्पादन में 98 करोड़ 22.1 लाख टन की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। मंत्री ने एक बयान में कहा, देश में कोयले का 98.2 करोड़ टन का कुल उत्पादन, वित्तवर्ष 2021-22 में उत्पादित 77 करोड़ 82.1 लाख टन से 14.65 प्रतिशत अधिक है। जोशी ने कहा, कोयला क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं रिकॉर्ड वृद्धि के लिए सभी कोयला योद्धाओं और अंशधारकों को बधाई देता हूं। कड़े लक्ष्यों के बावजूद, कोल इंडि लिमिटेड, एससीसीएल, निजी एवं वाणिज्यिक खानों ने वित्तवर्ष 2023 में 98.2 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2023 के अपने वित्तीय लक्ष्य को पार कर जबरदस्त काम किया है और 70 करोड़ 32 लाख टन कोयले का उत्पादन किया है, जो 2021-22 में 62 करोड़ 26.3 लाख टन से 12.94 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड ने एक साल पहले के छह करोड़ 50.2 लाख टन के मुकाबले इस बार छह करोड़ 71.4 लाख टन कोयले का उत्पादन किया, जिसमें 3.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। निजी और वाणिज्यिक खान उत्पादकों ने पिछले वित्तीय वर्ष में नौ करोड़ 5.6 लाख टन से 34.59 प्रतिशत अधिक 12 करोड़ 18.8 लाख टन कोयले का उत्पादन किया। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था के विकास में कोयला क्षेत्र का योगदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के उत्थान को शक्ति दे रहा है और हम देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करना जारी रखेंगे।

## कोलकाता के मेयो रोड पर बस पलटने से एक की मौत, 18 घायल

**भाषा।** कोलकाता

**मध्य कोलकाता** के मेयो रोड इलाके में शनिवार शाम एक बस के पलट जाने और मोटरसाइकिल से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मेटियाब्रज-हावड़ा मार्ग पर चल रही मिनीबस मेयो रोड-डफरिन रोड क्रॉसिंग की ओर जा रही थी, तभी यह दुर्घटना शाम करीब 4.40 बजे हुई। उन्होंने बताया कि बस के चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वह पलट गई और एक मोटरसाइकिल से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों का सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस उसकी पहचान करने और उसके परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

# आदिवासी रानी दुर्गावती से हमें सीख लेनी चाहिए कि राष्ट्र की रक्षा सर्वोपरि है : भागवत

**भाषा।** सतना (मप्र)

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आदिवासी रानी दुर्गावती की वीरता का महिमामंडन करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की रक्षा एवं सम्मान को सर्वोपरि रखा और कितने ही बार विदेशी आक्रांताओं को नाकों चने चबा दिए।

उन्होंने कहा, हमें रानी दुर्गावती के जीवन से सीख लेनी चाहिए और व्यक्तिगत छोटे स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए। भागवत ने सतना जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र मझगवां स्थित दीनदयाल शोध संस्थान के महर्षि वाल्मीकि परिसर में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, रानी दुर्गावती का शौर्य एवं पराक्रम प्रसिद्ध है। कितने ही



बार विदेशी आक्रांताओं को उन्होंने नाकों चने चबा दिए। घर के अंदर भेदिया नहीं होता तो वह कभी हारती नहीं। उनका स्मरण करते समय हम सबको यह सबक सीखनी चाहिए कि अपने छोटे स्वार्थों के कारण देश हित को धक्का लगाने की प्रवृत्ति हम लोगों में कभी न पनपे। इसकी हमको चिंता करनी पड़ेगी। भागवत ने आगे कहा, रानी दुर्गावती कभी भी दूसरों की वीरता के कारण नहीं हारी। उनके साथ विश्वासघात हुआ। किसके द्वारा हुआ? अपने लोगों द्वारा ही हुआ। उन्होंने कहा कि जो लोग 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा थे, उन्होंने रानी दुर्गावती के साहस और सर्वोच्च बलिदान से प्रेरणा ली। रानी दुर्गावती 1550 से 1564 तक तत्कालीन गोंडवाना साम्राज्य की शासक रही। उन्हें मुगलों के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा करने के लिए याद किया जाता है। अपनी सेना का नेतृत्व करते हुए उन्हें युद्ध के मैदान में मुगलों से लड़ते हुए चोटें आईं। उसे युद्ध के मैदान को छोड़ने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया और एक खंजर निकाला और 24 जून, 1564 को मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में खुद को मार डाला। रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों से जुड़ी अनेक हृदयस्पर्शी बातों को उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के विषय में उनकी शौर्य गाथा और उनके पराक्रम से सभी परिचित हैं। दीनदयाल शोध संस्थान के इस परिसर में उनकी प्रतिमा लगाने से उनकी छवि जनमानस में निरंतर उभरती रहेगी।

## अदालत ने धोखाधड़ी मामले में तीन बैंक कर्मियों को दोषी ठहराया

**मुंबई।** यहां की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी के लगभग 19 साल पुराने मामले में तीन बैंक कर्मियों को दोषी करार देते हुए कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी अर्थव्यवस्था को जबरदस्त नुकसान पहुंचाती है और देश के समग्र विकास को बाधित करती है। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश डी.पी. सिंगडे ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत देना बैंक के तीन अधिकारियों श्रीकांत पडाले, विजय नायर और वी राधाकृष्णन को दोषी करार दिया। अदालत ने इस मामले में 30 मार्च को फैसला सुनाया जिसकी प्रति शनिवार को उपलब्ध हुई। तीन बैंक कर्मियों के अलावा अदालत ने 49 वर्षीय नर्गिस दिवेंत्री को भी दोषी करार दिया और सभी को दो-दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक आरोपी अधिकारियों ने एक निजी व्यक्ति के साथ मिलकर धोखाधड़ी की आपराधिक साजिश रची।

# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का कमाल

● 50 रन से दिल्ली कैपिटल्स को हराया, लगाई जीत की हैट्रिक

● मेयर्स का अर्धशतक, वेड का धमाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एकबार फिर** लखनऊ जायंट्स के लड़कों ने दिल्ली कैपिटल्स को घुटने पर ला दिया। आईपीएल-16 के पहले मैच में लखनऊ ने दिल्ली को 50 रनों से हराकर अपने घरेलू मैदान पर जीत से आगाज किया। इस जीत के साथ कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ की यह लगातार तीसरी सफलता है। राजधानी के इकाना स्टेडियम पर हुए रोमांचक मैच में काइल मेयर्स (73 रन) के अर्धशतक के बाद मार्क वुड (14 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बड़ी जीत से अपना अभियान शुरु किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस तरह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की हैट्रिक भी लगाई। मेयर्स ने 14 रन के स्कोर पर खलील अहमद द्वारा मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए दो चौके और सात छक्के जड़ति अर्धशतकीय पारी खेली जिससे लखनऊ सुपर जायंट्स से धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान डेविड वॉर्नर की 56 रन (सात चौके) की जुझारू पारी भी दिल्ली कैपिटल्स को हार से नहीं बचा सकी। वुड के साथ रवि बिश्नोई (31 रन देकर दो विकेट) के झटकों से दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स ने वॉर्नर और पृथ्वी साव (12) की बदौलत दूसरे ओवर में जयदेव उनादकट पर 17 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की। पर पांचवें ओवर में वुड ने दिल्ली को दोहरे झटके दिए जिसमें उन्होंने साव के बाद अगली ही गेंद पर मिचेल मार्श को शून्य पर बोल्ड किया। इन दोहरे झटकों से टीम उबर नहीं सकी। चार ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर बिना विकेट गंवाए 40 रन था और पावरप्ले के खत्म होने के बाद यह दो विकेट पर 47 रन हो गया था। वुड ने अपने दूसरे ओवर की अंतिम गेंद में बाउंसर पर सरफराज खान के रूप में तीसरा विकेट लिया। इस बल्लेबाज ने अपरकट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद फाइन लेग पर कृष्णप्पा गौतम के हाथों में समां गई। वुड ने इस तरह अपने दो ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट झटके। दिल्ली कैपिटल्स का स्कोर 10 ओवर के बाद तीन विकेट पर 75 रन था और उसके सामने रनों का पहाड़ खड़ा था। वॉर्नर की मदद के लिए उतरे राइली रूसो (30 रन, तीन चौके, एक छक्का) ने अच्छा खेल दिखाया, पर उनकी 20 गेंद की पारी बिश्नोई ने समाप्त की।बिश्नोई ने फिर रोवमेन पॉवेल को अपना दूसरा शिकार बनाया। इम्पैक्ट प्लेयर अमन खान कोई इम्पैक्ट नहीं दिखा सके। आवेश खान ने उन्हें आउट करने के बाद इसी ओवर में वॉर्नर की पारी खत्म की। अब कोई उम्मीद नहीं बची थी। अक्षर पटेल ने 16 रन बनाए। वुड ने अंतिम ओवर में दो विकेट और चटकाए। जिससे वह 2023 आईपीएल सत्र में पांच विकेट झटकने वाले पहले गेंदबाज बने।इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी के दौरान छक्कों की भरमार रही। उसके बल्लेबाजों ने 16 छक्के और महज पांच चौके लगाए। मेयर्स के अलावा निकोलस पूरन ने 36 रन का योगदान दिया।

### स्कोरबोर्ड

**लखनऊसुपर जायंट्स** : राहुल का अक्षर पटेल बो सकारिया 08, मेयर्स बो अक्षर पटेल 73, हुड्डा का वार्नर बो कुलदीप 17, पंड्या नाबाद 15, स्टोइनिस का सरफराज बो खलील अहमद 12,पूरन का पृथ्वी साव बो खलील अहमद 36,बदोनी का सरफराज बो सकारिया 18,गौतम नाबाद 06,अतिरिक्त : 08,कुल : 20 ओवर मे छह विकेट पर 193 रन,**विकेट पतन** :1-19, 2-98, 3-100, 4-117, 5-165, 6-187,**गेंदबाजी** : अहमद 4-0-30-2,मुकेश 4-0-34-0,सकारिया 4-0-53-2,पटेल 4-0-38-1,यादव 4-0-35-1

**दिल्ली कैपिटल्स** :साव बो वुड 12,वॉर्नर का कृष्णाप्पा बो आवेश 56, मार्श बो वुड 00,सरफराज का कृष्णाप्पा बो वुड 04,रूसो का मेयर्स बो रवि बिश्नोई 30, पॉवेल पगबाधा बो रवि बिश्नोई 01,अमन का पूरन बो आवेदश 04, पटेल का सब मांकड़ बो वुड 16, यादव नाबाद 06, सकारिया का कृणाल बो वुड 04,कुमार नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 10,**कुल** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 143 रन,**विकेट पतन** :1-41, 2-41, 3-48, 4-86, 5-94, 6-112, 7-113, 8-139, 9-143,गेंदबाजी : मेयर्स1-0-7-0, उनादकट 3-0-39-0,गौतम 4-0-23-0, खान 4-0-29-2, वुड 4-0-14-5, बिश्नोई 4-0-31-2

## दाहिने घुटने में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो सकते हैं विलियमसन

भाषा। अहमदाबाद



**न्यूजीलैंड** के कप्तान केन विलियमसन का आईपीएल में मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के पहले मैच में दाहिने घुटने में चोट के कारण बाहर हो गए थे। 32 वर्ष के विलियमसन को फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी पता नहीं है लेकिन लगता है कि चोट मामूली नहीं है। विलियमसन को रूतुराज गायकवाड़ का छक्का बचाते हुए सीमारेखा के पास गिरने से चोट लगी। उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और फिर वह मैदान पर नहीं लौटे। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि विलियमसन का लीग में आगे खेल पाना मुश्किल है हालांकि उनकी चोट का आकलन जारी है। सूत्र ने कहा , विलियमसन को एसीएल सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है और शायद उन्हें अनिश्चितकाल के लिए क्रिकेट से दूर रहना पड़े। मैच जीतने के बाद गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा था , उन्हें घुटने में चोट लगी है लेकिन चोट की गंभीरता के बारे में मुझे पता नहीं है। और यह भी नहीं पता है कि इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा। मैने अभी उन्हें मैसेज भेजा है। उनका स्कैन कराया जा रहा है और इसके बाद ही हमें पता चल सकेगा। आकलैंड में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की चोट टीम के लिए करारा झटका है। हमें नहीं पता कि उसे कितनी गहरी चोट लगी है।

### पावरप्ले में लखनऊसुपर जायंट्स ने अच्छी गेंदबाजी की : वॉर्नर

**लखनऊ**। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मिली हार के बाद कहा कि लखनऊसुपर जायंट्स ने पावरप्ले मे बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वॉर्नर ने 50 रन की हार के बाद कहा, यह चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था। हमने तेज गेंदबाजो की बदौलत शुरु मे लय हासिल की थी। लेकिन उन्होंने (लखनऊ) ने पावरप्ले में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। खलील अहमद ने काइल मेयर्स (73 रन) का कैच छोड़ दिया था, जब वह 14 रन पर थे। वॉर्नर ने कहा, कोई भी कैच नही छोड़ना चाहता, लेकिन इसके बाद से लय थोड़ी उनकी ओर झुक गई। लेकिन लखनऊकी टीम ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इस पर 170 रन का स्कोर अच्छा था लेकिन उन्होने बेहतरीन बल्लेबाजी की। मेयर्स के अर्धशतक से लखनऊ सुपर जायंट्स से धीमी शुरूआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मार्कवुड (14 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से लखनऊने जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने कहा, वुड बेहतरीन गेंदबाज है और उसने अपनी प्रतिभा और अनुभव का नजारा आज पेश किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा, यह शानदार शुरूआत थी। हमे पिच के बारे मे ज्यादा नही पता था, अच्छी शुरुआत रही। हमने अच्छा स्कोर खड़ा किया जो इस पिच पर उम्मीद के स्कोर से 30 रन ज्यादा रहा। काइल मेयर्स ने आक्रामक बल्लेबाजी की और गेंदबाजो पर दबाव बनाया। उन्होने कहा, फिर वुड ने कमाल की गेंदबाजी की, यह किसी भी तेज गेंदबाज और टीम केलिए सपना होता है। पूरे गेंदबाजी ग्रुप ने अच्छा प्रदर्शन कर बल्लेबाजो पर दबाव बनाया।

### मैनी ने मेलबर्न में फॉर्मूला 2 में पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया

**मेलबर्न**। भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने कैम्पोस रेसिंग केलिए भाग लेते हुए शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित फॉर्मूला 2 रेस मे तीसरे स्थान पर रहकर पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया। उन्हे डैम्स के आर्थर लेक्लर्क से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय ड्राइवर से उनकी और बारिश की परेशानियो से उबरते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रिड पर मैनी ने पी3 से शुरूआत की और कई लैप तक अपने स्थान पर बने रहे जबकि लेक्लर्क ने कई बार उन पर दबाव बनाया और उन्हे पछाड़ा लेकिन भारतीय ड्राइवर ने अच्छी वापसी की। इसमे एक अन्य भारतीय जेहान दारूवाला एमपी मोटरस्पोर्ट के लिए ड्राइव कर रहे थे, लेकिन वह निराशाजनक 17वे स्थान पर रहे।

### आईपीएल के बाद सीधे एशेज खेलने जाएंगे आर्चर : काउंटी क्लब कोच

**लंदन**। इंग्लैड के तेज गेदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल मे खेलते हुए ही एशेज की तैयारी करते रहेंगे और आईपीएल के बाद सीधे आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला खेलने जाएंगे। उनके काउंटी क्लब ससेक्स के कोच ने यह जानकारी दी। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रास ने कहा कि आर्चर जून मे होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले लाल गेंद का क्रिकेट नही खेल सकेंगे। पहला एशेज टेस्ट 16 जून से एडबस्टन में शुरू होगा। कोहनी की चोट और कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर से उबरने के बाद आर्चर ने इस साल इंगलैड के लिए सात मैच खेले। फारब्रास ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा , इंग्लैड टीम की रणनीति यही है कि जोफ्रा आईपीएल मे खेलेंगे। अगर सब सही रहा तो वह आईपीएल से सीधे एशेज खेलने जाएंगे। आईपीएल फाइनल 28 मई को खेला जाएगा।

# पंजाब किंग्स की जीत में चमके राजपक्षे-अर्शदीप

● केकेआर को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हराया

भाषा। मोहाली





**भानुका राजपक्षे** के अर्धशतक और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। राजपक्षे (32 गेंदों पर 50 रन, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान शिखर धवन (29 गेंदों पर 40 रन, छह चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़कर अच्छा मंच सजाया। केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद रनों पर थोड़ा अंकुश लगाया लेकिन इसके बावजूद पंजाब की टीम पांच विकेट पर 191 रन बनाने में सफल रही। केकेआर ने इसके जवाब में 16 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाए थे कि तभी बारिश आ गई इसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया। केकेआर की तरफ से आंद्रे रसेल ने 35 और इंपैक्ट प्लेयर वेंकटेश अय्यर ने 34 रन बनाए। पंजाब के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। फ्लड लाइट खराब होने से केकेआर की पारी आधा घंटा देरी से शुरू हुई। इसके बाद अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में ही मनदीप सिंह (दो) और अनुकूल राय (चार) को अतिरिक्त उछाल लेती गेंदों पर आउट करके केकेआर की रणनीति गड़बड़ा दी। नाथन एलिस ने गेंद संभालते ही रहमानुल्लाह गुरबाज (16 गेंदों पर 22 रन, तीन चौके, एक छक्का) के तेवरों पर विराम लगाया। इस तरह से केकेआर ने पावरप्ले में तीन विकेट खोकर 46 रन बनाए। सिकंदर रजा ने कप्तान नितीश राणा (17 गेंदों पर 24 रन, तीन चौके, एक छक्का) को प्वाइंट पर कैच कराया और फिर राहुल चाहर की गेंद पर नए बल्लेबाज रिंकू सिंह (चार) का कैच लेकर केकेआर का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। इसके बाद रसेल और वेंकटेश ने छठे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रसेल ने करेन गेंद पर छक्का और चौका जड़ने के बाद शार्ट पिच गेंद पर एक विकेट पर खड़े रजा को कैच दे दिया। करेन के इस ओवर में हालांकि 18 रन बने जिसमें शार्दुल ठाकुर का छक्का भी शामिल है। रसेल ने अपनी 19 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। अर्शदीप ने अपने दूसरे स्पेल के पहले ओवर में ही वेंकटेश को आउट करके केकेआर की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया। जब बारिश के कारण खेल रोका गया तब ठाकुर आठ और सुनील नारायण सात रन पर खेल रहे थे। इससे पहले पंजाब ने सकारात्मक शुरुआत की और पावरप्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाए। प्रभसिमरन सिंह ने पहले दोनों ओवर खेले और टिम साउदी (54 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले 12 गेंदों पर दो चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर टीम के लिए अच्छा मंच तैयार किया। उमेश यादव (27 रन देकर एक) ने पारी के तीसरे ओवर में केवल एक रन दिया लेकिन राजपक्षे ने सुनील नारायण (40 रन देकर एक) का स्वागत दो चौकों और एक छक्के से करके हिसाब बराबर कर दिया। पावरप्ले के बाद शार्दुल ठाकुर (43 रन देकर कोई विकेट नहीं) पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था। केकेआर के कप्तान नितीश राणा ने पहले 10 ओवर में अपने सभी पांच गेंदबाजों को समान दो-दो ओवर करने को दिए लेकिन उमेश और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (26 रन देकर एक) को छोड़कर कोई भी रन प्रवाह पर अंकुश नहीं लगा पाया। पंजाब के कप्तान धवन ने इस बीच कुछ आकर्षक चौके लगाए जिससे उनकी टीम 10 ओवर में ही तिहरे अंक में पहुंच गई। राजपक्षे ने 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन उमेश की गेंद पर लंबा शॉट खेलने के प्रयास में वह इसके तुरंत बाद लॉन्ग ऑन पर कैच दे बैठे। उनकी जगह लेने के लिए क्रीज पर उतरे जितेश शर्मा (11 गेंदों पर 21 रन) का नारायण पर लगाया गया 97 मीटर लंबा छक्का आकर्षक था। उन्होंने साउदी पर भी छक्का लगाया लेकिन न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ने अगली गेंद पर उन्हें आसान कैच देने के लिए मजबूर किया। धवन का कप्तान के रूप में पहले अर्धशतक का इंतजार बढ़ गया। चक्रवर्ती ने उन्हें गच्चा देकर बोल्ड किया, जबकि नारायण ने 18वें ओवर में केवल तीन रन दिए और सिकंदर रजा (13 गेंदों पर 16 रन) को आउट किया। इसके बाद सैम करेन (17 गेंदों पर नाबाद 26) और शाहरुख खान (सात गेंदों पर नाबाद 11) ने स्कोर 190 रन के पार पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स** : प्रभसिमरन का रहमनुल्लाह गुरबाज बो साउदी 23,धवन बो वरूण चक्रवर्ती 40 ,राजपक्षे का रिकूसिंह बो उमेश यादव 50, शर्मा का यादव बो साउदी 21, रजा का राणा बो नारायण 16,करन नाबाद 26, खान नाबाद 11,**अतिरिक्त** : 04,**कुल** : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 191 रन,**विकेट पतन** :1-23, 2-109, 3-135, 4-143, 5-168,**गेंदबाजी** : उमेश 4-0-27-1,साउदी 4-0-54-2,सुनील 4-0-40-1,चक्रवर्ती 4-0-26-1, ठाकुर 4-0-43-0

**कोलकाता नाइट राइडर्स** : मनदीप का सैम करन बो अर्शदीप सिंह 02,गुरबाज बो नाथन एलिस 22 , रॉय का सिंकदर रजा बो अर्शदीप सिंह 04, अय्यर का राहुल चाहर बो अर्शदीप सिंह 34, राणा का राहुल चाहर बो सिंकदर रजा 24,सिंह का सिंकदर रजा बो राहुल चाहर 04,, रसेल का सिंकदर रजा बो करन 35,ठाकुर नाबाद 08,सुनील नारायण नाबाद 07,**अतिरिक्त** : 06,**कुल** : 16 ओवर मे सात विकेट पर 146 रन,**विकेट पतन** :1-13, 2-17, 3-29, 4-75, 5-80, 6-130, 7-138,**गेंदबाजी** : सैम 3-0-38-1,अर्शदीप 3-0-19-3,एलिस 3-0-27-1,रजा 3-0-25-1,धवन1-0-15-0,चाहर 2-0-12-1 ,बरार1-0-7-0

# मुंबई इंडियंस पर दबदबा कायम रखने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

भाषा। बेंगलुरू



**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर का इरादा रविवार को घरेलू मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर दबदबा बरकरार रखने का होगा। आईपीएल 2020 के बाद से आरसीबी ने मुंबई के खिलाफ पांच में से तीन मैच जीते हैं। अब तक आईपीएल नहीं जीत सकी आरसीबी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जीत के साथ आगाज करके घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने के मौके जरूर देना चाहेगी। देखना यह है कि रजत पाटीदार और जोश हेजलवुड जैसे खिलाड़ियों के बिना आरसीबी का प्रदर्शन कैसा रहता है चूंकि दोनों चोटों के कारण पहले हाफ में नहीं खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। पाटीदार ने पिछले साल आठ मैचों में 55 . 50 की औसत से 333 रन बनाए थे। उन्होंने पहले क्वालीफायर में किसी भी भारतीय बल्लेबाज के बल्ले से सबसे तेज शतक जड़ा था। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 20 मैचों में 20 विकेट लिए थे। आरसीबी को श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा का भी इंतजार करना होगा जो राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने न्यूजीलैंड में हैं। वह शुरूआती कुछ मैचों से बाहर रहेंगे।

### रोहित और आर्चर दोनों फिट : मुंबई इंडियंस कोच बाउचर

बेंगलुरु मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने पुष्टि की कि कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेदबाज जोफ्रा आर्चर रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरूआती मैच मे खेलने के लिए फिट है। अटकले लगाई जा रही थी कि रोहित हो सकता है कि टीम के शुरूआती मैच केलिए उपलब्ध नही हो क्योकि वह अहमदाबाद मे कप्तानो के फोटो शूट मे मौजूद नही थे। लेकिन बाउचर ने सभी अटकलो को खारिज कर दिया।बाउचर ने शनिवार को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हां, रोहित फिट है। उन्होने पिछले दो दिन ट्रेनिंग की है और वह खेलने के लिए शत प्रतिशत फिट है।

### इस लय में भारतीय क्रिक्ट के लिए कमाल कर सकता है रूतुराज : हार्दिक

**अहमदाबाद**। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के रूतुराज गायकवाड़ की 92 रन की पारी भले ही बेकार गई हो लेकिन विरोधी कप्तान हार्दिक पंड्या ने उनकी जबर्दस्त तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा। गायकवाड़ ने 50 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और नौ छक्के लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट पर 178 रन तक पहुंचाया। टाइटंस ने हालांकि चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। पंड्या ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , उसने कुछ ऐसे शॉट खेले जो बेहतरीन थे। वह अगर ऐसे ही खेलता रहा तो भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा। समय आने पर भारतीय क्रिकेट टीम उसके साथ होगी।

## सनराइजर्स के खिलाफ जीत के साथ आगाज करके पिछला प्रदर्शन दोहराने उतरेंगे रॉयल्स

भाषा। हैदराबाद



**पिछले** सत्र की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के इस सत्र में रविवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहला मैच खेलने उतरेगी तो उसका इरादा पिछले प्रदर्शन को दोहराने का होगा। संजू सैमसन की अगुवाई में रॉयल्स ने पिछले सत्र में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। उसके गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सर्वाधिक विकेट लेकर परपल कैप और बल्लेबाज जोस बटलर ने सबसे ज्यादा रन बनाकर आरेंज कैप अपने नाम की थी। बेहद संतुलित और मजबूत टीम होने के साथ रॉयल्स के पास चहल, रविचंद्रन अश्विन और आस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा के रूप में सबसे अच्छी स्पिन तिकड़ी भी है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों को लेग स्पिनर चहल से खास तौर पर बचना होगा जिसने 2022 सत्र में 27 विकेट लिए थे। दूसरी ओर अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके चार टेस्ट में 25 विकेट चटकाए हालांकि यह प्रारूप दीगर है। बटलर की अगुवाई में रॉयल्स की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है।

# मैड्रिड मास्टर्स : सिंधू साल में पहली बार फाइनल में



भाषा। मैड्रिड

**ओलंपिक** में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शनिवार को यहां सिंगापुर की एओ जिया मिन को सीधे गेम में हराकर साल में पहली बार किसी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने अपने से कम रैंकिंग वाली सिंगापुर के खिलाड़ी को महिला एकल के सेमीफाइनल में 24-22, 22-20 से हराया। इस जीत से मिन के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया है। पहले गेम में सिंधू एक समय 15-20 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया और सात गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में सिंधू शुरू में 1-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थी। विश्व में 33वें नंबर की मिन ने इसके बाद वापसी की और स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया। सिंधू के पास इसके बाद दो मैच प्वाइंट थे लेकिन मिन ने उन दोनों को ही बचा दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को जब तीसरा मैच प्वाइंट मिला तो उन्होंने उस पर जीत दर्ज करने में कोई गलती नहीं की। फाइनल में वह स्थानीय खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कैरोलिना मारिन और इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया तुनजुंग के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

### गायकवाड़ के शानदार छक्के जबर्दस्त टाइमिंग की देन : कुंबले

**अहमदाबाद**। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ के छक्के जड़ने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि यह इस बल्लेबाज की जबर्दस्त टाइमिंग की देन है। कुंबले ने आईपीएल के आधिकारिक प्रसारकों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , एक पारी में नौ छक्के लगाना अद्भुत है। उसके छक्के भी बेदाग थे। ऐसा नहीं है कि उसने बहुत जोर लगाने की कोशिश की। उसके छक्के जबर्दस्त टाइमिंग का नतीजा थे। भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने भी गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा , ऐसा लग रहा था कि रूतुराज गायकवाड़ किसी और ही विकेट पर खेल रहे थे। उसकी तकनीक काबिले तारीफ है। पटेल ने यह भी कहा कि गिल के फॉर्म को देखकर लग रहा है कि वह इस सत्र में 600 रन बनाएगा। उसने अपनी ख्याति के अनुरूप बल्लेबाजी की और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के फॉर्म को आईपीएल में कायम रखा।

## आईटीएफ मैसुरु ओपन :शशिकुमार-विष्णु वर्धन ने युगल खिताब जीता

भाषा। मैसुरु



**भारत** के मुकुंद शशिकुमार और विष्णु वर्धन ने शनिवार को यहां हमवतन बी रित्विक चौधरी और निक्की पूनाचा की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ शानदार जीत से आईटीएफ मैसुरु ओपन का युगल खिताब अपने नाम किया। मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में चौधरी और पूनाचा की जोड़ी को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। मैच के दौरान मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने सात ब्रेक प्वाइंट बचाए और दो मौकों को अंक में तब्दील कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने आस्ट्रेलिया के ब्लेक एलिस और यूक्रेन के व्लादिस्लाव ओरलोव की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर 6-4, 7-5 की उलटफेर भरी जीत से युगल के फाइनल में जगह बनाई थी। एकल वर्ग में भारतीय चुनौती एस डी प्रज्वल देव के सेमीफाइनल में हारने से समाप्त हो गई थी। प्रज्वल देव को ब्रिटेन के जॉर्ज लोफहागेन ने दो घंटे चले मुकाबले में 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। अब लोफहागेज का सामना आस्ट्रेलिया के आठवें वरीय ब्लेक एलिस से होगा जिन्होंने अमेरिका के ओलविर क्राफोर्ड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### सिनेर ने शीर्ष रैंकिंग वाले अलकाराज को हराया

**मियामी गार्डन्स**। दसवीं वरीयता प्राप्त इटली के जानिक सिनेर ने मियामी ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को 6- 7, 6- 4, 6-2 से हरा दिया। सिनेर ने इसके साथ ही अलकाराज के दस मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई। अब अलकाराज शीर्ष रैंकिंग भी नोवाक जोकोविच को गंवा देंगे। पिछले साल भी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे सिनेर का सामना अब रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने अब तक इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेले पांचों मैच जीते हैं।